वर्ष-31, अंक- 312, पृष्ठ-12 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
29 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक दो को

**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक 02 सितंबर को अपराह्न 02:30 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### एसीबी ने लेखापाल को किया गिरफ्तार

**गुमला।** एसीबी की टीम ने चैनपुर प्रखंड के प्रधान लेखापाल राजकुमार सहनी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। घटना गुरुवार की है। राजकुमार सहनी को करम टोली स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। सिसई के जन सेवक धनंजय प्रसाद ने एसीबी में शिकायत की थी। जिसके बाद एसीबी ने यह कार्रवाई की है।

### धनबाद में पूजा करने गईं पांच बच्चियां नदी में डूबीं, एक की मौत, एक लापता

**धनबाद।** धनबाद में दामोदर नदी में पांच बच्चियों के डूबने की दर्दनाक खबर सामने आई है। हादसे में एक बच्ची की जान चली गई है। तीन बच्चियों को बचा लिया गया है, जबकि एक अभी भी लापता है। वहीं एक लापता है। यह घटना झरिया के सुदामडीह थाना क्षेत्र के दामोदर नदी में हुई है। जानकारी के मुताबिक बच्चियां दामोदर नदी के बाई क्वार्टर स्थित छठ घाट पर पूजा की डाली लेकर स्नान करने गई थीं। अचानक नदी के तेज बहाव में बह गईं। बच्चियों के बहने की खबर मिलते ही घाट पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया और बच्चियों को बचाने के लिए आसपास मौजूद मछुआरे तुरंत नदी में कूद पड़े।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को 'भारत रत्न' देने की सिफारिश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव गुरुवार को मानसून सत्र के आखिरी दिन विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित हो गया। झारखंड सरकार के समाज कल्याण मंत्री दीपक बिरुआ ने सदन में शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि, शिबू सोरेन ने झारखंड आंदोलन के लिए अपना जीवन तमाम कर दिया। उनके संघर्ष से नया राज्य और नई पहचान मिली। मंत्री ने कहा कि 4 अगस्त को उनका निधन हो गया। प्रस्ताव करता हूं कि उन्हें भारत रत्न देने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाए। भारत रत्न के प्रस्ताव पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हम संकल्प के साथ हैं। उन्होंने मांग रखी कि झारखंड आंदोलन के प्रणेता और झारखंड आंदोलन की नींव रखने वाले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा और विनोद बिहारी महतो का नाम जरूर जोड़ें। वहीं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सुझाव दिया कि प्रस्ताव में यह बात जोड़ी जाए कि भारत की आजादी में आदिवासी समाज का बहुमूल्य योगदान है। शेष पेज 11 पर...




### झाविस की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र समाप्त हो गया. इसके साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लि स्थगित कर दी गई. मानसून सत्र में 324 प्रश्न स्वीकृत किए गए साथ ही सत्र के दौरान पांच विधेयक भी पास हुए. हालांकि सत्र काफी हंगामेदार रहा. सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने की।

### मुख्यमंत्री ने केंद्र को निशाने पर रखा, कहा

## कानून और संवैधानिक संस्थाएं इनकी जेब में है



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के अंतिम दिन सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार को बदनाम और हमारे कार्यों में व्यवधान डालने के लिए फंडिंग की जा रही है। जनता को सरकार के विरुद्ध खड़ा करने के लिए फंडिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह गिरोह पूरे देश में काम कर रहा है। रिम्स टू के नाम पर फिर राजनीतिक रोटी सेकी जा रही है। इससे पहले फ्लाई ओवर के विरोध में राजनीतिक दुकानें खोली गयी। लेकिन बरसात के इस मौसम में फ्लाई ओवर के लाभ से राजधानी की जनता वाकिफ हो गयी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का अपना उद्देश्य और राजनीतिक विचारधारा है। लेकिन ये अपने राजनीतिक उद्देश्य के लिए केवल सरकार को घेरने में ही लगे हैं। कई जगह सरकार के काम में अवरोध पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये इसके लिए कानून का भी सहारा लेते हैं। हालांकि कानून और संवैधानिक संस्थाएं इनकी जेब में है। लेकिन हम पूरी ताकत से सत्ता में हैं तो उस ताकत के अनुसार काम भी करेंगे। बावजूद इसके मुख्यमंत्री ने विपक्ष से सकारात्मक सहयोग का आह्वान भी किया। शेष पेज 11 पर...

## झारखंड के अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



नवीन मेल संवाददाता

**रांची (आईएएनएस)।** झारखंड सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और मधुपुर के विधायक हफीजुल हसन की तबीयत गुरुवार को अचानक बिगड़ गई। सांस लेने में परेशानी और बेचैनी की शिकायत के बाद उन्हें तत्काल रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों ने उनकी हालत को अभी स्थिर बताया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं अस्पताल पहुंचे और मंत्री हसन का हालचाल लिया। उनके साथ मंत्री इरफान अंसारी, विधायक दीपिका पांडेय, शिल्पी नेहा तिर्की, और संजय यादव सहित कई जनप्रतिनिधि भी अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी तरह उनके साथ खड़ी है। गौरतलब है कि मंत्री हफीजुल हसन की पिछले महीने 8 जुलाई को दिल्ली के मेदांता अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सुबह करीब 10 बजे हफीजुल हसन को सांस लेने में कठिनाई हुई। उन्हें अत्यधिक पसीना आ रहा था। इसके बाद उन्हें तुरंत पारस अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। डॉक्टरों की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में हृदय से जुड़ी कोई गंभीर समस्या सामने नहीं आई है। उनका सीटी स्कैन किया गया है, जिसमें फेफड़ों में हल्का संक्रमण और निमोनिया जैसे लक्षण पाए गए हैं। अंसारी ने बताया कि हाल ही में हुए हार्ट ऑपरेशन को देखते हुए डॉक्टरों ने एहतियातन विशेष निगरानी में रखा है। उन्होंने कहा, "स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। यह फूड एलर्जी और फेफड़ों में इंफेक्शन से जुड़ा मामला है। घबराने की कोई बात नहीं है, मंत्री जी खतरे से बाहर हैं और जल्द स्वस्थ हो जाएंगे।" अस्पताल परिसर में हफीजुल हसन के समर्थक और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में जुटे हुए हैं। सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

## गढ़वा में एनडीपीएस अधिनियम पर पुलिस अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

- एनसीबी रांची टीम ने जब्ती, भंडारण, नमूनाकरण व निपटान की प्रक्रिया पर दी विस्तृत जानकारी



**गढ़वा।** आज समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक सभागार कक्ष में पुलिस उप-महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र नौशाद आलम की अध्यक्षता में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस अधिनियम) से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन रांची से आई नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी थाना से चयनित प्रत्येक पुलिस पदाधिकारी (पुअनि स्तर) को एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं, नियमों और अनुसंधान की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा गिरफ्तारी व तलाशी की विधि, प्रकरण संपत्ति के संरक्षण, अभियुक्तों के अधिकार, तथा निष्पक्ष व पारदर्शी विवेचना पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। साथ ही, नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु आधुनिक तकनीकी उपायों और कानूनी प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी गई। डीआईजी नौशाद आलम ने बताया कि एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी प्रकार की लापरवाही एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आती है, अतः पुलिस को पूरी सतर्कता व विधिक प्रक्रिया के अनुसार कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गढ़वा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (गढ़वा, रंका व श्री बंशीधर नगर), परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक, तथा जिले के सभी पुलिस निरीक्षक उपस्थित रहे।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### जन धन योजना के 11 साल पूरे : पीएम मोदी बोले

## लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति मिली

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** 11 साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को यह वादा दिया था कि कोई भी गरीब परिवार बैंकिंग की दुनिया से बाहर नहीं रहेगा। इसी दिशा में 'जन धन' योजना (पीएमजेडीवाई) के रूप में एक परिवर्तनकारी पहल की शुरुआत हुई। यह योजना भारत के वित्तीय क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लेकर आई। 'जन धन' योजना की 11वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'जन धन' योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएमजेडीवाई ने वित्तीय समावेशन को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर लोगों को गौरवान्वित किया है। 'माय गवर्नमेंट इंडिया' की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने लिखा, "जब अंतिम व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ा होता है, तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री जनधन योजना ने ठीक यही हासिल किया। इसने सम्मान



बढ़ाया और लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी। प्रधानमंत्री मोदी ने 28 अगस्त 2014 को 'जन धन' योजना की शुरुआत की थी, जो दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल साबित हुई। इससे गरीब और वंचित लोगों की बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित हुई। वित्त मंत्रालय के अनुसार, 13 अगस्त 2025 तक देशभर में 56.16 करोड़ पीएमजेडीवाई खाते खुले। इसमें 55.7 प्रतिशत (31.31 करोड़) जन-धन खाताधारक महिलाएं हैं, जबकि 66.7 प्रतिशत (37.48 करोड़) जन-धन खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं। यही नहीं, 'जन धन' योजना (पीएमजेडीवाई) खातों में कुल जमा राशि 2,67,756 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। जहां खातों की संख्या तीन गुना बढ़ी, वहीं कुल जमा राशि में लगभग 12 गुना वृद्धि हुई है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, 13 अगस्त 2025 तक प्रति खाता औसत जमा राशि 4,768 रुपए है। अगस्त 2015 की तुलना में प्रति खाता औसत जमा राशि में 3.7 गुना वृद्धि हुई। इसके अलावा, पीएमजेडीवाई खाताधारकों को 38.68 करोड़ रुपे कार्ड जारी किए गए। योजना के 11 साल पूरे होने पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने अपने संदेश में कहा कि वित्तीय समावेशन आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख चालक है। बैंक खातों तक सार्वभौमिक पहुंच गरीबों और वंचित वर्ग के लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से भाग लेने और इसके अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है।

### आज / कल




## विधायक अनंत प्रताप देव ने की श्री वंशीधर को अलग जिला बनाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा से तृतीय मानसून पूरक सत्र के अंतिम दिन माननीय भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से श्री बंशीधर नगरऊंटारी को अलग जिला बनाने की मांग सदन में अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो के समक्ष रखी। माननीय विधायक अनंत प्रताप देव के अस्वस्थ होने के कारण सदन में अनुपस्थित होने के कारण यह मामला सिल्ली विधायक अमित कुमार ने आसान के समक्ष रखा। जवाब ने माननीय प्रभारी मंत्री दीपक बीरूआ ने कहा कि जिला उपयुक्त और प्रमंडलीय आयुक्त के प्रस्ताव प्राप्त होने पर अलग जिला बनाने की मांग पर सकारात्मक विचार होगा। आसान से अध्यक्ष महोदय ने बंशीधर नगरऊंटारी को अलग जिला संबंधित प्रस्ताव की अनुशंसा जिला उपायुक्त और प्रमंडलीय आयुक्त के माध्यम से मंगवाने का निर्देश सरकार और प्रभारी मंत्री जी को दिया।

## मंत्रियों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले मामले में एक युवक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को बम से उड़ाने की धमकी दिये जाने संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गिरिडीह पुलिस सक्रिय हुई और युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि युवक को बिहार से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि बुधवार को सोशल मीडिया पर गिरिडीह के बाभनटोली - राजेंद्र नगर के रहने वाले एक युवक अंकित कुमार मिश्रा का वीडियो सामने आया था। इसमें युवक ने मंत्री सुदिव्य कुमार और मंत्री इरफान अंसारी को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो एसपी डॉ बिमल कुमार ने तुरन्त इसे गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया। टीम को आरोपित युवक का लोकेशन बिहार मिला। इसके बाद साइबर डीएसपी के साथ साइबर थानेदार और टेक्निकल टीम पटना पहुंची जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। गिरिडीह के एसपी डॉ बिमल कुमार ने युवक की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगे जांच चल रही है। प्रथम दृष्टया ऐसा नहीं लगता है कि इन युवाओं का संबंध किसी बड़े गैंगस्टर से है। युवक के खिलाफ गिरिडीह नगर थाने में मारपीट का पूर्व में भी एक मामला दर्ज है।

### बिहार में नेपाल बॉर्डर से तीन पाकिस्तानी घुसे

## सूचना देने वालों के लिए 50 हजार रुपए इनाम की घोषणा



**मोतिहारी (आईएएनएस)।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस अलर्ट पर है। जिले में नेपाल बॉर्डर से तीन पाकिस्तानी संदिग्धों के घुसने की खबर के बाद पूर्वी चंपारण पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। इन तीनों संदिग्धों की सूचना देने वालों को 50 हजार रुपए इनाम दिए जाने की भी घोषणा की गई है। पुलिस ने इन तीनों संदिग्धों की तस्वीर भी जारी की है। तीनों संदिग्धों में पहला हसनैन अली है, जो रावलपिंडी (पाकिस्तान) का निवासी बताया गया, जबकि दूसरा आदिल हुसैन उमरकोट (पाकिस्तान) का निवासी है। तीसरा संदिग्ध मोहम्मद उस्मान बताया गया, जो बहावलपुर (पाकिस्तान) का निवासी बताया जा रहा है।

पूर्वी चंपारण पुलिस के मुताबिक, नेपाल के रास्ते बिहार में तीन पाकिस्तानी आतंकी घुसे हैं। बताया जा रहा है कि बिहार में घुसे तीनों संदिग्ध आतंकी संगठन से संबंध रखते हैं। मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए विशेष नंबर जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलने पर तुरंत नजदीकी थाने को सूचना दें या फिर 112 पर कॉल करें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उनके मोबाइल नंबर पर भी आम लोग सूचना दे सकते हैं।

नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। होटल, लॉज और किराए के मकानों की भी जांच करने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीमा क्षेत्रों में वाहनों की भी जांच की जा रही है। इसके अलावा पुलिस ने आम नागरिकों से भी संदिग्धों को पकड़ने के लिए मदद मांगी है। वहीं, सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस ने अपनी गतिविधि बढ़ा दी है।

### इंडिया

## अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाते खिलाड़ी भविष्य को लेकर चिंतित



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

एक समय था जब रांची शहर का परिचय देने पर लोग करांची समझते थे पर जमशेदपुर को टाटा कंपनी के कारण जानते थे और आज धोनी के कारण रांची और झारखंड कि वैश्विक पहचान बनी है। बांस की स्टिक से खेलकर भी झारखंड खेलों की नर्सरी रही है जिसने अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से इसकी पहचान बदली है जयपाल सिंह हॉकी टीम के कप्तान थे और 1928 के एम्स्टर्डम ओलंपिक खेलों में भारत ने पहला स्वर्ण पदक जीता था। महेंद्र सिंह धोनी जो भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाज हैं और जिन्होंने 2 अप्रैल 2011 को भारतीय क्रिकेट टीम को आइसीसी क्रिकेट विश्व कप का गौरव दिलाया, जिससे पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव द्वारा 1983 में इंग्लैंड के लॉर्ड्स में हासिल की गई उपलब्धि को दोहराने में 28 साल लग गए थे । झारखंड के एक और उभरते हुए क्रिकेटर हैं वरुण आरोन, भारत के सबसे तेज गेंदबाज इनके अलावा ओलंपियन परिवार वाले विमल लकड़ा की बहन अशुंता लकड़ा भारतीय महिला हॉकी की कप्तान थीं। झारखंड के खूंटी जिले के हेसेल गांव ने दिए 26 राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और स्टेट लेवल के खिलाड़ी जहां की हैं दो बार की ओलंपियन निक्की प्रधान। उन्हें जयपाल सिंह मुंडा (1928), माइकल किडो (1972), सिल्वेनस डुंगडुंग (1980), अजीत लकड़ा (1992) और मनोहर टोपनो (1984) के समकक्ष बताया जाता है । सलीमा टेटे ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में मिडफ़ील्ड में अपनी तेज़ी से सभी को प्रभावित किया। दीपिका कुमारी तीरंदाजी में प्रतिस्पर्धा करने वाली एक युवा एथलीट हैं। उन्होंने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में महिला व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में महिला व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। विश्व में दूसरे स्थान पर हैं। प्रेमलता अग्रवाल 48 वर्ष की आयु में दुनिया की सात सबसे ऊँची पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला हैं। लक्ष्मी पाडिया 9वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप रहीं। कॉमन वेल्थ मेडलिस्ट रूपा रानी तिर्की और लवली चौबे के शानदार खेल की बदौलत एशियाई लॉन बॉल चैंपियनशिप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था । झारखंड में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार करोड़ों खर्च कर रही है। इसके बावजूद कई खेलों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन जीरो है। उन खेलों को सरकार की ओर से अच्छा खासा अनुदान मिलता है। फुटबॉल, हॉकी (पुरुष), एथलेटिक्स जैसे खेलों पर सरकार सालाना लाखों खर्च कर रही है। पर इनमें प्रदर्शन लगभग शून्य है। कुछ खेलों को छोड़ दें, तो ज्यादातर खेलों में खिलाड़ी नेशनल गेम्स में भी मेडल नहीं दिला पा रहे हैं। राज्य में महिला हॉकी की स्थिति कुछ हद तक ठीक है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष हॉकी की भागीदारी नगण्य है। यही हाल फुटबॉल का भी है। राज्य को उन खेलों में मेडल मिल रहे हैं, जिनमें सरकार की कोई भागीदारी नहीं है। लॉन बॉल, तीरंदाजी, वुशु, मॉडर्न पेंटाथलॉन जैसे खेलों को सरकार अनुदान नहीं देती पर इन खेलों में प्रदर्शन अन्य खेलों की अपेक्षा बेहतर है। सरकार द्वारा खेल सेंटरों व खिलाड़ियों को तैयार करने में किये जा रहे खर्च पर सरकार सालाना 20.39 करोड़ रु खर्च कर रही है। पूरे राज्य में 108 डे-बोर्डिंग सेंटर हैं, जहां कुल 2700 खिलाड़ी हैं। प्रत्येक खिलाड़ी को सरकार की तरफ से 6000 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है। पर खेलों को करियर बनाने से खिलाड़ी हिचकते हैं क्योंकि अनेक खिलाड़ियों को मजबूरी में पूर्व में मजदूरी तक करनी पड़ी इस दिशा में ध्यान देने की जरुरत है। झारखंड को अलग राज्य बने 25 साल हो चुके हैं, लेकिन इस अवधि में केवल 44 खिलाड़ियों को ही सरकारी नौकरी मिली है, जिनमें से अधिकांश को सिपाही जैसे निचले पदों पर नियुक्त किया गया। कुछ बड़े खिलाड़ियों को रेलवे, एयर इंडिया,पुलिस के अलावा अन्य विभागों में अच्छे पद मिले हैं पर संख्या गिनती की है।



# अतिक्रमण के कारण हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में रोज लग रहा जाम

● शहरवासियों को आखिर कब मिलेगी जाम से निजात

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के मुख्य बाजार जयप्रकाश चौक से अंबेडकर चौक तक प्रतिदिन ठेला, टेंपो व बड़े-बड़े वाहनों के लगने से जाम लगे रहता है। इस संबंध में कई बार स्थानीय लोगों ने हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी व नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर जाम से निजात दिलाने की मांग की है। लेकिन अब तक स्थानीय लोगों को जाम से निजात नहीं मिल सका हैं। आमजनों का कहना है कि प्रतिदिन कुछ ठेला व बड़े-बड़े वाहनों को बाजार क्षेत्र में सड़क पर ही लगाकर सब्जी उतारा जाता है। लोगों ने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो शहर के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि सबसे अधिक परेशानी एसबीआई बैंक में आने जाने वाले लोगों को हो रही है। अंबेडकर चौक से एसबीआई बैंक तक चारों तरफ सब्जी बेचने वाले लोगों के अलावा स्थानीय दुकानदार अपने अपने दुकान के बाहर अतिक्रमण कर लोगों को बेवजह परेशान कर रहे हैं।मालूम हो कि यह स्थिति हुसैनाबाद मुख्य बाजार के अलावा जपला छतरपुर मुख्य पथ, हैदरनगर जपला मुख्य पथ पर काफी संख्या में मुख्य सड़क पर ही टेंपो लगाकर लोगों को परेशान किया जा रहा है।

### दुर्घटना से नहीं किया जा सकता है इनकार

फ्लाईओवर से उतरने पर दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि सड़क पर ही छोटे बड़े वाहन लगाकर सवारी बैठाने के चक्कर में वाहन आगे पीछे करते समय कई बार बाइक मे टक्कर हो गई हैं, जबकि वहां वाहन लगना नहीं चाहिए। परंतु यहां प्रशासन व भय समाप्त हो चुका है। कहने पर लोग झगड़े पर उतारू हो जाते है। बताया जाता है कि जब प्रशासन को परेशानी होती हैं तो एक दिन अभियान चलाया जाता हैं और पुन: फिर वहीं स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। लोगों का कहना है कि एसडीओ व एसडीपीओ के संयुक्त आदेश पर जेपी चौक के समीप सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक नो इंट्री का बोर्ड लगाया गया था, परंतु फ्लाईओवर बनने समय बोर्ड को हटा दिया गया था, उसके बाद दूसरी बार यहां बोर्ड नहीं लगाया गया और ना ही उसका पालन किया जा रहा है, जिसके कारण आये दिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

## लाइसेंसधारक रिटेलर दुकान से 200 बैग उर्वरक बिके



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय बाजार क्षेत्र के लाइसेंसधारक रिटेलर दुकान से गुरुवार को इफको यूरिया उर्वरक किसानों को बेचा गया। जबकि किसी पैक्स में उर्वरक की खेप अभी तक नहीं पहुंची है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया दैनिक बाजार क्षेत्र के 4 रिटेलर को 50-50 बैग उर्वरक आवंटित किए गए थे। जिसे उन्होंने ई-पॉश मशीन के माध्यम से किसानों को बेच दिए। उर्वरक के इन दुकानों में पहुंचने की खबर मिलते ही किसानों ने खरीदारी कर ली। इससे रिटेलर की दुकान का स्टॉक शून्य हो गया है। जबकि किसानों के उर्वरक की जरूरत अभी पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि संभवतः शुक्रवार को पैक्स के माध्यम से किसानों को उर्वरक खरीदने का मौका मिलेगा। इसकी खेप गुरुवार की देर रात तक पहुंचने की जानकारी प्राप्त हुई। इसमें प्रखंड के सभी पैक्स को 140-140 कुल 560 बैग उर्वरक उपलब्ध कराई जानी है। लेकिन, किसानों के उर्वरक की जरूरत इतने भर से भी पूरी होने वाली नहीं है। उन्होंने उर्वरक की इस खेप के बाद तत्काल अगला आवंटन उपलब्ध कराए जाने की जरूरत पर बल दिया है।

### मोहम्मदगंज में अवैध रूप से चल रहे हैं कई क्लिनिक

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में एक भी वैध क्लिनिक नहीं हैं। हाल में सिविल सर्जन कार्यालय से जारी वैध क्लिनिक की सूची में इस प्रखंड खासकर मुख्यालय क्षेत्र में किसी भी वैध क्लिनिक का नाम नहीं हैं। इसकी पुष्टि आधिकारिक तौर पर भी की गई है। जबकि लोगों का कहना है कि इस प्रखंड में आधा दर्जन से अधिक क्लिनिक संचालित हैं। जहां सर्जरी और डिलिवरी तक कराई जाती है। ऐसी स्थिति में कभी कभी-कभार मौत के मामले भी सामने आते रहते हैं। बता दें कि सिविल सर्जन ने अवैध चिकित्सकीय कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए प्रखंडवार सूची जारी करते हुए कहा है इसमें संलिप्त लोगों के साथ ही इसमें इलाज कराने वाले भी दोषी होंगे। अब देखने वाली बात होगी कि इस प्रखंड में संचालित अवैध क्लिनिक के खिलाफ कार्रवाई होती है या नहीं।

## तीन बाइक चारे गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांडू।** थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी कांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस को लिखित सूचना मिली थी कि कुछ युवक चोरी की मोटरसाइकिल छिपाकर रखे हुए हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई और तीन युवकों को दबोचा गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान आनंद कुमार (उम्र 23 वर्ष), पिता नंदू राम, निवासी ग्राम मुसीखाप,अवधेश माली (उम्र 20 वर्ष), पिता अकलू माली, निवासी ग्राम कजरूखुर्द, अनीस रवि (उम्र 18 वर्ष), पिता विफन राम, निवासी ग्राम पिपरी (मुरुमातु) पुलिस ने इनके कब्जे से हीरो एचडी डीलक्स बरामद की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों ने मुरुमातु गांव में मछली मारने का बहाना बनाकर बाइक चोरी की।

पहले उसे धकेलते हुए हिसरा (पांडू) तक लाए, फिर सीधे चालूकर मुसीखाप पहुंचाया और वहां छिपाकर अपने-अपने घर चले गए। थाना प्रभारी विगेश कुमार राय ने कहा कि सूचना मिलते ही छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार किया गया। चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई है। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में सअनि रंजन कुमार सिंह, बृज किशोर कुमार और थाना रिजर्व गार्ड भी शामिल थे।

## जय श्रीराम व वंदे मातरम के नारों से गूंजा हैदरनगर क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में हरिनगर (हैदरनगर) प्रखंड के परता पंचायत में पूरे जोश और उल्लास के साथ पलामू जिला मिलन प्रमुख अभिराज जी के नेतृत्व में स्थापना दिवस मनाया गया। इसी मौके पर गुरुवार को परता ग्राम स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद ने परता पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार जी को और इस पंचायत का संयोजक अंकित पांडेय जी को बनाया गया है। संपूर्ण कार्यक्रम हरिनगर प्रखंड के संयोजक विवेक दूबे जी के नेतृत्व में संपन्न कराया गया है। उन्होंने इस दौरान समस्त कार्यकर्ताओं के साथ घंटों जय श्री राम, वंदे भारत आदि नारों को गुंजायमान किया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला मिलन प्रमुख अविराज जी के अलावे हरिनगर प्रखंड मिलन केंद्र प्रमुख हरि ओम जी, प्रखंड सत्संग प्रमुख पिंटू सोनी जी, पंचायत कार्यकर्ता, श्रवण जी, अंकित जी, सिंटू जी, वरुण जी, अभिमन्यु जी, बजरंगी जी, शैलेन्द्र जी, शुभम जी, राहुल जी, दिनकर जी, अनुराग जी सहित परता पंचायत के 37 कार्यकतार्ओं ने भाग लेकर संगठन व नीति के प्रति अटूट विश्वास के आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## लंगरकोट मुख्य मार्ग पर मकान बनाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

● भूमि उपसमाहर्ता व सीओ को दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** गुरुवार को हुसैनाबाद प्रखंड के लंगरकोट गांव में पिसीसी मुख्य मार्ग के मौजा लंगरकोट प्लौट संख्या 13-18 पर मकान मालिक राज कुमार साव व पुत्र जीतेन्द्र कुमार साव द्वारा नव निर्मित मकान बनाये जाने को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वहीं सैकड़ों से अधिक ग्रामीणों ने मकान अतिक्रमण को लेकर हुसैनाबाद के भूमि उप समाहर्ता गौरांग महतो एवं हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार को अतिक्रमण हटाने को लेकर आवेदन सौंपा हैं, वहीं ग्रामीणों को कहना है कि मकान मालिक राज कुमार साव व पुत्र जीतेन्द्र कुमार साव ने जबरन महापुरुष व लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल गेट एवं मुख्य मार्ग पर पका मकान बनाया जा रहा है, गेट से दीवाल सटाकर बनाया गया है। जिससे भविष्य मे आने वाले समय में सभी को परेशानियो का सामना करना पड़ेगा। वहीं ग्रामीण को विरोध करने पर मकान मालिक द्वारा कहा जाता है कि आप लोग को जहां जाना है, जा सकते हैं, मेरा कोई कुछ नहीं बिगड़ सकता हैं। मौके पर सोनू कुमार पटेल, बब्लू कुमार पटेल , सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता, मिथिलेश कुमार पासवान, शिवपूजन चौधरी, रामचन्द्र चौधरी, संजय कुमार चौधरी, अजित कुमार शर्मा, विकास कुमार, विनोद कुमार चौधरी, कन्हाई चौधरी, गुप्तेश्वर शर्मा, अर्जुन सिंह, विजय कुमार सिंह, जदुनदन चौधरी, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार चौधरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भीमबराज पुल से कूदी महिला को ग्रामीणों ने बचाया

**नवीन मेल संवादाता**



**मोहम्मदगंज।** भीमबराज पुल से एक महिला के छलांग लगाने के बाद काफी मशक्कत से उसे बाहर निकाला गया। ग्रामीण व युवा प्रमोद कुमार मेहता, विनोद मेहता, दिनेश चौधरी और ललन चौधरी ने सराहनीय और अनुकरणीय उदाहरण पेश किए हैं। लोग उनकी साहस और उपकार को दाद दे रहे हैं। महिला की पहचान कांडी (गढवा) थाना क्षेत्र के शिवपुर निवासी राजू पासवान की पत्नी प्रभा देवी (50) के रूप में हुई है। इस घटना की सूचना प्राप्त होने पर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने सदलबल पुलिस वाहन से ही ले जाकर उसे अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच (मेदिनीनगर) रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि गृह कलह की वजह से महिला ने भीमबराज पुल से छलांग लगाकर आत्महत्या की कोशिश की थी। जिसे कोयल नदी की तेज धारा में उतरकर करीब एक किलोमीटर तक तैरते हुए उस तक पहुंच उसको बाहर निकालने में उक्त ग्रामीण कामयाब हुए थे। लोगों ने इन उत्साही ग्रामीणों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने की जरूरत बाताया है। जिससे भीमबराज और कोयल नदी में इस तरह की घटना के दौरान डूबते को तिनका का सहारा बनने के लिए और अन्य ग्रामीण व युवा भी प्रेरित हो सकेंगे।

### स्वास्थ्यकर्मियों को दी गयी आग से बचाव की जानकारी

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में अग्निशमन विभाग की ओर से मॉकड्रिल के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर ऑफिसर अशोक कुमार सिंह ने कर्मियों को बताया कि आग मुख्य रूप से चार प्रकार की होती है और प्रत्येक स्थिति में उसे बुझाने के अलग-अलग तरीके होते हैं। उन्होंने कहा कि अग्निशमन यंत्र, बालू, पानी, कार्बन डाइऑक्साइड गैस और घरेलू उपायों का प्रयोग कर आग पर काबू पाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने बताया कि आमजन को आग से बचाव की जानकारी होना बेहद जरूरी है, क्योंकि आग की घटनाएं कहीं भी और कभी भी घट सकती हैं। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं चिकित्सा कर्मियों के अलावा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार रवि, विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रेममणि सुधांशु, प्रखंड लेखा प्रबंधक, सुनम कुमारी, अल्का कुमारी, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

## एक सप्ताह में ही जल गए ट्रांसफॉर्मर ग्रामीणों ने गुणवक्ता पर उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**



छतरपुर (पालम) । छतरपुर प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाकों के कई इलाकों के लोग उमस भरी बरसात में बिजली के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं। कारण है समय पर इलाके में खराब पड़े ट्रांसफार्मर का नहीं बदला जाना और अगर कहीं ट्रांसफार्मर बदले भी जा रहे हैं तो वे इतने घटिया क्वालिटी के हैं कि कहीं तो एक दिन और कहीं एक हफ्ता भी नहीं ठीक से चल पा रहे हैं। इसके कारण लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है बाकी लोग गर्मी से हलकान हैं सो अलग है। सूत्र बताते हैं कि मेदिनीनगर स्थित ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्लू) में से ही घटिया क्वालिटी के ट्रांसफार्मर की आपूर्ति की जा रही है जिसके कारण ट्रांसफार्मर जल्दी जल जा रहे हैं।इस मामले में इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमुन ने बिजली विभाग को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि अगर विभाग ने संबंधित जगहों पर शीघ्र ही ट्रांसफार्मर नहीं लगाया तो वे शहरी और ग्रामीण इलाके के लोगों के साथ आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। अरविंद ने कहा कि छतरपुर के भगवान टोला, कंचनपुर, दिनादाग में दो बार, लोहराही, बैरियाडीह, पटखाही खैरादोहर, नौडीहा बाजार के धनुडीह आदि जगहों पर ट्रांसफार्मर लगाए गए थे लेकिन जो ट्रांसफर में लगाए गए थे उनकी गुणत्ता निम्नस्तरीय थी जो लगाने के साथ ही कुछ ही दिन और हफ्तों में जल गए। जिसके कारण लोग भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। अरविंद ने कहा की विभाग को जवाबदेही और संवेदनशीलता के इस दिशा में काम करना चाहिए, क्योंकि लोग नियमित बिजली बिल का भुगतान करते हैं और उसके बदले में उन्हें नियमित बिजली आपूर्ति न होना उनके मौलिक अधिकारों का हनन है और इस तरह से ही लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन होता रहा, तो वे सब बाध्य हो कर आंदोलन करने को भी विवश हो जाएंगे। अरविंद ने पलामू के पलामू प्रमंडल विद्युत विभाग के जनरल मैनेजर पलामू और ऐसी से आग्रह किया है कि उपरोक्त गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए लोगों की समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल करें।

## न्यूज बॉक्स

### नहाने के क्रम में डूबने से एक अधेड़ की मौत

**पाटन।** प्रखंड के नवाजयपुर थाना अंतर्गत नहाने के क्रम मे एक अधेड़ कि हुई मौत। सूत्र से मिले जानकारी के अनुसार मृतक बालकेश उरांव उम्र 65 वर्ष पिता स्व0 प्रयाग उरांव ग्राम- रोल, थाना- नावा जयपुर का निवासी है जो नहाने के क्रम में खजूरी गांव के पास पानी में डूब गया था। जिसे अविलंब निकालकर पाटन अस्पताल भेजा गया,जहां से उसे सदर हॉस्पिटल डालटेनगंज रेफर किया गया है। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नवाजयपुर थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रिम कार्रवाई कि जा रही है।

### प्रखंड कार्यालय में पानी की व्यवस्था नहीं, लोगों को खरीदना पड़ रहा पानी



**ऊंटारी रोड़।** पलामू जिले के उंटारी रोड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पीने के पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है। कार्यालय में रोजाना आने वाले सैकड़ों लोगों को पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड परिसर में मौजूद एकमात्र चापाकल है। साथ ही परिसर में लगा मोटर, पानी टंकी भी है। लेकिन पानी टंकी में गिर कर चिड़ियां की मौत हो चुकी है। जिससे पानी पीने योग्य नहीं है। चिड़ियां टंकी में पड़ी हुई है, कोई देखने वाला नहीं है। अगर पानी टंकी को साफ सफाई करा दिया जाता तो प्रखंड कार्यालय आने जाने वाले लोगों व प्रखंड के कर्मचारियों को पानी पीने के लिए सहूलियत होगी। प्रखंड कार्यालय में एक आरो मशीन भी लगा है, लेकिन वह हाथी के दांत साबित हो रहा है। प्रखंड व अंचल कर्मी के साथ साथ आने जाने वाले लोग भी पैसे से लोग पानी की बोतल खरीदने को मजबूर हैं। गरीब और असहाय लोगों को आसपास के दुकानों या घरों से पानी मांगना पड़ता है। लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार गांव-गांव में नल-जल पहुंचा रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकारी कार्यालय में ही पीने के पानी की बुनियादी सुविधा नहीं है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत ने बताया कि इस समस्या से अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है।

### आज होगा यूरिया का वितरण



**हैदरनगर।** महीनों से हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में यूरिया की बनी किल्लत के बीच विभिन्न पैक्स से किसानों के बीच खाद का वितरण शुरू कराया गया है। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक परवीन जहां की देखरेख में बुधवार को चचेरिया गांव स्थित पैक्स केंद्र पर किसानों के बीच यूरिया खाद का वितरण किया गया। इस दौरान पैक्स संचालक दिनेश सिंह पप्पू के माध्यम से कुल 70 किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराया गया हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद के लिए परेशानी से बचाने को लेकर पैक्सों के माध्यम वितरण कार्य पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को इमामनगर पंचायत अंतर्गत लोहरपुरा गांव स्थित पैक्स में भी खाद वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इस पैक्स के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह अधिकारियों की उपस्थिति में ही 70 किसानों के बीच यूरिया खाद का वितरण का कार्य करेंगे। हालांकि प्रखंड में किसानों की मांग के विपरीत मात्रा बीस प्रतिशत ही यूरिया का आवंटन मिलने से किल्लत और किसानों को परेशानी दूर नहीं हो सकी है।

### मानवाधिकार से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण




**पाटन।** प्रखंड अंतर्गत इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन के बैनर तले मानव अधिकारों से संबंधित एक विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं मानव अधिकारों की जानकारी देना और उन्हें यह सिखाना था कि वे अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए कौन-कौन सी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करें। प्रशिक्षण सत्र में इंडियन मानवाधिकार प्रदेश सचिव अरुण कुमार चंद्रवंशी ने विस्तार से बताया कि मानव अधिकार प्रत्येक व्यक्ति के जन्म से ही प्राप्त होते है। इन्हें संविधान और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संधियों द्वारा संरक्षित किया गया है। इसमें शिक्षा काअधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय पाने का अधिकार, समानता का अधिकार और जीवन की गरिमा का अधिकार जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया।

**आक्रोश** पूर्व प्राचार्य की बर्खास्तगी को लेकर एक दिवसीय धरना

## निपि विवि के आदेशों की जा रही है अवहेलना : टिकैत

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कॉलेज के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार सिंह को नियमविरुद्ध व असंवैधानिक रूप से बर्खास्तगी को लेकर मामला तुल पकड़ा लिया। इसको लेकर गुरुवार को कॉलेज गेट के बाहर शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों के अलावा कई स्थानीय समाजिक कार्यकर्ता ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. मो. अयूब व संचालन अरुण कुमार सिंह ने किया। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. चंदन सिंह ने कहा कि निपी विश्विद्यालय द्वारा सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों का संबंधित बायो डाटा मांगी गयी थी, जिसका अनुपालन कर तत्कालीन प्राचार्य सूर्यमणि ने पी/ 186/2025 दिनांक 16.7.25 को विश्वविद्यालय को सूची जमा किया था। भेजी गयी सूची के आलोक में विश्विद्यालय ने अपने पत्रांक एनपीयू/आर.487/25 दिनांक 17.7.25 को कॉलेज के शासी निकाय के सचिव को निर्देश दिया की प्रो. सूर्यमणि सिंह के पास पीएचडी डिग्री नहीं है। इसलिए योग्य शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त करें, सचिव ने विश्विद्यालय के निर्देश पर आनन फानन मे बिन शासी निकाय की बैठक किए हुए प्रो. रामसुभग सिंह को प्राचार्य नियुक्त कर दिया। प्रो. रामसुभग सिंह को महाविद्यालय के विरुद्ध कार्य करने का आरोप था, क्योंकि प्रो. रामसुभग सिंह कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर रहते हुए पाटन पलामू बीआरसी में 2013 से वेतन और ईपीएफ लेते रहे थे, जिसके चलते विश्वविद्यालय इन्हें बर्खास्त कर दिया था, 2018 में कॉलेज के तत्कालीन सचिव सह अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने प्रो. रामसुभग सिंह को इस शर्त पर योगदान कराया था कि भविष्य में महाविद्यालय हित के विरुद्ध कोई कार्य नहीं करेंगे, ऐसे भी रामसुभग सिंह महाविद्यालय में कनीय है, इस मामले को लेकर प्रभारी प्राचार्य सूर्यमणि सिंह से ने 18/7/25 को सूची भेजी, जिसके आलोक में विश्वविद्यालय ने कॉलेज के सीनियर डॉ . आनंद कुमार सिंह को प्रभारी प्राचार्य बना कर सूची भेजने का आदेश दिया। लेकिन कॉलेज के सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह ने महाविद्यालय के आदेश का अवहेलना किया। विश्वविद्यालय ने एनपीयू/आर/495/25 दिनांक 19.7.25.को शासी निकाय को भंग करते हुए तदर्थ शासी निकाय की अधिसूचना जारी कर डॉक्टर आनंद कुमार सिंह को प्रभारी प्राचार्य के पद पर रहकर कॉलेज का संचालन कर रहे थे, लेकिन इसी बीच एक राजनीतिक साजिश के तहत 14 अगस्त शाम 5: 42 पर राजभवन सचिवालय द्वारा कॉलेज सचिव के नाम ईमेल आया की विश्विद्यालय के आदेश को रद्द कर दिया गया है, 18 अगस्त को कॉलेज के सचिव प्रफुल्ल कुमार ने अपने मोबाइल से रात्रि 11 बजे वॉट्सेअप किया की आप प्रभारी प्राचार्य का कुर्सी खाली कीजिए और पद से हटा दिया गया।

### बिना बजटीय प्रावधन के करोड़ों रुपये खर्च

धारण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अयोध्या सिंह टिकैत ने कहा कि जब से सूर्यमणि सिंह और प्रफुल्ल कुमार सिंह सचिव बने है, इनके टीम के कुछ लोगों द्वारा कॉलेज को लूटने का काम किया गया है। इन लोगों द्वारा बिना शासी निकाय की बैठक कर बिना बजटीय प्रावधन के करोड़ों रुपये खर्च किया गया है। जब डॉक्टर आनंद कुमार ने प्रभारी प्राचार्य का प्रभार लिया और बैंक से कॉलेज का स्टेटमेंट मांगा तो पता चला की दो वर्षों में 20 करोड़ रुपये की निकासी की गई है। इससे बचने के लिऐ पुन: सूर्यमणि सिंह को महाविद्यालय का प्राचार्य बनाया गया है। ताकि इसकी लीपापोती हो सकें। उन्होंने कहा कि विश्विद्यालय द्वारा इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। इस धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयशंकर प्रसाद सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, रमेश सिंह, प्रल्हाद पाल, अरुण कुमार सिंह, मीना गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, अनिक पाल, नरेश सिंह,अशोक कुमार देव समेत काफी संख्या में शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल थे।

# नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में आइसा का विरोध प्रदर्शन, छात्रों ने उठाई शिक्षा से जुड़ी समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) में शुक्रवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के बैनर तले छात्रों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने किया गया, जिसमें छात्रों ने सत्र में देरी, पीएचडी नामांकन, सीटों की कमी और ढांचागत समस्याओं को लेकर तीखे नारे लगाए।

प्रदर्शन का नेतृत्व आइसा के जिला सचिव गौतम दांगी ने किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की लापरवाही के कारण छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी और सत्र के अनियमित संचालन से छात्र-छात्राएं मानसिक तनाव में हैं। प्रदर्शन के दौरान पीएचडी में पास छात्रों के नामांकन नहीं होने, जीएलए कॉलेज में सीटों की कमी, वर्षों से बंद पड़े गर्ल्स हॉस्टल और पुस्तकालय की व्यवस्था न होने जैसे मुद्दे उठाए गए।

आइसा जिलाध्यक्ष गुड्डू भुइयां ने कहा कि शिक्षा के अधिकार से छात्रों को वंचित किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन में अंशु कुमार, रंजीत कुमार सिंह, अभय दांगी, रोहित मेहता, चंद्रकांती कुमारी सहित कई छात्र नेता शामिल थे। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# जेएस कॉलेज में नामांकन घोटाले का आरोप एनएसयूआई ने छात्रों के समर्थन में उठाई आवाज

- मेरिट लिस्ट में चयन के बावजूद वंचित हो रहे छात्र, कुछ को हल जोतने तक का मिला निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जेएस कॉलेज, मेदिनीनगर में स्नातक सत्र 2025–2029 के नामांकन को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। हिंदी विभाग में मेरिट लिस्ट में चयनित होने के बावजूद कई विद्यार्थियों को नामांकन से वंचित कर दिया गया है। छात्रों ने आरोप लगाया है कि विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेश साहू द्वारा जानबूझकर प्रमाण पत्रों का वेरिफिकेशन नहीं किया जा रहा है, जिससे उन्हें प्रवेश नहीं मिल पा रहा। छात्रों के अनुसार, स्थिति तब और गंभीर हो गई जब कुछ विद्यार्थियों से पढ़ाई छोड़कर खेत जोतने और घास काटने जैसे कार्य करने को कहा गया। इस व्यवहार से छात्र-छात्राओं में गहरी नाराजगी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी कॉलेज पहुंचे और छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से तत्काल सभी योग्य विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही दोषी शिक्षकों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की भी अपील की। अमरनाथ तिवारी ने मीडिया से कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है कि उच्च शिक्षा के केंद्र में विद्यार्थियों के साथ इस प्रकार का अमानवीय व्यवहार हो रहा है। यदि जल्द से जल्द न्याय नहीं मिला, तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगी। इस मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, छात्र नेता रिशु दुबे, इंदु कुमारी, काजल कुमारी, मीरा कुमारी, पवन कुमार, सौरभ कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि विद्यार्थियों को उनका शैक्षणिक अधिकार दिया जाए और कॉलेज प्रशासन पारदर्शिता से कार्य करे।

# शहर में ट्रैफिक नियम उल्लंघन पर कार्रवाई, 12 दोपहिया वाहन जब्त



- बिना हेलमेट, लाइसेंस व ट्रिपल लोडिंग में पकड़े गए चालक, ₹21,150 का फाइन

**मेदिनीनगर।** सदीक चौक टेंपो स्टैंड और कोयल पुल के पास 28 अगस्त 2025 को जिला परिवहन विभाग और स्थानीय पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया और दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के क्रम में पाया गया कि कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग जैसे गंभीर नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। मौके पर 12 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। जब्त किए गए वाहनों की जानकारी और दस्तावेज जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को चालान एवं जुर्माना प्रक्रिया के लिए भेजी गई। इसके बाद परिवहन विभाग द्वारा कुल 20 दोपहिया गाड़ियों पर 21,150 का फाइन निर्धारित किया गया, जिसकी आधिकारिक सूचना प्राप्त हुई है। जांच अभियान का उद्देश्य शहर में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करना था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे हमेशा हेलमेट पहनें, वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छह सदस्यीय टीम करेगी अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त एस समीरा ने जिले में अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर रोकथाम के लिए छह सदस्यीय टीम गठित की है। इस टीम में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी और चिकित्सक शामिल हैं। टीम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी छत्तरपुर, अनुमंडल पदाधिकरी हुसैनाबाद, सोनालॉजिस्ट डॉ. राजीव रंजन, रेड क्रास सोसाइटी से डॉक्टर जितेंद्र सिंह और लायंस क्लब से परिमल प्रसून शामलि हैं। पिछले कुछ समयों से अलग-अलग माध्यमों से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के गैर कानूनी कार्यों के मामले सामने आ रहे थे। उपायुक्त ने सभी को निर्देशित किया है कि पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्र की नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे। निर्देश के साथ ही सभी 46 केंद्रों की सूची भी दी गयी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ध्रुव नारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि, कहा-

# समाज के लिए समर्पित रहा उनका जीवन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में भारत के राज्यपाल रघुवर दास बुधवार को हमीदगंज स्थित झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के आवास पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री दास ने यहां उनके पिता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघचालक स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दास ने दिवंगत नेता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह संघ परिवार के एक मजबूत स्तंभ थे। उनका पूरा जीवन समाज सेवा और गरीबों के उत्थान में समर्पित रहा। उन्होंने आगे कहा कि ध्रुव बाबू के विचार आज भी समाज में प्रासंगिक हैं और लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें भाजपा झारखंड प्रदेश पदाधिकारी श्री गणेश मिश्रा, सिमरिया के पूर्व विधायक किशुन दास, वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सुनील पासवान, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्रा, बिट्टू सिंह, दिलीप तिवारी, अविनाश वर्मा, जय दुबे, अरविंद गुप्ता, धीरेंद्र दुबे, प्रियरंजन कुमार, जितेंद्र तिवारी, प्रेमजीत कुमार, शशि भूषण पांडे, विजय शर्मा, कुमार गौरव, अविनाश सिंहा उर्फ छोटू, सरवन गुप्ता, अजय सिंह, सुनील तिवारी, विजय पाठक, विजय ठाकुर, राजेश गुप्ता, श्वेतांग गर्ग, विजय कुशवाहा, विकास सिंह, संजय कुमार, राजेश सिंह, शिवकुमार पांडे, रोहित शर्मा, रोहित पाठक, भूषण सिंह, रोहित सिंह, पिंकू सिंह समेत कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड सरकार पर साधा निशाना

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बीजेपी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के पिता को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बात करते हुए हेमंत सोरेन सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल आदिवासी और मूलनिवासी की बात करती है, लेकिन उनके हित में कोई काम नहीं कर रही है।

**सरकार पर शोषण का आरोप :** रघुवर दास ने सूर्या हांसदा मामले का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर आदिवासियों का शोषण कर रही है। उनका दावा है कि अब झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों का सरकार पर से भरोसा उठ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है, बल्कि इसे एक सिंडिकेट चला रहा है।

**माफिया चला रहे हैं सरकार :** रघुवर दास ने आरोप लगाया कि भू-माफिया, पत्थर-माफिया और बालू-माफिया मिलकर सरकार चला रहे हैं, यही कारण है कि राज्य में हर चीज की कमी है। उनके अनुसार, यह सरकार जनता की भलाई के बजाय माफियाओं के हितों को साध रही है।



### जिला स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कहा

# हर नागरिक तक पहुंचे स्वास्थ्य सेवाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

गढ़वा। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। सिविल सर्जन एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक की शुरूआत 108 एंबुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली और संचालन व्यवस्था पर चर्चा से हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि एंबुलेंस सेवाएं समय पर उपलब्ध हों, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में किसी मरीज को परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया पर विमर्श हुआ। उपायुक्त ने कहा कि रिक्तियों की शीघ्र पूर्ति कर सेवा प्रदायगी को और प्रभावी बनाया जाए। इसी क्रम में 15वें वित्त आयोग एवं पीएम-अबहीम से संबंधित योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रसूता माताओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं और समय-समय पर जांच और टीकाकरण अनिवार्य रूप से हो। साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग अभियान पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उपायुक्त श्री यादव ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक और अधिक सहजता से पहुँचें। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर प्रभावी ढंग से हो और आमजन को समय पर बेहतर सेवाएँ मिलें। उन्होंने कहा कि जिला स्वास्थ्य समिति का उद्देश्य हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना और स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ कैनेडी सहित स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं चिकित्सा टीम के सदस्य उपस्थित रहे।




## कन्या मवि को उत्क्रमित करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

गढ़वा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष औबेदुल्ला हक अंसारी ने माध्यमिक शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह को आवेदन सौंपकर धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित इकलौते संचालित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि फिलहाल विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई होती है और यह धुरकी प्रखंड का एकमात्र कन्या मध्य विद्यालय है। यदि इसे उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया जाता है तो यहां की गरीब एवं असहाय छात्राओं को उच्च शिक्षा हासिल करने में बड़ी सहूलियत होगी। औबेदुल्ला हक अंसारी ने कहा कि यह कदम न केवल शिक्षा के स्तर को बढ़ाएगा, बल्कि छात्राओं के भविष्य को भी सशक्त बनाएगा।


**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालयः-प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी,**
**गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित निर्धारित सुनवाई की तिथि एवं समय को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभ्युक्ति | सुनवाई की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 22/2025 | (1) TATA SFC 407/27 ट्रक, निबंधन संख्या CG15AC0124, चेचिस नं0– MAT357105A8A00389 तथा इंजन नं0/मोटर नं0 497SPTC35AZY800458 एवं (2) साल चौपहल – 80 पीस | वाहन मालिकः बजरंग लाल अग्रवाल, पिता– महावीर अग्रवाल, ग्राम– गुमगा, पोस्ट– दंडगांव, थाना– दंडगांव, जिला– सुरगुजा, राज्य– छत्तीसगढ़, पिन–497117 | दिनांक 07.10.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन। |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 360645 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D


### मनरेगा संघ का पुनर्गठन कर नई कमेटी का गठन

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में रविवार को मनरेगा संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संघ के पुनर्गठन पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुमार वरुण ने की। सर्वप्रथम संघ के कार्यों की समीक्षा की गई और पिछले कार्यकाल में हुए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से पुनर्गठन प्रक्रिया की शुरूआत की गई। नए पदाधिकारियों के चयन के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती गई और सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रकट की। पुनर्गठित कमेटी में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी एई प्रिंस कुमार सिंह को सौंपी गई। सचिव के पद पर तहमिद अंसारी का चयन हुआ जबकि कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दयानंद प्रजापति को दी गई। वहीं, संरक्षक के रूप में जयराम राम को चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर सुनील तिवारी और मीडिया प्रभारी के रूप में आनंद कुमार रजक का चयन हुआ। अध्यक्ष प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि संघ कर्मियों की आवाज को उचित मंच तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेगा और उनके हक एवं अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ेगा। बैठक में आनंद कुमार रजक, प्रमेंद्र विश्वकर्मा, प्रमानंद ठाकुर, मनोज कुमार, शशि कुमार, पिनांकी चतुर्वेदी, किशोर कुमार, धर्मराज सिंह समेत दर्जनों सदस्य शामिल रहे।

### जिला परिषद ने किया प्रतिभा खोज प्रतियोगिता सांस्कृतिक मंच का शिलान्यास

**भवनाथपुर।** झारखंड बिहार संयुक्त एकीकृत राज्य के समय से ही शिक्षा जगत के नाम से सुप्रसिद्ध गांव झगराखाड़ शिव मंदिर के प्रांगण में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता सांस्कृतिक मंच का निर्माण जिला परिषद के 15वें वित्त योजना से किया जा रहा है। इस मंच के निर्माण के लिए जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने अपने कर कमलों से शिलान्यास किया। जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने कहा कि सेवा और संस्कार मेरा लक्ष्य है। यह मंच स्थानीय युवाओं और कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि भवनाथपुर के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं। जिला परिषद सदस्य के रूप में मेरी जिम्मेदारी है, क्षेत्र के लोगों की सेवा करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना। इस मंच के निर्माण के लिए 2,49,000 रुपये की राशि आवंटित की गई है और इसके निर्माण के लिए शशि भूषण पाठक को अध्यक्ष और राजकिशोर कोरवा को सचिव बनाकर एक समिति का गठन किया गया है। मौके पर जेई परमेंद्र विश्वकर्मा,विनोद पाठक,कामेश्वर पाठक,सतीश पाठक,निरंजन पाठक,जेपी गुप्ता,लीला चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

### जय भवानी संघ पूजा कमिटी का गठन

**रमना।** बुधवार के शाम सिलीदाग पंचायत के जय भवानी संघ दुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इस बैठक में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य पूजा का आयोजन करने एवं निमार्णाधीन मंदिर का निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के विषय में चर्चा हुआ। इस वर्ष पूजा में विधिव्यवस्था, सजावट, मूर्ति निर्माण और नवरात्र पूजा के लिए पूजारी के चयन किया गया। इस वर्ष दुर्गा पूजा के लिए पुनर्गठित पूजा कमिटी में उमेश कुमार को अध्यक्ष, उपेंद्र ठाकुर को सचिव, मुकेश ठाकुर को कोषाध्यक्ष एवं नवरात्र पुजारी, सुनील सोनी को संरक्षक,और राजकुमार ठाकुर, पीयूष कुमार, विकास कुमार, प्रदीप कुमार, सकेंद्र कुमार,राकेश कुमार इत्यादि को सदस्य बनाया गया। इसी मौके पर ट्रैक्टर संचालक सुनील साह ने दुर्गा प्रतिमा के लिए 15000 हजार रुपए देने की घोषणा किया।

## सात माह बाद भी मनरेगा मजदूरों के लाखों रुपए का भुगतान नहीं

**बिट्टू सिंह**

**केतार (गढ़वा)।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में काम कर रहे मजदूरों का समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं होने से अब उनका मोह भंग होने लगा है। मजदूरी भुगतान के लिए मजदूर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा अब थक चुके हैं। मजदूरों का कहना है कि मनरेगा योजना में दो सप्ताह के भीतर मजदूरी भुगतान करने का प्रावधान है। वहीं प्रखंड के सात पंचायतों के 1481 मजदूरों का जनवरी 2025 का बकाया मजदूरी 22 लाख 3 हजार 306 है। जो सात माह बीत जाने के बाद भी मजदूरी भुगतान नहीं हो सका है। मनरेगा मजदूरों को राज्य सरकार साप्ताहिक मजदूरी 162 रुपए देती है। जबकि केंद्र सरकार 1530 रुपये देती है। राज्य सरकार द्वारा मजदूरी की राशि 162 रुपए डीबीटी के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर ही मजदूरों के खाते में आ जाते हैं। लेकिन केंद्र सरकार से मिलने वाली मजदूरी की राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, इससे मजदूर निराश हैं। जनवरी 2025 का बकाया है मजदूरी इसमें मुकुंदपुर पंचायत के 452 मजदूरों का 6 लाख 74 हजार 242 रुपया, केतार पंचायत का 330 मजदूरों का 4 लाख 88 हजार 775 रुपया, पाचाडुमर पंचायत में 178 मजदूरों का 2 लाख 61 हजार 660 रुपया, परती कुशवानी पंचायत में 220 मजदूरों का 3 लाख 31 हजार 975 रुपया, बलिगढ पंचायत में 220 मजदूरों का 3 लाख 21 हजार 706 रुपया, लोहरगाड़ा पंचायत में 65 मजदूरों का 1 लाख 1 हजार 430 रुपया और परसोडीह पंचायत का 16 मजदूरों का 23 हजार 520 रुपया मजदूरी बकाया है। मजदूर सिंचाई कूप, तालाब, डोभा निर्माण कार्य में मजदूरी किये थे। अब मजदूरी भुगतान को लेकर मजदूर पंचायत कार्यालय से प्रखंड कार्यालय में सरकारी बाबुओं का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। इस संबंध में उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र से पूछे जाने पर कहा कि जनवरी माह का मजदूरी पेमेंट पेंडिंग हैं, इसकी जानकारी नहीं है, इसे अपने स्तर से देखेंगे।


**कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, लातेहार**

**(डी0एम0एफ0टी0 मद)**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–09/2025–26**

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र की राशि जमा करने की तिथि :– दिनांक– 06.09.2024 कार्यालय दिवस को एन0आर0ई0पी0, लातेहार कार्यालय में 12.00 बजे पूर्वाहन से 1.00 बजे अपराहन तक।
परिमाण विपत्र प्राप्त की तिथि :– दिनांक–06.09.2025 कार्यालय दिवस में 2.00 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराहन।
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–08.09.2025 को 11.00 बजे से 2.00 बजे अपराह्न तक।
निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक– 08.09.2024 को अपराह्न 2.00 बजे।
निविदा प्राप्ति, जमा एवं खोलने का स्थान :– पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष।

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Providing and Laying of Paver Block and other Miscellaneous work at OBC Hostel Gurukul, Mako, Block- Latehar, District - Latehar | 18,56,827.00 | 37200.00 | 5000.00 | 03 माह |

1. भवन प्रमंडल के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट (भारतीय स्टेट बैंक) के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. इस निविदा में लातेहार जिला के स्थानीय संवेदक ही भाग लेंगें।
4. बैंक ड्राफ्ट संवेदक/संबधित फर्म के नाम से निर्गत होना अनिवार्य है।
5. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
6. निविदा की अन्य शर्ते **https://latehar.nic.in** एवं कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

PR.NO.360578 NREP(25-26):D


### धुरकी थाना प्रभारी ने हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने की अपिल की

**धुरकी।** हेलमेट आपके जीवन का रक्षक है, हेलमेट गाड़ी तथा हाथों में लटकाने की बजाय अपने माथे में पहन कर चलें उक्त बातें थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने कही। उन्होंने दोपहिया वाहन के चालक को अपील करते हुए कहा कि आपका जीवन बहुत अनमोल है, आप घर से निकले तो बगैर हेलमेट के नहीं निकले। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकांशत दुर्घटना में बगैर हेलमेट पहने व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो जाती है, जिससे सारा जवाबदेह उस मोटरसाइकिल चालक की होती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि चार पहिया वाहन चलाने वाले हमेशा सीट बेल्ट व ट्रैफिक नियम का पालन करें। साथ में वाहन का सभी कागजात लेकर हमेशा चलें इंश्योरेंस भी अपडेट रखें।

## पुलिस की निगरानी में शुरू हुआ खाद वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

चिनियां (गढ़वा)। चिनियां प्रखंड में यूरिया खाद को लेकर किसानों की भारी परेशानी सामने आई। गुरुवार सुबह जैसे ही यह खबर फैली कि चिनियां के जितेंद्र खाद बीज भंडार में दो ट्रक यूरिया खाद पहुंचा है, किसान सुबह 6 बजे से ही दुकान के आसपास जुटने लगे। भूखे-प्यासे किसान पूरे दिन खाद लेने की उम्मीद में लाइन लगाए खड़े रहे। भीड़ इतनी बढ़ गई कि दुकानदार जितेंद्र प्रसाद को प्रशासन की मदद लेनी पड़ी। जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान के निर्देश पर चिनियां पुलिस प्रशासन को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद दोपहर करीब 2:30 बजे से पुलिस कीनिगरानी में खाद का वितरण शुरू कराया गया। लेकिन वितरण के दौरान नया विवाद खड़ा हो गया। करीब 20-25 किसानों को खाद मिलने के बाद ही पॉश मशीन में खराबी आ गई और वितरण रोकना पड़ा। अचानक वितरण ठप होने से किसान नाराज हो उठे और मौके पर जोरदार हो-हल्ला करने लगे। हालांकि पुलिस ने किसानों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। इधर, जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान धैर्य बनाए रखें। अगले दो-तीन दिनों के भीतर चिनियां प्रखंड के सभी किसानों को उनकी अपेक्षा के अनुरूप यूरिया खाद उपलब्ध करा दिया जाएगा। आज दो ट्रक यूरिया का आवंटन हुआ है और शाम तक और भी खाद चिनियां प्रखंड को उपलब्ध होगा। किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

**कार्यक्रम** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम डीसी ने कहा-

# जनजाति समुदाय के लिए अति महत्वकांक्षी योजना

**नवीन मेल संवाददाता**

गढ़वा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता मे स्थानीय बंधन मैरेज हॉल में संपन्न की गई। कार्यक्रम का आयोजन विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि जनजातीय बहुल ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु 5 वर्षों तक चलने वाली 80,000 करोड़ रुपये से पूरे भारतवर्ष के 30 राज्यों के 550 जिले के 3000 प्रखंडों के 1 लाख ग्रामों में 2 अक्टूबर 2024 को भगवान बिरसा के नाम पर प्रारंभ की गई योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत झारखंड के 22 जिले के 224 प्रखंडों के 7100 गांव और गढ़वा जिले के 15 प्रखंड के 58 पंचायत के कुल 113 ग्रामों को प्रथम चरण में चिन्हित किया गया है। संपूर्ण योजना के संवेदनशील क्रियान्वयन तथा सिंगल विंडो ग्रीवेंस रिड्रेसल आदि सेवा केंद्र के संचालन तथा ग्राम विकास विजन के निर्माण के लिए ओरिएण्टेशन के जरिये मिशन आदि कर्मयोगी का राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसके बाद चयनित सभी 113 ग्रामों में आदि साथियों की मदद से बॉटम अप अप्रोच के साथ सभी मूलभूत आवश्यकता जो व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक प्रकृति की होंगी, उसको सुनिश्चित करने का विस्तृत प्लान बनाया जाना है। कार्यक्रम के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रकाश द्वारा बताया गया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भारत के जनजाति समुदाय के संपूर्ण उत्थान के लिए एक अति महत्वकांक्षी योजना है। उनके द्वारा बताया गया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भारत के जनजाति समुदाय के संपूर्ण उत्थान के लिए एक अति महत्वकांक्षी योजना है। इसमें जनजातीय समुदाय से संबंधित व्यक्तियों को लक्षित किया गया है, जिसमें गढ़वा जिले के 15 प्रखंड के 113 गांव के 18,522 अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवारों के कुल 96,724 व्यक्तियों को इस अभियान के अंतर्गत लक्षित किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत वैसे ग्रामों का चयन किया गया है, जिनकी कुल जनसंख्या 500 से अधिक हो और उसमें अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 50 या उससे अधिक हो तथा एस्पिरेशनल ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले प्रखंड के वैसे ग्राम जहां पर जनजातियों की कुल संख्या 50 से अधिक हो। इस अभियान के अंतर्गत वर्तमान वर्ष को शामिल करते हुए वर्ष 2028-29 तक के कुल 5 वर्षों में 17 मंत्रालयों के 25 से अधिक महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों/योजनाओं का क्रियान्वयन सैचुरेशन मोड में किया जाना है, जिसमें अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण, मोबाइल कनेक्टिविटी, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शन, आधार कार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण, समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत छात्रावास तथा क्लासरूम का निर्माण, स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स ट्राइबल मार्केटिंग सेंटर्स का निर्माण वन अधिकार पट्टा से आच्छादित व्यक्तियों को कृषि पशुपालन मत्स्य पालन से जोड़ने सहित 25 से अधिक योजनाओं का सैचुरेशन मोड में विभिन्न विभागों के द्वारा क्रियान्वित किया जाना है।उपायुक्त दिनेश यादव द्वारा प्रखंड स्तर के उपस्थित सभी पदाधिकारियों/ब्लॉक लेवल मास्टर ट्रेनर को उक्त योजना के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई एवं कार्यान्वयन के निदेश दिए गयें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत मिलने तीन कैटेगरी में लोगों को विभाजित किया गया है जो धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय समुदाय का उत्थान करने का कार्य करेंगे। इसमें जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी को आदि कर्मयोगी के रूप में चिन्हित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अंशुमन राजहंस, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अल्पना, ब्लॉक लेवल मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, टीचर्स, जन सेवक, जूनियर इंजीनियर, बीपीआरओ, जेएसएलपीएस के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर समेत अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थें।





**Govt of Jharkhand**
**Department of Mines and Geology, District- Palamau**

**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)**

**The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025** में उल्लेखित प्रावधानों के तहत **Category-2** के बालूघाट/ बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रम :–

| NIT.No- MINES/ PALAMAU/ SAND/ | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालूघाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+ GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई–नीलामी से पूर्व प्री–बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1/2025 | GROUP-A 1. Kanke Khurd 2. Singraha Kalan & Singraha Khurd | 28.08.2025 | समाहरणालय ब्लॉक–ए, सभा कक्ष तिथि–29.08.2025 समय–3:00 बजे अपराह्न। | 30.08.2025, 3:00PM एवं 10.09.2025, 4:00PM | 13.09.2025, 5:00PM | 15.09.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 6:00 बजे अपराह्न तक |
| 2/2025 | Group-B 1. Barwaiya 2. Rampur, Bokeya Khurd, Bokeya Kalan | | | | | |
| 3/2025 | Group- C 1. Gangi, Lidhki, Kaktua 2. Dangwar 3. Kabra Kalan | | | | | |
| 4/2025 | Group-D 1. Kolhua Sonbarsa 2. Gorho 3. Barwadih, Uksu | | | | | |
| 5/2025 | Group-E 1. Delha, Barkoma, Vishunpur, 2. Biritiya Dandar, Kumhradih, 3. Gurturi,Kumradih | | | | | |
| 6/2025 | Group-F 1. Parta 2. Meral 3.Lalgara | | | | | |
| 7/2025 | Group-G 1.Mallahtoli, Jinjira, Tolra 2. JaituKhard 3. Misir Patra | | | | | |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www. Jharkhandtenders. gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालूघाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

ह०/– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, पलामू | ह०/– जिला कोषागार पदाधिकारी, पलामू | ह०/– जिला खनन पदाधिकारी, पलामू

ह०/– अपर समाहर्ता, राजस्व, पलामू | ह०/– उप निदेशक, खान, पलामू अंचल, मेदिनीनगर | ह०/– उपायुक्त, पलामू

PR 360618 (Palamu) 25-26 (D)

## पत्रकार पर जानलेवा हमला, एकजुट होकर किया प्रदर्शन

# राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने की हमले की निंदा

- पूर्व सीएम रघुवर दास सांसद कालीचरण सिंह व विधायक प्रकाश राम ने पत्रकार पर हुए हमले की घोर निंदा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिले के बालूमाथ बेसिक स्कूल निवासी वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता पर कल रात अपराधियों ने जानलेवा हमला करने का प्रयास किया पर वह सफल नहीं हो पाए। तीन अपराधी एक मोटरसाइकिल में सवार थे जिन्होंने पत्रकार पर हमला कर दिया। जिसके बाद पूरे मामले को की जानकारी सुरेंद्र गुप्ता ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया।

सुरेंद्र ने बताया कि रांची से जब वह अपने कार से घर पास पहुंचे तो इसी बीच एक पल्सर मोटरसाइकिल में सवार तीन लोगों ने कार को दो बार टक्कर मार दी और जानलेवा हमला किया। जिसके बाद वे चिल्लाते हुए अपने घर में जाकर अपनी जान बचाई। इसके बाद आसपास के लोग सैकड़ों की संख्या में जुट गए व अपराधियों को पीछा किया। जहां नगडा ओवर ब्रिज के समीप अपराधियों ने अपना मोटरसाइकिल छोड़कर जंगल में भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर बालूमाथ पुलिस नागडा ओवर ब्रिज के पास पहुंची एवं बाइक को जब्त कर लिया।



### पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता पर हुए जानलेवा हमले की निंदा

चंदवा। जिले के बालूमाथ निवासी हिंदी दैनिक अखबार के प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता पर बुधवार की रात्रि घर जाने के दौरान बाइक सवार तीन अज्ञात सामाजिक तत्वों के द्वारा किए गए जानलेवा हमले की घटना को लेकर पत्रकारों में आक्रोश है। पत्रकारों ने घटना के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि आए दिन लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला हो रहा है। सच लिखने वाले पत्रकारों को निशाना बनाकर आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन इस घटना को गंभीरता से ले और इसमें संलिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करे। मांग करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र वैद्य,अजय वैद्य, सुमित कुमार, दीपक भगत, अनीश पाठक, राहुल कुमार, मुबारक आलम, बबलू खान, मुकेश सिंह, मनोज मेहता, कमलेश प्रसाद, गौरव दुबे, मो. इरफान, रौशन गुप्ता, राजीव कुमार, मो. मुमताज समेत अन्य शामिल हैं।

### रघुवर दास ने की अपराधियों को गिरफ्तारी की मांग

इधर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने लातेहार परिसदन में पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद गुप्ता ,विधायक प्रतिनिधि संजय यादव ,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, पूर्व प्रमुख संजीव सिन्हा, खनन विभाग के जिला विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र यादव, मुस्लिम समाज के सदर हाजी मोहम्मद शब्बीर, मोहम्मद मुजम्मिल, मोहम्मद तौकीर, मुखिया नरेश लोहारा, लातेहार प्रेस क्लब के अध्यक्ष विकास तिवारी, राजीव मिश्रा, संजीत गुप्ता, पंकज गुप्ता,राहुल पांडे, मनीष सिन्हा, आशीष वैद्य, संजीत पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।

### अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

इधर घटना के बाद लातेहार प्रेस क्लब ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए बालूमाथ पहुंच पूरी जानकारी ली और जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग प्रशासन से की। वहीं बालूमाथ के एक निजी हॉटल में बालूमाथ के सभी राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध व सामाजिक लोगों ने आपातकालीन बैठक की। जहां पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता पर हमले की कड़ी निंदा की गई। वहीं लोगों ने एक मौन जुलूस निकालकर थाना पहुंचे और थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौप कर 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

### सांसद कालीचरण ने की घटना की निंदा

इधर घटना के बाद चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने घटना की निंदा की व कहा कि पत्रकार पर हमला यह चिंतनीय विषय है। इस घड़ी में मैं पत्रकारों के साथ खड़ा हूं। वही लातेहार एसपी से बात कर शीघ्र अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की। लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा कि अगर अपराधियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो बालूमाथ के ग्रामीणों द्वारा आहूत की गई आंदोलन में स्वयं शामिल होऊंगा एवं चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग

बालूमाथ (लातेहार)। बालूमाथ के पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता पर हमला के विरोध में बालूमाथ स्थित होटल रोज गार्डन में राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध व सामाजिक लोगों के साथ-साथ जिले के विभिन्न प्रखंडों के कई रिपोर्टर की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हाजी शब्बीर व संचालन सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद गुप्ता ने की.। वक्ताओं ने पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता पर हमले की निंदा की। बैठक के बाद मौन जुलूस के रूप में लोग थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में 24 घंटे के अंदर अपराधियों का गिरफ्तारी की मांग की गई।

### राष्ट्रीय खेल दिवस आज, कई खेलों का आयोजन

**लातेहार।** जिला खेल सह पर्यटन पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड रांची के निदेश के आलोक में जिले में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बालक/बालिका वॉलीबॉल व बैडमिंटन खेलों का आयोजन जिला प्रशासन, लातेहार द्वारा किया जाएगा। 30 अगस्त को कबड्डी, रस्सा कस्सी, ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### अपराध रोकथाम के लिए सघन वाहन जांच अभियान



**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने बृहस्पतिवार को बालूमाथ मकईयाटांड़ पुलिस पिकेट के पास मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया है। इसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बतलाया कि पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार एंटी क्राइम ऑपरेशन चलाई जा रही है, ताकि क्षेत्र में कोई आपराधिक गतिविधि को रोका जा सके। इस वाहन जांच में छोटी गाड़ी से लेकर बड़ी गाड़ियों का भी बारीकी से जांच की गई। इस वाहन जांच अभियान में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के अलावा पुअनी अनुभव सिन्हा एवं मकैईया टांड़ पीकेट प्रभारी रामजीत ठाकुर के साथ-साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

### विधायक प्रकाश राम ने बालूमाथ को अनुमंडल का दर्जा देने की मांग की

**बारियातू।** झारखंड विधानसभा के चालू सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को लातेहार विधायक प्रकाश राम ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से जिले के बालूमाथ प्रखंड को पूर्ण रूप से अनुमंडल का दर्जा देने की सरकार से मांग की। यह जानकारी भाजपा युवा नेता सोनू प्रजापति ने देते हुए आगे बातया कि विधायक प्रकाश राम ने बालूमाथ, बारियातू व हेरहंज प्रखंड को सम्मिलित कर बालूमाथ पूर्ण अनुमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि तीनों प्रखंडों की सीमाएं पलामू, चतरा एवं रांची जिला से मिलती है। यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग बाहुल्य क्षेत्र है। सरकार की ओर से जवाब देते हुए झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि बालूमाथ पुलिस अनुमंडल के रूप में काम कर रही है। अगर उपायुक्त का आयुक्त के माध्यम से बालूमाथ को पूर्ण रूप से अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव आता है तो सरकार इस पर आगे की कार्रवाई कर सकती है। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के हस्तक्षेप के बाद इस पर समय सीमा के भीतर सरकार द्वारा नीतिगत निर्णय लिये जाने के आश्वासन के बाद विधायक प्रकाश राम ने गैर सरकारी संकल्प को वापस लिया।



## न्यूज बॉक्स

### आग का गोला बना सड़क किनारे खड़ा ट्रक

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर सिकनी पुल के समीप खड़ी ट्रक ओडी 4 एन 3839 में गुरुवा की सुबह करीब साढ़े आठ बजे आग लग गई। जिससे ट्रक धूं धूकर जल उठा। देखते ही देखते पूरी ट्रक आग का गोला बन गया। सूचना पाते ही चंदवा पुलिस एसआई सरोज सिंह व सिकनी पिकेट के जवान सदल बल घटना स्थल पहुंचे। अग्नि शमन विभाग को सूचित कर दमकल की गाड़ी बुलाई गई, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक ट्रक का पूरी तरह से जल चुका था। इस संबंध में चालक शिवा ने बताया कि उक्त ट्रक में ब्लीचिंग लोड था जो रेणुकूट से ओडिशा जा रही थी।

### तीर्थ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को स्थानीय दुगार्बाड़ी से 20 श्रद्धालुओं का जत्था तिरुपति , रामेश्वरम , मदुरई, कन्याकुमारी के लिए हुए रवाना। सभी श्रद्धालुओं ने दुर्गा मंदिर में माथा टेका एवं मंगलमय यात्रा की कमाना किय। हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने सभी श्रद्धालुओं का रवाना किए एवं मंगलमय यात्रा की कमाना की। वहीं सभी लोगों न कहा कि हम लोग हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीर्थ स्थल का भ्रमण के लिए जा रहे है एवं सभी तीर्थ स्थल का दर्शन करेंगे सुख समृद्धि का कमाना करेंगे। तीर्थ स्थल जाने में मुख्य रूप से हीरालाल प्रसाद, शिला देवी, ऊषा देवी, आदित्य प्रसाद, चंदन कुमार, विकास उरांव, राजेश जायसवाल, अनीता देवी, अनीता जायसवाल, कृष्ण प्रसाद, निर्मला देवी, प्रमिला देवी एवं दर्जनों लोग शामिल थे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर प्रसाद का निधन

**लातेहार।** जिला अधिवक्ता संघ से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर प्रसाद का निधन इलाज के दौरान हो गया है। उनके निधन पर वरियतम अधिवक्ता राजमणि प्रसाद ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि संघ के एक बड़े स्तंभ को ईश्वर ने बुला लिया है। राजमणि प्रसाद ने कहा कि उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व हमेशा वकालतखाने में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि स्व प्रसाद कानून की बारिकियों को बखूबी अदालत में पेश करने के लिए विख्यात थे। उनके निधन से लातेहार जिला को बड़ी क्षति हुई है। कुमार ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है एवं विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित किया है। संघ के अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दया बाबू कानून की गहराइयों तक पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। शाहदेव ने कहा कि वे हमेशा न्यायालय में लॉ और फैक्ट को रखते थे। सचिव संजय कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय प्रसाद का व्यक्तित्व अनुकरणीय है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, अपर जिला जज दिनेश कुमार मिश्रा अपने तमाम न्यायिक पदाधिकारियों के साथ स्वर्गीय प्रसाद के घर जाकर पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया है। स्वर्गीय प्रसाद के पुत्र वरीयअधिवक्ता पंकज कुमार के अनुसार उनका दाह संस्कार शुक्रवार की सुबह 8 बजे औरंगा नदी तट स्थित मुक्तिधाम पर किया जाएगा।

### पक्की सड़क की बाट जोह रहे लाधुप के भरी टोला व रंगनिया के ग्रामीण

**चंदवा।** सरकारे चाहें विकास के लाख दावे कर लें लेकिन आज भी ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीरे सरकार के इस दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। आजादी के इतने वर्ष बीतने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की हालत दयनीय बनी हुई है। प्रखंड मुख्यालय के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कच्ची सड़क देखकर सरकार द्वारा किये जा रहे विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। ऐसा ही कुछ चंदवा प्रखंड अंतर्गत लाधुप पंचायत के हेसला गांव के भरी टोला व रंगनिया टोला में देखने को मिला है। यहां के ग्रामीण पक्की सड़क के लिए वर्षों से सरकार की बाट जोह रहे हैं। प्रखंड मुख्यालय से भरी टोला गांव की दूरी लगभग 15 किमी है जो माल्हन व लाधुप पंचायत के सीमाने पर स्थित है। दोनों टोला में करीब 50 से 60 घर आदिवासी समुदाय की आबादी निवास करती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक अदद पक्की सड़क तक नहीं है। विकास के नाम पर गांव के पैरी गढ़ा नदी पर पुल बना है लेकिन वह भी अनुपयोगी है। पुलिया के दोनों तरफ अप्रोच पथ नहीं है गांव वाले मिट्टी भरकर पुलिया का इस्तेमाल करते थे लेकिन भारी बारिश की वजह से पुलिया के दोनों तरफ की मिट्टी बह गई जिसके कारण हम लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्येक दिन उक्त सड़क का इस्तेमाल इस इलाके के सैकड़ों ग्रामीण करते हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क को बनवाने को लेकर आग्रह किया गया लेकिन अब तक सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। गांव के ग्रामीणों को सड़क के अभाव में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व विधायक प्रकाश राम से हेसला गांव के भरी टोला व रंगनिया को माल्हन पंचायत के गनियारी प्रतापीटांड़ से सड़क मार्ग से जोड़ने की मांग की है। उक्त सड़क के बन जाने से उन्हें प्रखंड मुख्यालय आने जाने समेत अन्य सभी समस्याओं से निजात मिल जायेगी। सड़क की मांग करने वालों में लाधुप मुखिया बिफई मुंडा, पंसस बुधन गंझू, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मो काजू, फूलचंद गंझू, कुंदन गंझू, राजेंद्र गंझू, मंगन गंझू, फूलदेव गंझू, फुलटू गंझू आदि शामिल हैं।

## उपायुक्त ने इटखोरी का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

# मां भद्रकाली मंदिर व बक्सा डैम का होगा चंहुमुखी विकास : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** जिले के उपायुक्त कृतिश्री जी ने गुरुवार को इटखोरी प्रखंड के विभिन्न स्थानों का दौरा कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले बक्सा डैम का निरीक्षण कर सिंचाई विभाग द्वारा बने विश्राम घर का डेवलप्मेंट करने की बात कही। साथ ही यहां वाहन पार्किंग एवं टूरिज्म विभाग से सौंदर्यीकरण किए जाने के लिए स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां टूरिज्म विभाग द्वारा रेस्ट हाउस समेत कई प्रकार के आवश्यक विकास किए जाएंगे। बक्सा डैम के बाद उन्होंने जेएसएलपीएस कार्यालय पहुंचे। जहां दीदियों ने उन्हें फूल माला से स्वागत किया। यहां भी उन्होंने आवश्यक चीजों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दी। यहां के बाद में प्रखंड कार्यालय स्थित गोदाम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दी। उपायुक्त कृतिश्री जी ने कृषि फार्म के 25 एकड़ भूमि में कई प्रकार के विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अजोल उत्पादन यूनिट, डैम और गाय शेड समेत कई विकास योजनाओं का निरीक्षण कर इसे और विस्तार करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बीच कृषि फार्म में उन्होंने पौधारोपण भी की। इसके बाद प्रेम बुक में संचालित डेरी मिल्क का भी निरीक्षण किया। अंत में उन्होंने प्रखंड सभागार में बैठक कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर उनके क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को सूनी। यहां उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं से संबंधित सभी तरह के विकास योजनाओं को धरातल पर उतर जाएगा, इसमें थोड़ी धैर्य रखें। बैठक के दौरान सरकारी आवास को लेकर बालू से संबंधित भी मामला उठाया गया। जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवास के लिए बालू उपलब्ध कराने की निर्देश दी। मौके पर डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा, एसी अरविंद कुमार, एसडीओ जहूर आलम, डीसीओ लोकनाथ महतो, डीएससी समेत जिले के कई आलाधिकारी एवं स्थानीय बीडीओ सोमनाथ बांकिरा व सीओ सविता सिंह आदि मौजूद थे।



**सब योजना जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा :** उपायुक्त कृतिश्री जी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मां भद्रकाली मंदिर और बक्सा डैम टूरिस्ट विभाग से कैसे विकास हो, इसके लिए दोनों स्थानों के विकास का खाखा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि टूरिज्म विभाग में ऑलरेडी जिला कमेटी से आवश्यक योजनाओं को पास कर टूरिज्म विभाग के पास भेज दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि मां भद्रकाली मंदिर और बक्सा डैम को टूरिज्म विभाग से कैसे विकास किया जा सकता है, इसके लिए जमीन को भी हम लोग देखे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनसे सीधा संवाद किया गया है। उनके क्षेत्र की समस्या भी हम लोग सुने हैं। पहले टाइम का विकास पूरा हो, इसके बाद अगले टाइम इन समस्याओं का बखूबी निष्पादन होगा, और विकास धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि मां भद्रकाली मंदिर और बक्सा डैम का कैसे विकास होगा, इस पर जिला प्रशासन गंभीर है। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर रिसोर्स बनाने का भी टूरिज्म विभाग से प्रपोजल आया है। जिसका रिपोर्ट तैयार कर भेजा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह सब योजना जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा, तभी हम लोग ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट को अट्रैक्टिव कर सकेंगे।

## स्वर्गीय फूलदेव उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# डीएफसी डूमरटोली को हराकर वाईबीएन पतरातू की टीम बनी विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा गांव में चल रहे स्वर्गीय फुलदेव उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल बुधवार शाम संपन्न हो गया। फाइनल मुकाबले में एक तरफा मुकाबले में वाईबीएन पतरातु की टीम ने डीएफसी डूमरटोली को 4-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान पर नवाबांध, बरियातू की टीम रही। चौथे स्थान पर अंशी कैरो की टीम रही। बालिका वर्ग में गुमला की टीम विजेता रही जबकि उपविजेता देवी मंडप महुआमिलान की टीम रही। विजेता टीम को मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव व भाजपा नेता आशीष कुमार सिंह के द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया।



प्रतुल शाहदेव ने ऐसे आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से आदिवासी बहुल पिछड़े क्षेत्र में खेल को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट के जरिए स्व. फूलदेव उरांव की सोच को भी जमीन पर उतारने का काम आयोजन समिति ने किया है। फाइनल टूर्नामेंट के शुरूआत के पूर्व प्रतुल शाहदेव एवं अन्य अतिथियों ने स्वर्गीय फूलदेव उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर स्वर्गीय फुलदेव उरांव की पत्नी सीता देवी, लाल उदित नाथ शाहदेव, कुंवर लाल अजीत नाथ शाहदेव, अध्यक्ष राज किशोर मुंडा, आशीष सिंह, कुशेश्वर यादव, टीम मैनेजर रामपाल उरांव, सचिव अंकित उरांव, अजय यादव, पंचायत समिति अनुरोध कुजूर, बल्कु मुंडा, कुलदेव उरांव, राजेश यादव, राहुल शाहदेव, जय प्रकाश घटवार, रोहित शाहदेव, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।


**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा**
पता-ब्लॉक कैम्पस, सदर अस्पताल रोड
थाना+जिला-चतरा, पिन-825401
Email Id- mdmchatradse@gmail.com, Phone No.- 06541-296111

**आवश्यक-सूचना**

एतद् द्वारा चतरा जिला स्थित सभी गैर सरकारी निजी विद्यालयों को सूचित किया जाता है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009, विभागीय अधिसूचना संख्या 629 दिनांक 25.04.2019 एवं सरकार के प्रभारी सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1528 दिनांक 24.12.2024 में निहित प्रावधानों के अनुरूप विद्यालयों के मान्यता के संबंध में ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट https://rte.jharkhand.gov.in पर करते हुए हार्ड कॉपी दिनांक 06.09.2025 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। विभागीय अधिसूचना संख्या 629 दिनांक 25.04.2019 जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.in पर अपलोड कर दी गई है।

ह0/-
जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-
अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा
PR 360592 School Education and Literacy(25-26)#D



**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा**
(जिला गोपनीय शाखा)
(Email id:-dc-cha@nic.in, Phone :- 06541-253034 (O), 253033 (R) 252310(Fax)

**आदेश**

जनता दरबार एवं अन्य स्त्रोंतों से आयुष्मान कार्ड नहीं होने के कारण जरूरतमंदो को आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिलने संबंधी आवेदन पत्र प्राप्त होते रहते हैं । साथ हीं राशन कार्ड नहीं होने के फलस्वरूप भी आयुष्मान कार्ड बनने में परेशानी होने से संबंधित आवेदन पत्र भी आमजनों से प्राप्त होते हैं । विदित हो कि उक्त योजना राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रदत्त योजनाओं में से एक है । तदनुसार उक्त कार्य के सफल कार्यान्वयन कराया जाना आवश्यक है ।

अतएव आयुष्मान कार्ड व इसके निमित राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं अन्य तरह के सुधार करने हेतु नगर परिषद क्षेत्र के कतिपय वार्डो में शिविर का आयोजन निम्न प्रकार से किया जाता है:-

नगर परिषद, चतरा

| क0 | वार्ड सं0 | शिविर Incharge | शिविर की तिथि | शिविर स्थल | टीम के सदस्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड सं0 01 व 02 | प्रशासक, नगर परिषद, चतरा | 28.08.2025 | वार्ड नं0-01-नगर परिषद कार्यालय/वार्ड नं0-02-पोस्ट ऑफिस के पास सामुदायिक भवन | स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सहिया, सखी, आयुष्मान मित्र, ब्लॉक आशा फेसिलिटेटर, जिला आशा फेसिलिटेटर, प्रखण्ड आपूर्ति पदा0 सहित जनवितरण प्रणाली दूकानदार एवं नगर परिषद के एक कर्मी तथा सी0एस0सी0 मैनेजर द्वारा प्रतिनियुक्त भी0एल0ई0 । |
| 02 | वार्ड सं0 03 व 04 | अंचल अधिकारी, चतरा | | डोमसिटवा वार्ड विकास केन्द्र | |
| 03 | वार्ड सं0 05 | प्रशासक, नगर परिषद, चतरा | 29.08.2025 | Boys School | |
| 04 | वार्ड सं0 06 व 07 | अंचल अधिकारी, चतरा | | छठ तालाब /अटल क्लिनिक | |
| 05 | वार्ड सं0 08 , 09 व 10 | प्रशासक, नगर परिषद, चतरा | 30.08.2025 | कर्मचारी भवन | |
| 06 | वार्ड सं0 12 व 13 | अंचल अधिकारी, चतरा | | नगर भवन | |
| 07 | वार्ड सं0 14 व 15 | प्रशासक, नगर परिषद, चतरा | 01.09.2025 | वादि ए इत्फाभवन | |
| 08 | वार्ड सं0 16 व 11 | अंचल अधिकारी, चतरा | | दीवान खाना स्कूल | |
| 09 | वार्ड सं0 17 व 18 | प्रशासक, नगर परिषद, चतरा | 02.09.2025 | साहू धर्मशाला | |
| 10 | वार्ड सं0 19 व 20 | अंचल अधिकारी, चतरा | | जम-जम होटल | |
| 11 | वार्ड सं0 21 व 22 | प्रशासक, नगर परिषद, चतरा | 06.09.2025 | किशुनपुर उत्क्रमित विघालय | |

उपरोक्त कार्य के सफल कार्यान्वयन हेतु निम्नांकित निदेश दिए जाते हैं-

1. प्रशासक, नगर परिषद, चतरा व अंचल अधिकारी, चतरा शिविर के संबंध में विस्तृत प्रचार-प्रसार करेंगे, ताकि शिविर के लिए निर्धारित वार्ड के अतिरिक्त अन्य वार्डो के लाभुक भी इसका लाभ प्राप्त कर सके। शिविर का आयोजन प्रशासक, नगर परिषद, चतरा द्वारा निर्धारित स्थल पर होगा। इसकी सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व प्रशासक, नगर परिषद, चतरा सहित अंचल अधिकारी, चतरा का होगा ।
2. प्रशासक, नगर परिषद, चतरा सहित अंचल अधिकारी, चतरा अपने-अपने शिविर स्थल के लिए बिजली, Computer System अतिरिक्त Computer Operator एवं अन्य Logistic की व्यवस्था करेंगे तथा शिविर में आवश्यक सहयोग करना सुनिश्चित करेगें।
3. असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा द्वारा शिविरों में आयुष्मान कार्ड के निमित चिकित्सक कर्मी एवं संबंधित कम्प्युटर ऑपरेटर (लैपटॉप के साथ) की प्रतिनियुक्ति अपने स्तर से सुनिश्चित करेगें, ताकि लाभुकों को स्थल पर ही आयुष्मान कार्ड से सभी सूचनाएं अपलोड किया जा सके एवं आयुष्मान कार्ड निर्गत किया जाय सके। Data Collection एवं Compilation की संपूर्ण जवाबदेही स्वास्थ्य विभाग की होगी। सिविल सर्जन चतरा अपने स्तर से आयुष्मान कार्ड सेल बनायेंगे। जिला कार्यक्रम समन्वयक, स्वास्थ्य विभाग की सहिया, सहिया सखी, आयुष्मान मित्र, Block ASHA Facilitator (BAF) District ASHA Facilitator (DAF) से आयुष्मान कार्ड बनवायेंगे तथा Data का सही मिलान आयुष्मान कार्ड से करेंगे। सिविल सर्जन, चतरा स्वास्थ्य विभाग के DPC एवं DPM यह सुनिश्चित करेंगे कि जितने आयुष्मान कार्ड प्रतिदिन शिविर में बन रहें है, उसका Print करा कर लामुक को शिविर में दिया जा रहा हो सिविल सर्जन, चतरा Printed Card का Data प्रखण्डवार तैयार करायेंगे (Number of cards made] & Number of cards distributed) |
4. जिला आपूर्ति पदाधिकारी, चतरा अपने स्तर से प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेगें, ताकि राशन कार्ड से संबंधित मामले स्थल पर निष्पादन हो सके । सभी PDS Dealer के राशन कार्डधारी का आयुष्मान कार्ड बन गया है। इसके लिए PDS Dealer एक रजिस्टर रखेंगे, जिसमें यह Record Maintain करेंगे कि आयुष्मान कार्ड बना है या नहीं ? जिस परिवार का नहीं बना होगा, उसे हर हाल में शिविर में भेजकर बनवायेंगे। इस संदर्भ में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, चतरा अपने स्तर से सभी को निदेशित करेंगे।

5- CSC Manager, चतरा को सूचनार्थ प्रेषित। साथ ही निर्देशित है कि अपने स्तर से उक्त निर्धारित शिविर में CSC VLE (कम्प्युटर ऑपरेटर) को प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।

6. जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी चतरा समाचार पत्रों के माध्यम से शिविर आयोजन का वृहत प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करेगें ।
7. अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया शिविर के नोडल पदाधिकारी रहेगें ।

उपायुक्त,
चतरा
PR 360571 Chatra (25-26)_D

# हिंडाल्को इंडस्ट्रीज पाखर समेत खनन क्षेत्र में पेयजल, शिक्षा व स्वास्थ्य की स्थिति ठीक करें : सांसद

- बैंक अधिकारी ग्राहकों से बेहतर व्यवहार करें
- एमएसएमई में अनुसूचित जनजाति के युवाओं को मिले आसान ऋण
- जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में सांसद ने पदाधिकारियों को दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक जिला परिषद सभाकक्ष, लोहरदगा में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता सांसद सुखदेव भगत, ने की। बैठक में सांसद द्वारा बीते बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की और लंबित मामलों पर आवश्यक निदेश दिये गये। साथ ही, विभागवार भी कार्यों की समीक्षा की गई। सांसद द्वारा कुडू-घाघरा पथ में लंबित कार्यों में गति लाते हुए कार्यपूर्ण करने का निर्देश दिया गया। हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज को पाखर खनन क्षेत्र के मुख्य पथ में गड्ढों को भरे जाने और पीसीसी पथ निर्माण संबंधित निर्देश दिया गया। साथ ही, प्रभावित क्षेत्र में पेयजल, शिक्षा व स्वास्थ्य की स्थिति सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। खेल पदाधिकारी को पर्यटन क्षेत्रों को इको फ्रेंडली बनाये जाने का निर्देश दिया गया। अग्रणी बैंक प्रबंधक को एमएसएमई क्षेत्र में जिला के अनुसूचित जनजाति को आसान प्रक्रिया के तहत ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, बैंक पदाधिकारियों को ग्राहकों से उचित व्यवहार संबंधी कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग को विद्यालयों में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सौ प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल को अजय उद्यान से एचडीएफसी बैंक तक मुख्य पथ में तोड़े गये डिवाडर के कारण खराब हुए मुख्य पथ की मरम्मति दशहरा-2025 से पूर्व कराने के निर्देश दिये गये। विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल द्वारा बताया गया कि चरहू-मेरले पथ का शिलान्यास जो डॉ रामेश्वर उरांव, विधायक, लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र का शिलान्यास पूर्व में किया गया है उस पथ का निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है। इस संबंध में पथ का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कराने का निर्देश ग्रामीण कार्य विभाग को दिया गया। कुडू में कई वर्ष पूर्व बने सामुदायिक भवन के संबंध में आवश्यक जांच कराने का निर्णय बैठक में किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी द्वारा सलगी लालू टोला में एएनएम की उपलब्धता सुनिश्चित करने की शिकायत पर सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश सांसद द्वारा दिये गये। विधायक प्रतिनिधि द्वारा किस्को-खरकी-कोचागांव पथ में गार्डवाल बनाये जाने का प्रस्ताव रखा गया।

साथ ही चंदलासो के कोकर में हाथियों के कारण ग्रामीणों को हो रहे परेशानी से अवगत कराया गया। सांसद द्वारा मनरेगा अंतर्गत पेशरार में नाशपाती की योजना की जांच कराने का निदेश दिया गया। बैठक में सांसद द्वारा देवदरिया में स्वास्थ्य भवन, सदर अस्पताल में दंत चिकित्सक की कमी, रात में सदर अस्पताल परिसर में अवस्थित दवाई की दुकान चालू रखने, पलमी में स्वास्थ्य केंद्र में स्कूल का संचालन, बाल श्रम रोकने के लिए अभियान चलाये जाने, सेन्हा छोटी मस्जिद के पास लाईट की व्यवस्था, विद्युत विभाग के आरडीएसएस की योजना में रैयतों के भुगतान, भूमि संरक्षण के उपकरणों में आ रही शिकायत, लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित चेकडैम की मरम्मति की आवश्यकताओं, समेत कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश विभाग के पदाधिकरियों को दिये गये। कृषि विभाग के बीज वितरण व उर्वरक की उपलब्धता पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा-भौंरा तक खराब पथ, लावागाईं में दक्षिणी कोयल नदी में चेकडैम की आवश्यकता, जीमा स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से दुर्व्यहार, बारिश में घर गिरने समेत अन्य बिदुंओं पर चर्चा की गई और आवश्यक प्रस्ताव माननीय अध्यक्ष के समक्ष रखे गये।

बैठक में माननीय सदस्यों द्वारा विभिन्न अपनी मांगों व प्रस्ताव से माननीय अध्यक्ष को अवगत कराया गया। बैठक की शुरूआत में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त और वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा सांसद का स्वागत किया गया। बैठक में उपायुक्त डॉ ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिवजी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, सदस्य जफर उल्लाह खान, सलीम अंसारी, डॉ सिस्टर आईलीन, मनोज सोन तिर्की, सभी प्रखण्ड प्रमुख, फुलदेव उरांव, रामचरण राम, विभिन्न पंचायतों के मुखियागण आदि उपस्थित थे।

### स्कूल में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न

## प्रतियोगिता से आगे बढ़ने का मिलता है मौका : सच्चिदानंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** विद्या भारती के तत्वाधान में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ऊं एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन संयुक्त रूप से गुमला विभाग के प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा , प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ,प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सुंदरी देवी शिशु मंदिर के सुरेश चंद्र पांडे,देवेंद्र वर्मा सिसई ,दिवाकर प्रसाद सिंह रायडीह, के प्रधानाचार्य ने किया। आगंतुक अतिथियों का परिचय एवं सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों ने अपने संकुल का प्रतिनिधित्व करते हुए विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लिया है। लोहरदगा संकुल ,गुमला संकुल एवं रायडीह संकुल के 13 विद्यालयों के प्रतिभागी भैया-बहन शामिल हुए ।

विमलेश तिवारी सेन्हा ,मनोहर मोदी बड़की चापी, प्रमोद कुमार कैरो के प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे।प्रतियोगिता की व्यवस्था की जानकारी राजीव कुमार सिंह ने दिया। प्रतियोगिता में अंग्रेजी,विज्ञान, वैदिक गणित, संस्कृत,संगणक एवं संस्कृति बोध, इसके अतिरिक्त आशु भाषण, कथा कथन एवं पत्रवाचन भी विषय शामिल थे। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ने भैया- बहनों को प्रतियोगिता की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रतियोगिता सीखने का मौका है, लेकिन उससे ज्यादा , आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

जिससे ज्ञान का असली मूल्य साझा किया जाता है। बुद्धि की परीक्षा प्रश्नों से होती है और धैर्य की परीक्षा प्रतियोगिता से होती है। गुमला विभाग के विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि प्रश्न मंच केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि सीखने और व्यक्तित्व निखारने का अवसर है प्रश्न मंच में हार -जीत से बढ़कर सीखने की ललक होनी चाहिए। परिणाम की घोषणा प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने किया। आशीर्वचन में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि हार में भी जीत की पहचान है। गिर कर उठाना ही जीवन का मान है, हार से नई सीख की और कदम बढ़ाते हैं,अंधियारे के बाद ही सवेरा सुनहरा आता है। इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 280 भैया-बहन, 13 प्रधानाचार्य कुल 371 लोग शामिल हुए। मंच संचालन जामवंती मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में तीनों संकुल के आए आचार्यगण एवं निर्णायकगण को प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में ज्ञानर्जन की ललक ,तर्क क्षमता और राष्ट्रीय चेतना जागृत करती है। धन्यवाद ज्ञापन सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने किया।

## ननबैंकिंग कंपनी में जमा राशि की भुगतान की मांग




**भंडरा ।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के द्वारा गुरुवार को जुलुस निकाला गया। भंडरा प्रखंड बस्ती के बाजार टाड से दल के जिला प्रभारी सोमे उराँव के नेतृत्व में जुलूस प्रदर्शन आयोजित कर मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सहारा इंडिया सहित सभी ननबैंकिंग में लोगों के जमा मेहनत के पैसे को सूद समेत भुगतान कराने की मांग की गई। उन्होंने कहा की सभी ननबैंकिंग में जमा पैसे की भुगतान नहीं कर केंद्र व राज्य सरकार निवेशकों के साथ अन्याय कर रही है जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। जल्द ही पैसा भुकतान कराने की पहल सरकार द्वारा नहीं कराया जायेगा तो संघ अपना आंदोलन और तेज करने की बात कही। कार्यक्रम में शनि उराँव, फूलो उराँव,गंगेश्वर भगत सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्राचीन दुर्गा पूजा समिति चांदकोपा की बैठक संपन्न

लोहरदगा। प्राचीन दुर्गा पूजा समिति चांदकोपा" की बैठक स्थानीय सामुदायिक भवन में रखी गई। इस दौरान इस वर्ष शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में गत वर्ष का आय एवं व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। साथ ही पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया जिसमे अध्यक्ष- बृजेश साहू, उपाध्यक्ष - अरविंद साहू, ओम प्रकाश साहू, रंजीत साहू, बबलू राम,आनंद साहू, सचिव - सिकंदर साहू, सह- सचिव -रूपेश कुमार, आनंद राम, प्रतिश कुमार ,प्रवीण साहू कोषाध्यक्ष -उपेन्द्र कुमार साहू, संरक्षक - दीपक ठाकुर, पवन कुमार, कपिल साहू,राम सूरज राम, प्रदीप साहू, गंगा साहू को बनाया गया। बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासप्तमी एवं महाअष्टमी के दिन नाटक एवं अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में दीपक ठाकुर, बृजेश साहू, कपिल साहू ,रूपेश साहू, पवन कुमार,संदीप साहू,अंजनू साहू,प्रतिश , कौशल ,शुभम,विवेक आदि उपस्थित थे।

### जर्जर सड़क की समस्या को लेकर डीसी से मिला पाखर लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जर्जर सड़क की समस्या को लेकर पाखर लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष आरीफ हुसैन बबलू के नेतृत्व में एक प्रतिनिघि मंडल गुरुवार को उपायुक्त डॉ ताराचंद से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि किस्को प्रखंड के पाखर पंचायत के अंतर्गत पाखर उपर पाठ यात्री शेड से हिंडाल्को कंपनी के कांटा घर तक की सड़क अत्यन्त ही जर्जर स्थिति में है। इसी सड़क से रोजाना सैकड़ों ट्रकें आते जाते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं छात्र-छात्राओं का एवं दुर्गम क्षेत्र में निवास करने वाले आदिम जनजाति के निवासियों का आवागमन का भी मुख्य सड़क यही है। लोग जान जोखिम में डालकर सड़क पर चलने को मजबूर हैं। कई बार छोटे-छोटे हादसे हो चुके हैं। अगर यही हाल रहा तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त से अनुरोध है कि उक्त सड़क को बनवाने की कृपा की जाए। उपायुक्त ने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया है कि इस पर जांच करा कर सड़क बनवाने की दिशा में जल्द पहल की जाएगी। पाखर लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष आरीफ हुसैन बबलू के अलावे एकरामुल अंसारी, इरशाद अहमद, शाकिर अंसारी, सरवर आलम, जियाउल अंसारी, अकबर अंसारी आदि शामिल थे।

# बेड़ो में गणपति पूजा की धूम, पूर्व सांसद व अन्य हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बेड़ो प्रखंड के बेड़ो थाना परिसर में श्रीराधे कृष्ण यूथ संगम के द्वारा आयोजित गणेशोत्सव कलश स्थापना व पुजा अर्चना के साथ प्रारंभ हो गया। वही पंडाल में गणेशजी की प्रतिमा की विधिवत पूजा अर्चना की गई. भगवान गणेश पूजा पंडाल के पट दर्शन के लिए खोल दिया गया. यहां गणेश भगवान की छः दिनों तक विधिवत पूजन की जायेगी.वहीं टेरा कोटा के तर्ज में बनी पंडाल के अंदर बंगाल के कारीगरों द्वारा विशेष विद्युत सज्जा की गई है और विद्युत चालित प्रतिमा स्थापित की गई है. महोत्सव को लेकर महावीर चौक, गुमला रोड, लोहरदगा रोड में आकर्षक रंगीन लाइटों से सजाया गया है. इधर पट खुलने बाद भगवान गणपति के दर्शन के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने फीता काटकर उद्घाटन किया और गणेश जी समक्ष मत्था टेककर क्षेत्र के लिए सुख,समृद्धि व खुशहाली की कामना किए. साथ ही पूर्व सांसद धीरज साहू ने कहा कि इस क्षेत्र में गणेश भगवान के पूजन को लेकर भक्तों में काफी उत्साह हैं, ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था से दुःखो का नाश होता हैं। मौके पर लोहरदगा लोकसभा के पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व सांसद समीर उरांव, अधिवक्ता सचितानंद चौधरी, शंन्नी टोप्पो समेत कई गण्यमान्य लोगों ने गणपति बप्पा और पंडाल का अवलोकन किया. वहीं अतिथियों को पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया. इधर पंडाल का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. पुजा की सफल आयोजन में समिति के सभी लोग दिन रात लगे हुए थे।

### सेन्हा में भगवती जागरण का किया गया भव्य आयोजन



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राम नगर सेन्हा में गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर गणेश पूजन के उपरांत बुधवार रात्रि में भव्य भगवती जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम से पूर्व अध्यक्ष रोहित साहु द्वारा सभी का स्वागत किया गया.वही भगवती जागरण कार्यक्रम में बिहार की प्रसिद्ध भोजपुरी भजन गायिका प्रियंका तिवारी,खुशी कक्कड़,बिक्की तिवारी,गोलू राजा,निक्की तिवारी,धनंजय शर्मा के द्वारा एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत किया गया.जिसे भक्तजन सुन कर झूम उठे वही धनंजय शर्मा द्वारा भगवान श्री शंकर जी का भजन हाथी न घोड़ा कोई सवारी पैदल आइबो तोहरे दुवारी के साथ कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया.वही खुशी कक्कड़ ने सब देवता में पहिले राउर पूजा होला मङ्गल के दाता भगय के विधाता गणपति और राम आयेंगे मेरे झोपड़ी के भगये खुल जायेंगे तथा गोलू तिवारी द्वारा संसार रउरे चलाई हो प्रभु मोर लजिया बचाई और प्रियंका तिवारी ने हे गजानन हे गणेशा तनी आईं और लड्डूवा क भोग लगाई से शमा बांध दिया.कलाकारों द्वारा रात भर एक से बढ़ एक भजन प्रस्तुत किया गया.जिसे सुन भक्त श्रोता झूमते रहे.मौके पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु सिंह,जेएमएम जिला अध्यक्ष मोज़म्मिल अहमद,सांसद प्रतिनिधि नन्दकिशोर शुक्ला के अलावे मिथलेश मिश्रा,अजित महतो,अवधकिशोर साहु,अंकित साहु, बृजमोहन प्रसाद,सार्थक,अक्षत समेत सैकड़ो महिला पुरुष और नन्हे मुन्ने भक्त उपस्थित थे।

### गुदरी बाजार धर्मशाला गली गणेश पूजा आयोजन समिति ने किया भंडारा का आयोजित



**लोहरदगा।** गणेश उत्सव के मौके पर गुदरी बाजार धर्मशाला गली गणेश पूजा आयोजन समिति की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तिभाव से प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों ने सेवा भावना के साथ प्रसाद वितरण कर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर समिति सदस्य अरुण वर्मा, ओमप्रकाश कांस्यकार, करुण कांस्यकार, तरुण वर्मा, विक्की महतो, बबली कुमारी, संध्या देवी, ज्योतिष कुमार, सत्यकाम, रंजीत कुमार, उत्तम कांस्यकार समेत समिति के अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। भंडारे का प्रसाद बनाने की तैयारियां सुबह से ही हो रही थी। आयोजन समिति के पुरुष महिलाएं और बच्चे इसमें तन मन व धन से लगे हुए थे। कोई सब्जी काट रहा था तो कोई चावल धो रहा था।

## न्यूज बॉक्स

### खेलो झारखंड के अतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित



**लोहरदगा।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड के निदेश के आलोक में झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के तत्वाधान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025-26 के द्वितीय चरण में खो-खो और कुश्ती एवं वुशु प्रतियोगिता का आयोजन सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, नदिया हिन्दू, लोहरदगा में की गई। एक दिवसीय खेल का विधिवत उद्घाटन एडीपीओ, मोनीदीपा बनर्जी, प्रभाग प्रभारी आकाश कुमार, शारीरिक शिक्षकों तथा प्रतिभागियों आदि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। अंडर 14, 17 और अंडर 19 बालक एवं बालिकाओं के खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी सात प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों के प्रखण्ड स्तरीय विजेता टीम यथा सरकारी मध्य, उच्च,केजीबीभी और एकलव्य विद्यालयों के कुल 38 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न विद्यालयों के अंडर-14, 17 और 19 वर्ग में बालक और बालिका और बालक की टीमें भाग ले रही हैं। कुश्ती प्रतियोगिता में ओपन ट्रॉयल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विजयी प्रतिभागी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिनाँक 29.08.2025 को बैंड प्रतियोगिता का आयोजन केजिबिभी, सीएम एसओई कुजरा में और एथलेटिक्स का आयोजन डाईट, चिरी परिसर स्थित खेल मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु शिक्षा विभाग से जीतेंद्र मित्तल, सुनील तिर्की, पंकज कुमार, उर्सला कुजूर, बिपिन किशोर लकड़ा, खुशबू कुमारी, तबारक अंसारी, रामरति प्रजापति, अनिल उरांव, राजेश साहू,सारू उरांव, विशाल संदीप कुजूर, संतोष टोप्पो, मोहित मुकेश, ज्ञान प्रकाश कुजूर, दुर्गा प्रजापति,अमन साहू आदि अपना योगदान दे रहे हैं। साथ ही चिकित्सा विभाग, लोहरदगा के चिकित्साकर्मी भी खेल के दौरान अपनी सेवा दे रहें हैं। सभी मैच का संचालन लोहरदगा जिले के रजिस्टर्ड रेफरी एवं शारीरिक शिक्षकों के निर्देशन में किया जा रहा है।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सेन्हा लकड़ी डीपु के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र के निगनी ग्राम निवासी केश्वर साहु का 45 वर्षीय पुत्र कुलदीप साहू उर्फ बबलू साहू के रूप में किया गया। घायल युवक को ग्रामीणों की सहायता से इलाज के लिये 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। जिसे जांचोपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की रात्रि करीब 9 : 30 बजे कुलदीप साहू अपनी बाइक संख्या जे एच 08 जी 0780 सिमडेगा से लौट कर निगनी अपना घर जा रहा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन आ रही थी। जिसके धक्का मारने से कुलदीप साहू को सिर और कमर में गम्भीर चोटें लेगी। जिसे वह घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने दल बल के साथ पहुंच कर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से लोहरदगा सदर अस्पताल भेजवाया। जहाँ जांच कर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक निगनी गाँव निवासी कुलदीप साहू मरीजों को आयुर्वेद दवा देने का कार्य करता था और गाँव में ही बाइक साइकिल बनाने का काम कर जीविकोपार्जन चलता था। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा कि सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हुई है। अज्ञात वाहन का पता लगाने और अग्रतर करवाई में पुलिस जुट गई है।

### अंचल अधिकारी से चौकीदार पंचायत संघ ने की शिष्टाचार भेंट, बुके देकर किया स्वागत



**लोहरदगा।** लोहरदगा चौकीदार पंचायत संघ के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को अंचल अधिकारी राम नारायण खलखो से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पंचायत के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अंचल अधिकारी को बुके भेंटकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाकात के दौरान झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत लोहरदगा के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने चौकीदारों की विभिन्न समस्याओं से अंचल अधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले के चौकीदारों को कई बरसो से वर्दी एवं अन्य सामग्री का भुगतान विभाग को पत्रचार नहीं किए जाने के समस्या हो रही है। इसके अलावा कुछ चौकीदारों को एसीपी, एमएसीपी का लाभ 2 वर्ष पहले मिल चुका है। जिन चौकीदारों को उक्त लाभ नहीं मिला है उन्हें लाभ दिया जाए। अंचल अधिकारी श्री खलखो ने चौकीदारों की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों तक पहुँ चाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चौकीदार प्रशासन की जमीनी इकाई हैं और इनके बिना गाँवों में शांति और सुरक्षा की कल्पना अधूरी है। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि सभी चौकीदारों और कर्मियों के मुद्दों का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। वहीं अंचल कार्यालय में बड़ा बाबू चंद्र किशोर भगत और अर्जुन प्रजापति भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मुलाकात करने वालों में चौकीदार सतीश उरांव, अनिल उरांव, सुखदेव माली, फिरंगी मुंडा, शुजाउल अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, मुमताज अंसारी, नुसरत अंसारी सहित अन्य कई चौकीदार शामिल हैं।

### अधिकार और जिम्मेदारियों की दी गयी जानकरी




**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुई।कार्यशाला के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधि मुखिया,ग्राम प्रधान पंचायत समिति वार्ड सदस्य,पंचायत सचिव,पंचायत सहायक को पेसा अधिनियम 1996 के अंतर्गत ग्राम सभा के अधिकार और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार की ओर से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में ग्राम सभाओं की भूमिका को सशक्त करना और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनकी संवैधानिक शक्तियों से परिचित कराना है।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में कविता कुमारी ने प्रतिभागियों को पेसा कानून के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा न केवल निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेती है,बल्कि खनन, भूमि उपयोग,जल,जंगल और जमीन से जुड़े मामलों पर भी उसकी राय सर्वोपरि होती है। पारंपरिक सामाजिक व्यवस्थाओं की रक्षा और निगरानी में भी ग्राम सभा की अहम भूमिका होती है।

### युवा क्लब ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

# गणेश चतुर्थी की धूम, पंडालों में उमड़ा जनसैलाब

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई(गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में बहुत ही धूमधाम से गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है। वहीं सिसई मेन रोड स्थित युवा क्लब का पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। युवा क्लब मेन रोड में आज संध्या आरती के समय सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे झूमते दिखे। वहीं न्यू विद्यार्थी क्लब की ओर से बसिया रोड में भी भगवान सिद्धिविनायक गणेश जी का प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ किया जा रहा है। पूजा में शामिल सभी भक्त बप्पा का दर्शन पाकर धन्य हो रहे हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूजा पंडालों में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर न्यू विद्यार्थी क्लब बसिया रोड के सौजन्य से शुक्रवार को रंगारंग ठेठ नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति में सेवन स्टार म्यूजिकल ग्रुप रांची के द्वारा समा बांधी जाएगी। युवा क्लब श्री गणेश पूजा समिति मेन रोड सिसई के अध्यक्ष अमित ताम्रकार, उपाध्यक्ष मनोज साहू, धीरज साहू, विकाश लाल, पुजारी आचार्य विकल्प पाठक, सचिव शुभम् कुमार, सह सचिव विश्वजीत चटर्जी ,हिमांशु गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकाश कुमार,पूजा प्रभारी ऋतिक ताम्रकार,मीडिया प्रभारी शशि वर्मा, प्रताप उरांव,कुलदीप साहनी, तारक साहू,अंकित गोप,प्रकाश उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

### गणेश चतुर्थी पर श्रीगणेश मंदिर में हुआ भव्य आयोजन, भजन-कीर्तन से गूंजा वातावरण



**गुमला।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर करमटोली रोड स्थित श्रीगणेश मंदिर में पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और वातावरण भक्तिरस में सराबोर रहा। आचार्य की उपस्थिति में दिन के 1:30 बजे श्रीगणेश भगवान की पूजा-अर्चना विधिविधान से संपन्न हुई। लड्डू व पेड़े का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। दोपहर 3 बजे से बच्चों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। संध्या 5 बजे से महिला समूह द्वारा भक्ति गायन शुरू हुआ जो शाम 7 बजे तक चला। शाम के बाद लक्ष्मण नगर की 21 सदस्यीय श्री महावीर कीर्तन मंडली ने भक्ति जागरण और कीर्तन-भजन प्रस्तुत किया, जो देर रात तक चलता रहा। गायक रामजी तिवारी, बिनोद साहु, हरेंद्र गिरी, अरुण पांडेय, सुबोध यादव, मोहन सिंह, जोगेंद्र गोप, सुधेश्वर शर्मा उर्फ लोहा बाबु आदि ने एक से बढ़कर एक भजन गाकर श्रद्धालुओं को झूमने और नाचने पर मजबूर कर दिया।

### जनशिकायत निवारण दिवस में आठ मामलों का निष्पादन



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिसई परिसर में गुरुवार को साप्ताहिक जनशिकायत निवारण दिवस शिविर का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता हुई। शिविर के माध्यम से रेड़वा, मुर्गू, लरंगो, भूरसो, घाघरा, कुदरा, भदौली, पंडरिया, छारदा एवं नगर पंचायत के कुल 16 आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें वृद्धा पेंशन - 5, मईया सम्मान योजना से संबंधित - 3, जन्म मृत्यु से संबंधित - 1, पथ निर्माण से संबंधित - 3, और आवास से संबंधित - 4 मामले थे। जिसमें से 08 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं 08 मामलों को संबंधित विभाग को निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया। मौके पर प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, अंचल निरीक्षक चंदरू उरांव, कर्मचारी प्रकाश उरांव, मुनेश्वर सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर बजरंग साहु सहित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय से संबंधित विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### जिले के पांच नाबालिग बच्चों की हुई घर वापसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त के निर्देश व मार्गदर्शन में गुमला जिले के पांच नाबालिग बच्चों को विभिन्न राज्यों से रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से उनके परिवार को सौंपा गया। रेस्क्यू किए गए बच्चों में एक बालक और चार किशोरियों शामिल हैं। ये सभी बच्चे बसिया, रायडीह, गुमला, जारी, बिशुनपुर और कामडारा प्रखंड से संबंधित हैं। बच्चों को दिल्ली, छत्तीसगढ़, जयपुर और पश्चिम मेदनीपुर से मुक्त कराया गया। ये सभी बाल श्रम और तस्करी का शिकार बने थे। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से इन्हें सुरक्षित गुमला लाकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया और प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिवार को सौंप दिया गया। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि रेस्क्यू किए गए बच्चों को शिक्षा व कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि भविष्य में वे किसी भी प्रकार के शोषण का शिकार न हों। आवश्यकता पड़ने पर उनके पुनर्वास एवं देखभाल के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं किसी बच्चे के शोषण या कठिन परिस्थिति की जानकारी मिले तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करें।

### चेकिंग अभियान में बिना हेलमेट वालों पर सख्ती



**घाघरा (गुमला)।** घाघरा गुमला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना एवं सड़क सुरक्षा को देखते हुए घाघरा थाना गेट के समीप दो पहिया वाहन का वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें हेलमेट पहने हुए वाहन चालक को घाघरा थाना के मृत्युंजय कुमार के द्वारा धन्यवाद दिया गया। और जो वाहन चालक हेलमेट नहीं पहेन कर चला रहे वैसे वाहन चालक से फाईन काटने के लिए घाघरा थाना में सभी वाहन को रखा गया। एवं पुलिस के द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है कि जो भी वाहन चालक हेलमेट एवं कागजात दुरुस्त नहीं रखेंगे वैसे वाहनों को पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला परामर्शदात्री व समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

# योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति तथा ऋण-जमा अनुपात निगरानी उप समिति की त्रैमासिक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। इसमें विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, नाबार्ड अधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी शामिल हुए। बैठक में जिले की बैंकिंग गतिविधियों, सरकारी योजनाओं की स्थिति तथा ऋण-जमा अनुपात की समीक्षा की गई। किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन योजना की प्रगति का आकलन किया गया। बैंकों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लक्ष्यों को समय पर पूरा करें और अधिक से अधिक पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि ग्रामीण जनता तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए बैंक शाखाएं सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही जिन बैंकों का ऋण-जमा अनुपात कम है, उन्हें अगली तिमाही में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

### नवोदय विद्यालय में छात्रों को दी गयी स्वास्थ की जानकारी

**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने आज जवाहर नवोदय विद्यालय, मसरिया डेम, घाघरा का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इट राइट इंडिया अभियान के तहत इट राइट स्कूल कार्यक्रम को बढ़ावा दिया गया। विद्यार्थियों को संतुलित आहार, भोजन में पोषक तत्वों की महत्ता तथा सुरक्षित खानपान के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही फूड फोर्टिफिकेशन, नो फूड वेस्ट तथा "आज से थोड़ा कम" (तेल, चीनी और नमक का सेवन कम करने) पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।


**कार्यालयः उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर**
**(जिला नजारत शाखा)**

**शुद्धि पत्र 359137**

जिला प्रशासन, पलामू द्वारा एतद् के माध्यम से अल्पकालीन निविदा खोलने की तिथि 25.08.2025 को 03.00 बजे अप0 निर्धारित किया गया था जो अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है एवं इसका अवधि विस्तार करते हुए दिनांक 11.09.2025 को 01.00 बजे तक निविदा जमा करने एवं 03.00 बजे अपराह्ण में निविदा खोलने की तिथि निर्धारित की जाती है।

नजारत उप समाहर्त्ता,
पलामू।

PR 360579 (District) 25-25 (D)


### सिसई व भरनो में कांग्रेस का संवाद सम्मेलन संपन्न

# बीएलए को बताया चुनाव की रीढ़

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** सिसई प्रखंड के भदौली पंचायत ब्लॉक चौक रावण दहन मैदान और भरनो प्रखंड के तुरीअंबा में कांग्रेस पार्टी का संवाद सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी ने की। इसमें झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन बरवा, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर समेत बड़ी संख्या में जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने अपने संबोधन में कहा कि यदि कांग्रेस ने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की ताकत छोड़ दी, तो भाजपा चुनावी लाभ उठा लेगी। उन्होंने बीएलए को चुनाव की रीढ़ की हड्डी बताते हुए कहा कि इनके माध्यम से ही वोट चोरी रोकी जा सकती है।

उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि बीते लोकसभा चुनाव में करीब 25 सीटों पर धांधली कर भाजपा ने सत्ता हासिल की। साथ ही बिहार में मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर 65 लाख वोटरों को लिस्ट से बाहर करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने चेताया कि झारखंड में भी इसी तरह की साज़िश की आशंका है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि वर्ष 2025 कांग्रेस के लिए संगठन सृजन का वर्ष है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ एजेंटों के माध्यम से पंचायत स्तर पर वोटर लिस्ट की निगरानी करें और 18 वर्ष से अधिक युवाओं को बीएलओ की मदद से लिस्ट में शामिल करवाएं। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही हर जिले में "वोट चोर गद्दी छोड़" नारे के साथ रैली निकाली जाएगी। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि केवल भीड़ जुटाने वालों पर नहीं, बल्कि संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं पर संगठन भरोसा करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि 2029 में भाजपा को उखाड़ फेंकना है और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। इस संवाद सम्मेलन में फिरोज आलम, तरुण घोष, बॉबी भगत, आफताब आलम लाड़ले, इकरामुल हक, मो. मुख्तार, ज्योति, सैय्यद खालिद, गुलाम सरवर, बिंदेश्वर साहू, आजाद अंसारी समेत 18 पंचायतों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

### रावण मैदान में कांग्रेस का पंचायत स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी एवं जिला अध्यक्ष चेतू उरांव के अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू शामिल हुए। जनसंवाद कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि हमने मनरेगा कानून बनाकर केंद्र में लागू करवाया, ताकि शोषित वंचित मजदूरों को रोजगार मिल सके। साथ ही भोजन का अधिकार कानून बनाकर केंद्र में लागू किया ताकि गरीब परिवारों को भोजन मिल सके।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN – U40108JH2013-SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Garhwa**
**E-mail: esegarhwa@yahoo.in**

**Very Short Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 173/PR/JBVNL/ 2025-26 | Construction of Rail Pole foundation near bank of river Koyal at Rehla under Electric Supply Circle, Garhwa | 691300/– | (04) Four Months | 13850.00 | 1475.00 (Including 18% GST ) | 11/09/2025 upto 03:00 PM | 11/09/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 360652 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)D

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Garhwa


### पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों में देर शाम गणेश महोत्सव बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव से मनाया गया। मुख्यालय स्थित ब्लॉक चौक, स्कूल रोड, बाजार टांड़, ब्राह्मण मुहल्ला स्थित हनुमान मंदिर और बस्ती बाजार रोड पर प्रतिमाएँ स्थापित कर प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की विधिविधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा कई घरों में भी श्रद्धालुओं ने गणपति प्रतिमा स्थापित कर पूजा की। पूजा समितियों द्वारा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने गणेश जी की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा समिति के सदस्यों ने प्रसाद का वितरण कर माहौल को और भक्तिमय बना दिया। बस्ती बाजार रोड स्थित शिव शक्ति क्लब गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने फीता काटकर किया।

### देवस्थल में गणेश प्रतिमा की स्थापना श्रद्धालुओं ने किया पूजा-अर्चना



**लोहरदगा।** जिलेभर में गणेशोत्सव का उल्लास चरम पर है। सभी पूजा पंडालों में आकर्षक विद्युत सज्जा और भक्तिमय वातावरण श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रहा है। इधर महाकाल गणेश पूजा समिति, कृषि मार्केट, बसारटोली गणेश पूजा समिति, देवस्थल शांति नगर किस्को मोड़ में चल रहे पाँच दिवसीय गणेशोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को पूजन-अर्चन के पश्चात दोपहर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के प्रसाद में भक्तों ने खिचड़ी, चटनी और पापड़ तिलौरी आदि का सेवन किया। भक्तगण 'बप्पा मोरया' के जयकारों के बीच बड़ी संख्या में उमड़े और प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक सुख का अनुभव किया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने विशेष उत्साह के साथ भंडारे का आनंद लिया। संध्या में होने वाली महाआरती में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा परिसर भक्तिरस से सराबोर रहा और गणपति बप्पा के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

### लिटीम चुवाडीपा गांव में सड़क सुविधा का अभाव

# ग्रामीणों ने की पीसीसी सड़क की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**पालकोट (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित उमड़ा पंचायत के राजस्व ग्राम लिटीम चुवाडीपा में आज भी ग्रामीण बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। गांव की सड़क जर्जर हालत में है और बरसात में पूरा रास्ता घुटनों तक कीचड़ से भर जाता है, जिससे लोग आवागमन के लिए परेशान रहते हैं।

ग्रामवासियों ने बताया कि बरसात में बच्चों के लिए स्कूल जाना सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। कीचड़ से लथपथ रास्तों पर किसी तरह बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल पहुंचते हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण की मांग वे वर्षों से कर रहे हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है, काम कुछ नहीं हुआ। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि गांव के लोग भी सम्मानजनक जीवन जी सकें और बच्चों की शिक्षा बाधित न हो। उनका कहना है कि सड़क बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ पाएगा।


**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, लातेहार**

**रिक्ति की सूचना**

**भर्ती कैम्प– 2025 दिनांकः 30/08/2025**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में सुगमता से नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांकः 30.08.2025, दिन : शनिवार के पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुला मैदान में एक दिवसीय भर्ती कैम्प 2025 आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प 2025 में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification | | Experience | Age | Job Location | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | FLIPKART/ WARE HOUSE, Kolkata | Picker, Packer, Mover, Hand Scrach, Washer Man, | 210 | 10th | Graduate | Fresher | 18-45 yrs | Jharkhand and other state | 14000-28000/- |
| 2 | Air Tel Payment Bank, Ranchi | Promoter | 20 | 12th | - | - | 18-35yrs | Latehar, Palamu, Garhwa | - |
| 3 | SATIN CREDIT CARE NETWOK LTD. DALTONGANJ, PALAMU | TCSO | 50 | 12th | - | Fresher | - | Latehar, Palamu, | 19000/- |
| 4 | Daksya Academy Pvt. Ltd, Latehar | Trainer CCE (Customer Care Executive) | 02 | Graduate | - | 2 Yrs. | 23-35 | Latehar, | 12K- 20K |
| | | Trainee MST –Food Processing | 02 | Diploma Hotel Management | - | 4 Yrs. | 23-35 | | 15K- 25K |
| | | Trainee ST – Sample Tailoring | 01 | Graduate | - | 2Yrs. | 23-32 | | 10K 15K |
| | | Worden Girls Hostel | 01 | 10th | - | Basic Know. of Computer | 25-35 | | 10K 12K |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प 2025 में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायो डाटा(2 कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

नोट :– रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर एवं जिला नियोजन कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

|| आपके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ ||

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार

PR 360591 Labour Employment and Traning (25-26)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब व्यक्ति को अपने गुरु मिल गए हों, तो उनके प्रति निशर्त भक्ति रखनी चाहिए, क्योंकि वे ईश्वर का माध्यम हैं। गूरू का एकमात्र उद्देश्य शिष्य को आत्म-साक्षात्कार प्रदान करना है, गुरु जो प्रेम शिष्य से प्राप्त करते हैं, उसे वे ईश्वर को दे देते हैं। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

## अमेरिका से बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनता भारत

2038 तक अमेरिका को पछाड़ भारत बन सकता है दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था! अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान के आधार पर ईवाई का दावा है कि भारत की युवा आबादी, उच्च बचत दर, सुधारवादी नीतियां और नई तकनीकों में निवेश उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था का अहम स्तंभ बनाने में मदद करेंगे। इसके दम पर भारत 2038 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।वैश्विक परामर्श कंपनी ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2038 तक खरीद शक्ति समानता (पीपीपी) के आधार पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उस समय भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 34.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह आकलन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान पर आधारित है। 2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था ईवाई ने कहा कि आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर (पीपीपी) की अर्थव्यवस्था तक पहुंच सकता है। तुलना में चीन 42.2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ आगे रहेगा, लेकिन उसकी उम्रदराज आबादी और बढ़ता कर्ज बड़ी चुनौती है। अमेरिका मजबूत बना रहेगा लेकिन 120% से अधिक के ऋण-जीडीपी अनुपात और धीमी वृद्धि दर से जूझेगा। जर्मनी और जापान भी अपने अधिक आयु वाले समाज और वैश्विक व्यापार पर निर्भरता के कारण सीमित रहेंगे। भारत की बड़ी ताकत इसकी युवा जनसंख्या है। 2025 में भारत की औसत आयु मात्र 28.8 वर्ष है। इसके साथ ही, भारत के पास दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची बचत दर है। सरकार का ऋण-जीडीपी अनुपात भी 2024 में 81.3% से घटकर 2030 में 75.8% पर आने का अनुमान है। इसके विपरीत, अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का ऋण लगातार बढ़ रहा है।सुधार और नीतियों का योगदान

*2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था ईवाई ने कहा कि आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर (पीपीपी) की अर्थव्यवस्था तक पहुंच सकता है।*

भारत की इस लंबी अवधि की मजबूती सिर्फ जनसांख्यिकी पर आधारित नहीं है, बल्कि संरचनात्मक सुधारों और मजबूत बुनियादों पर भी टिकी है। जीएसटी, दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), वित्तीय समावेशन (यूपीआई) और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पी ए ल आ ई) योजनाएं उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ा रही हैं। बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक निवेश, एआई, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा जैसी तकनीकों का तेजी से अपनाना भारत को भविष्य के लिए मजबूत बना रहा है। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी. के. श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की युवा और कुशल कार्यशक्ति, ऊंची बचत व निवेश दर और तुलनात्मक रूप से टिकाऊ ऋण प्रोफाइल, वैश्विक अस्थिरता के बीच भी तेज विकास बनाए रखेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत अगर महत्वपूर्ण तकनीकी क्षमताओं को विकसित करने और लचीलापन बढ़ाने पर ध्यान देता है तो 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा हो सकता है। ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2028 तक बाजार विनिमय दर (एमईआर) के आधार पर जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

# बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को सेवाएं देने वाली जन धन योजना के 11 वर्ष पूर्ण

वित्तीय समावेशन सतत विकास की एक अनिवार्य शर्त है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वर्ष 2030 के लिए संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से 7 इसे दुनिया भर में समावेशी विकास के लिए एक प्रमुख कारक के रूप में मानते हैं। वित्तीय समावेशन की दिशा में पहला कदम बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने से शुरू होता है क्योंकि बैंक खाता औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है।

इसलिए वित्तीय समावेशन के लिए स्पष्ट और संरचित नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है ताकि शुरू से ही इस सुविधा से वंचित लोगों तक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया जा सके। इस सिद्धांत को व्यवहार में लाने के लिए, लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी के पहले संबोधन में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की घोषणा की गई, जिसे राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन के अंतर्गत 28 अगस्त 2014 को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। इस मिशन का विजन "मेरा खाता, भाग्य विधाता" के नारे में समाहित था। इसका उद्देश्य गरीबों और लंबे समय से वंचित वर्ग के लोगों को आर्थिक मुख्यधारा में लाना, औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक उनकी पहुंच को साकार कराना और यह सुनिश्चित करना था कि वे भारत की विकास गाथा के हितधारक और लाभार्थी बनें। जन धन खातों ने लाभार्थियों को न्यूनतम कागजी कार्रवाई और सरलीकृत केवाईसी/ई-केवाईसी प्रक्रियाओं के साथ जीरो-बैलेंस और शून्य-शुल्क वाले खाते खोलने की अनुमति दी।




इसके अंतर्गत रुपे डेबिट कार्ड पर 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर और 10,000 रुपए तक ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी दी गई है। प्रधानमंत्री जन धन योजना ने अपनी शुरुआत के बाद से अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। वर्ष 2024 की एक आर्थिक और राजनीतिक साप्ताहिक पत्रिका ने लिखा है कि "2014 और 2017 के बीच भारत में खाताधारकों की संख्या में 26 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर दर्ज की गई, जिसका श्रेय दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय समावेशन अभियान- पीएमजेडीवाई को दिया जा सकता है। यह वैश्विक खाता वृद्धि (6.57) से लगभग चार गुना अधिक है और इसी अवधि के दौरान विकासशील देशों (7.27) की तुलना में तीन गुना अधिक है।" 8 अगस्त 2025 तक, 56 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले जा चुके हैं जिनमें से लगभग 67 प्रतिशत ग्रामीण और अर्ध-शहरी केंद्रों में स्थित बैंक शाखाओं में हैं। इस योजना ने लैंगिक असमानताओं को भी स्पष्ट रूप से पाट दिया है: पीएमजेडीवाई के 55 प्रतिशत से अधिक खाते यानी 31 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के पास हैं। इसके अलावा, जन धन खाते सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पंजीकरण के लिए महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हाल के संसदीय आंकड़ों से पता चलता है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत लगभग एक-तिहाई नामांकन पीएमजेडीवाई से जुड़े हैं।

आज की बात



**वी. अनंत नागेश्वरन**
मुख्य आर्थिक सलाहकार
भारत सरकार

प्रधानमंत्री जन धन योजना भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की आधारशिला के रूप में भी उभरा है। इसने भुगतान तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया है और लाखों लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की सफलता को आधार प्रदान करके, पीएमजेडीवाई ने पारदर्शिता को बढ़ाया है, कल्याणकारी वितरण में लीकेज को कम किया है और सरकारी योजनाओं में विश्वास को मजबूत किया है। आधार और मोबाइल कनेक्टिविटी के साथ, जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी पूरे भारत में डिजिटल भुगतान को व्यापक रूप से अपनाने में सहायक रही है। जन धन खातों और एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) के बीच तालमेल ने अनौपचारिक क्षेत्र के छोटे और सीमांत उद्यमियों को व्यवसाय करने के लिए औपचारिक वित्तीय चैनलों तक पहुंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाया है। एनपीसीआई के हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग आधे यूपीआई लेनदेन खाद्य और किराने के सामान की श्रेणियों में हैं जो यह दर्शाता है कि वित्तीय समावेशन और डिजिटल भुगतान ने मिलकर जमीनी स्तर पर दैनिक कारोबार के स्वरूप को ही बदल दिया है। इसका प्रभाव वित्तीय पहुंच से कहीं आगे बढ़कर महत्वपूर्ण सकारात्मक बाह्य प्रभाव उत्पन्न कर रहा है।

'ग्रामीण भारत में बैंकिंग, बचत और उपभोग सुगमता तक पहुंच' शीर्षक से 2022 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि बैंकिंग सुविधा तक पहुंच, बचत की बाधाओं को कम करके उपभोग सुगमता में सुधार करती है। यह मुद्दा गरीबों के लिए ऋण बाधाओं जितना ही महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार, वर्ष 2021 की एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में पाया गया कि जनधन खातों में ज्यादा जमा राशि वाले राज्यों में अपराध की घटनाओं में कमी देखी गई और जिन राज्यों में प्रधानमंत्री जनधन योजना खाता ज्यादा खुले हैं, वहां शराब और तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों के सेवन में महत्वपूर्ण कमी दर्ज की गई।

बैंकिंग सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच अब जब साकार होने की ओर है, ऐसे में आगे की चुनौती वित्तीय समावेशन को और गहरा करने की है।

उत्साहजनक रूप से, आरबीआई का वित्तीय समावेशन सूचकांक इस दिशा में निरंतर प्रगति को दर्शाता है। वित्तीय समावेशन के तीन आयामों- पहुंच (35 प्रतिशत), उपयोग (45 प्रतिशत) और गुणवत्ता (20 प्रतिशत)- से संबंधित जानकारी को समाहित करने वाला यह समग्र सूचकांक 2021 में अपनी शुरुआत के बाद से लगातार बढ़ रहा है और मार्च 2024 तक 67.0 तक पहुंच गया है। इस पैमाने पर, जहां 0 पूर्ण बहिष्कार और 100 पूर्ण समावेशन को दर्शाता है, भारत का निरंतर शीर्ष की ओर बढ़ना देश भर में वित्तीय समावेशन के गहन और व्यापक होने को रेखांकित करता है। बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को आर्थिक मुख्यधारा में लाने में प्रधानमंत्री जन धन योजना की सफलता, एक बार की उपलब्धि नहीं है। यह गहन वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके साथ ही यह जीवन, आजीविका और साझा समृद्धि में बदलाव लाने वाले प्रभावों को भी उजागर करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## प्यासा विश्व : दो अरब से ज्यादा लोग स्वच्छ पेयजल से वंचित!

संस्कृत में कहा गया है-'अप्सु हि प्राणिनां प्राणः,जलमेव जगज्जीवनम्। तस्मात् पालयितव्यं स्यात्, सर्वैः प्राणरक्षणाय च॥' तात्पर्य यह है कि जल में ही सब प्राणियों का प्राण है।जल ही सम्पूर्ण जगत का जीवन है। इसलिए सभी को इसका संरक्षण करना चाहिए, क्योंकि यही प्राणों की रक्षा का साधन है। लेकिन आज विश्व में 'स्वच्छ जल' की समस्या एक बड़ी व गंभीर समस्या है। बहरहाल, यदि हम यहां पर धरती पर जल वितरण की बात करें तो कुल जल का 97%-समुद्र और महासागरों में खारा जल है, जो सीधे पीने योग्य नहीं है और केवल 3% जल ही मीठा या फ्रेश वाटर है और इस 3% मीठे जल में भी 69% हिमनदों (ग्लेशियरों) और बर्फ की चादरों में जमे हुए हैं। 30% भूमिगत जल (ग्राउंड वाटर) के रूप में है तथा 0.3% झीलों, नदियों और तालाबों में उपलब्ध है। 0.06% वायुमंडल में (जलवाष्प के रूप में) पाया जाता है। यहां पर यदि हम पीने योग्य जल की वास्तविकता की बात करें तो धरती के कुल जल का केवल 0.007% ही सीधे पीने योग्य और सुलभ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) के अनुसार हर साल लगभग 2 अरब लोग सुरक्षित पेयजल से वंचित रहते हैं, यह वाकई बहुत ही चिंताजनक बात है। यदि हम यहां पर अपने देश भारत की बात करें तो भारत में विश्व की लगभग 18% जनसंख्या रहती है, लेकिन, यहाँ मात्र 4% ताज़ा जल संसाधन ही उपलब्ध हैं। क्या यह चिंताजनक बात नहीं है कि पिछले दशक में हुई प्रगति के बावजूद दुनियाभर में 2.2 अरब लोग बुनियादी स्वच्छ छल, सफाई और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की पहुंच से दूर हैं ? बहरहाल, पाठकों को यह भी बताता चलूं कि हालांकि, हमारे देश ने साफ और सुरक्षित पेयजल के मामले में प्रगति की है, लेकिन आज भी अलग-अलग राज्यों में बेहद फर्क है। गौरतलब है कि 95% भारतीय गृहस्थियों को अब 'बेसिक ड्रिंकिंग वॉटर' की पहुँच है, जो कि वैश्विक औसत से अधिक है। डब्ल्यू एच ओ के अनुसार, भारत में सुरक्षित रूप से संचालित पेयजल सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों का हिस्सा 61% (2000) से बढ़कर 73% (2022) हो गया है, जबकि वैश्विक औसत 62% है। भारत में 'जल जीवन मिशन' से ग्रामीण क्षेत्रों में जल कनेक्शनों में आज अभूतपूर्व प्रगति हुई है। आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन की पहुंच 2019 में लगभग 16.7% थी, लेकिन यह आंकड़ा 2023 तक बढ़कर 62.79% हो गया है।

देश की बात



**सुनील कुमार महला**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## ट्रंप टैरिफ और वर्तमान सरकार भारत की प्रगति यात्रा एक समन्वित दृष्टि

भारत जिसे प्राचीन काल में सोने की चिड़िया कहा गया, सदियों की दासता, विदेशी आक्रमण और औपनिवेशिक शोषण से टूटा-बिखरा जरूर, लेकिन मिटा नहीं। विश्व इतिहास गवाह है कि यह वही भारत है जिसकी समृद्ध संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और आर्थिक वैभव ने कभी समूचे विश्व को आकर्षित किया। आज, जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ महामारी के झटकों से अब भी पूरी तरह नहीं उबर पाई हैं, भारत न केवल संभल चुका है बल्कि तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह परिवर्तन आकस्मिक नहीं, बल्कि मजबूत नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। डोनाल्ड ट्रंप भले ही मित्रता निभाने में पीछे रह गए हों और भारत पर टैरिफ की तलवार लटकाते रहे हों, किंतु भारत ने अपने आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय से यह दिखा दिया कि अब यह राष्ट्र किसी के दबाव में झुकने वाला नहीं है। पुराणों और धर्मग्रंथों में भारत को विश्वगुरु कहा गया है। विष्णु पुराण में वर्णन मिलता है कि "उत्तरं यत्समुद्रस्य, हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्। वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः॥" अर्थात जिस भूमि के उत्तर में हिमालय और दक्षिण में समुद्र है, वही भारत है, जहाँ की संतानें 'भारती' कहलाती हैं। यह परिभाषा केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का प्रतीक है। कबीर से लेकर विवेकानंद तक, सभी संतों और गुरुओं ने भारत को आत्मा का देश बताया। विवेकानंद ने कहा था "भारत उठेगा, क्योंकि यहाँ की आत्मा अमर है।" आज के भारत में यह कथन साकार होता दिखाई दे रहा है। 2014 से पूर्व भारत भ्रष्टाचार, नीतिगत जड़ता और धीमी विकास दर के संकट से जूझ रहा था। महँगाई चरम पर थी, निवेशक असुरक्षित महसूस करते थे और गरीबों तक योजनाओं के लाभ पहुँचने में वर्षों लग जाते थे। आज की स्थिति भिन्न है। जनधन योजना ने करोड़ों गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा। मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया ने युवाओं को उद्यमिता की राह दिखाई। जीएसटी ने कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाया और सबसे महत्वपूर्ण भारत ने विदेशी निवेश का नया विश्वास अर्जित किया। यही कारण है कि भारत की विकास दर आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में दर्ज हो रही है। आर्थिक विकास 2014 से अब तक GDP (nominal): 2014–15 में 106.57 लाख करोड़। 2024–25 में अनुमानित 331.03 लाख करोड़, लगभग 3 गुना वृद्धि। वास्तविक वृद्धि (real GDP): 2024–25 में 6.5%। Q4 FY 2024-25 में GDP वृद्धि दर 7.4%, जबकि पूरे वर्ष का औसत 6.5%। ताज़ा आर्थिक रुझान ऑगस्ट 2025 इंडियन अर्थव्यवस्था 2025 तक एशिया में सबसे तेज़ विकसित होती अर्थव्यवस्था बनी रहने का अनुमान। Fitch ने अगस्त 2025 में भारत का 'BBB-' रेटिंग बरकरार रखी और FY26 के लिए GDP वृद्धि का अनुमान 6.5% रखा। अप्रैल–जून 2025 तिमाही में GDP वृद्धि दर गिरकर 6.7%; पूरे FY में अनुमानित औसत 6.3%। गरीबों, वित्तीय समावेश और सामाजिक सुरक्षा Jan Dhan Yojana के अंतर्गत मार्च 2015 से अगस्त 2024 तक, PMJDY में 53.13 (अनुमानित) करोड़ बैंक खाते खुले। अप्रैल 2025 तकः 552.8 मिलियन खाते, जमा राशि 2.63 लाख करोड़, औसत बैलेंस 4,760 प्रति खाता। महिलाओं की भागीदारीः खाता धारकों में लगभग 55.6% महिलाएं; ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्र में 66-67% खाते। वित्तीय समावेश दर 2014 से 2021 की अवधि में बढ़कर 78% (2014 में लगभग 53%) हो गई। JAM (Jan Dhan–Aadhaar–Mobile तिकड़ी की मदद से DBT के जरिये 3.48 लाख करोड़ से अधिक की योजनाओं की बचत। करोड़ों गरीबों को मुफ्त राशन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आवासीय योजनाएँ तथा आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजनाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पहले गरीब योजनाओं के नाम पर केवल राजनीतिक घोषणाओं के शिकार होते थे। अनाज और राशन बीच रास्ते में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। आज वन नेशन वन राशन कार्ड और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) ने भ्रष्टाचार की जड़ काट दी है। पहले शिक्षा में अवसर सीमित थे, सरकारी स्कूलों की हालत दयनीय थी। आज नई शिक्षा नीति (NEP 2020) ने हुनर आधारित शिक्षा और मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच को बढ़ावा दिया है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

पुलिस, दोस्त, फौजी सभी, बन बैठे हैं आज।
और कहाँ तक जायगा, 'स्वानों' का सम्राज।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## क्या देश को तोड़ना चाहते हैं अर्बन नक्सली?

भारत तेरे टुकडे होंगे को लिकप्रिय नारा बनाने का नारा नष्ट हो चुका है पर ये पढ़े लिखे लोग चाहते क्या हैं ?वामपंथी चरमपंथ (लेफ्ट विंग एक्स्ट्रीमिज्म) पर कई गोपनीय रिपोर्टों और अकादमिक अध्ययनों के अनुसार, शहरी नक्सल का उद्देश्य, बड़े माओवादी उद्देश्य के साथ गठबंधन कर भारतीय राज्य के विनाश और "लोगों की सरकार" स्थापित करना है। उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता लोकतांत्रिक संस्थानों के लिए नहीं है, बल्कि किसी भी तरह से आवश्यक किसी भी तरह से सत्ता के संघर्ष, क्रांति और अंतिम रूप से उसपर कब्ज़ा जमाने के लिए है। उनकी शहरी रणनीति पर केंद्रित हैः

1. नागरिक अशांति, विरोध प्रदर्शन और राज्य विरोधी आंदोलनों के माध्यम से असंतोष फैलाना, जैसे; एंटी-सीएए आंदोलन, दोषपूर्ण फसल खरीद नीति आदि के नाम पर किसान आंदोलन, पर्यावरण के नाम पर परमाणु रिएक्टर स्थापना का विरोध इत्यादि।
2. राज्य के खिलाफ लोगों को मोड़ने के लिए जाति भेदभाव, आदिवासी विस्थापन, गरीबी, पुलिस क्रूरता और "ब्राह्मणवाद", पूंजीवाद इत्यादि की काल्पनिक अवधारणाओं जैसे सामाजिक मुद्दों का शोषण। उदाहरण हैं; रोहित वेमुला आत्महत्या मामले पर आंदोलन, नर्मदा बचाओ आन्दोलन, कुदान कुलम में एंटी-न्यूक्लियर रीएक्टर आन्दोलन।
3. क्रांतिकारी कार्यों में और अधिक सहायता के लिए एनएसयूआई जैसे संगठनों का प्रयोग कर शिक्षित युवाओं की, विशेष रूप से विश्वविद्यालयों से, भर्ती करना।
4. मौजूदा कानूनों/अधिनियमों, विधानों में संशोधन के प्रस्तावित विधेयकों को न्यायालयों में चुनौती देकर, कानून प्रवर्तन और कानून परिवर्तन में बाधा डालकर और सशस्त्र कार्यकर्ताओं तथा गिरफ्तार/जेल में बंद विद्रोहियों को कानूनी ढाल प्रदान करके राज्य संस्थाओं को कमज़ोर करना। इसके उदाहरण हैं, वरवरा राव, जी एन साईबाबा, सुधा भारद्वाज, वर्नोन गोंसाल्वेस, गौतम नवलखा और अरुण फरेरा के लिए पैरवी और कानूनी सहायता। यह सब "अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता" और "मानवाधिकारों के उल्लंघन" के नाम पर किया जाता है।
5. साहित्य, कला, सिनेमा और सोशल मीडिया में ऐसे वैचारिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना जो सशस्त्र क्रांति को रोमांटिक बनाते हैं और राष्ट्रीय संस्थाओं को बदनाम करते हैं। इसमें बुकर सम्मानित अरूंधती रॉय जैसे राष्ट्र विरोधी बुद्धिजीवी सम्मिलित हैं। अभी कुछ दिन पूर्व ही अरुंधती रॉय की कश्मीर पर लिखी पुस्तक "आज़ादी" को जम्मू और कश्मीर सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है। पुस्तक की विषयवस्तु विभाजन कारी एवं भारत से कश्मीर को स्वतंत्र करने की पक्षधर है।

शहरी मोर्चा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ग्रामीण विद्रोहों को बनाए रखने के लिए आवश्यक बौद्धिक वैधता और सामरिक योजना प्रदान करता है। कई सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि शहरी नेटवर्क से वैचारिक ईंधन और रणनीतिक कवर के बिन ग्रामीण सशस्त्र विद्रोह ध्वस्त हो जाएगा।

सहायता प्रणालीः एक गहन और संगठित नेटवर्क

शहरी नक्सली एक संरचित और बहुस्तरीय समर्थन प्रणाली के अंतर्गत फलते-फूलते हैं जो व्यक्तिगत कार्यकर्ताओं से कहीं आगे तक फैली हुई है। इसमें शामिल हैं:

**1. शैक्षणिक संस्थान:** कुछ विश्वविद्यालयों को कट्टरपंथी विचारों का केंद्र माना जाता है। प्रोफेसर और छात्र संघ, जाने-अनजाने, आलोचनात्मक चिंतन या सक्रियता के नाम पर माओवादी/नक्सली विचारधारा को बढ़ावा दे सकते हैं। जेएनयू (जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय), नई दिल्ली ऐसे संस्थानों में प्रमुख है। जेएनयू शहरी नक्सलियों को बढ़ावा देने के लिए इतना बदनाम हो गया है कि जब 76 सुरक्षाकर्मियों (सीआरपीएफ के 75 और स्थानीय पुलिस का एक जवान) पर घात लगाकर हमला किया गया, तो एनएसयूआई के शहरी नक्सलियों ने कुछ प्रोफेसरों की मिलीभगत से परिसर में जश्न मनाया।

**2. गैर-सरकारी संगठन और नागरिक अधिकार समूह:** कुछ गैर-सरकारी संगठन मानवाधिकारों के नाम पर माओवादी समर्थकों को धन मुहैया कराते, खुफिया जानकारी इकट्ठा करते या उन्हें सुरक्षा प्रदान करते पाए गए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**मेजर सरस त्रिपाठी**
सेनि. भारतीय सेना

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### हरियाणा में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपए

# सीएम सैनी का ऐलान- 25 सितंबर से शुरू होगी 'लाडो लक्ष्मी' योजना

**एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा में 25 सितंबर से महिलाओं को 2100 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को कैबिनेट बैठक के बाद 'लाडो लक्ष्मी योजना' को लागू करने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में 1 लाख से कम आय वाले परिवारों को शामिल किया जाएगा। अगले चरण में अन्य परिवारों को इसमें शामिल किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने यह भी ऐलान किया कि स्टेज-3 और स्टेज-4 कैंसर पीड़ित मरीजों के अलावा 54 दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित महिलाओं को अगर पेंशन मिल रही है तो उन्हें 'लाडो लक्ष्मी' योजना का अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पहले चरण में 19 से 20 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। अगले 7 दिनों में योजना का गजट नोटिफिकेशन जारी होगा और एक ऐप भी लॉन्च किया जाएगा।

### योजना में विवाहित-अविवाहित, सभी महिलाओं को लाभ



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मंत्रिमंडल ने महिलाओं के सम्मान के लिए 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना लागू करने का फैसला लिया है। 25 सितंबर को दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर योजना की शुरुआत की जाएगी। सीएम सैनी ने बताया कि योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा, "25 सितंबर 2025 को जिन बहनों की 23 साल या उससे अधिक होगी, वे सभी योजना की पात्र होंगी। विवाहित या अविवाहित दोनों को इसका लाभ मिलेगा। योजना के लाभ के लिए महिलाओं का पिछले 15 साल से हरियाणा का निवासी होना जरूरी है।"मुख्यमंत्री ने ऐलान करते हुए कहा कि एक परिवार में महिलाओं की संख्या को लेकर कोई संख्या तय नहीं है। अगर एक परिवार में 3 पात्र महिलाएं हैं, तो तीनों को लाभ मिलेगा। सीएम नायब सिंह सैनी ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर किसी महिला को पहले से चल रही किसी सरकारी योजना के तहत 2100 रुपए से अधिक की राशि मिल रही है, तो उसे 'लाडो लक्ष्मी' योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

### भारत में बुलेट ट्रेन: भारत में जल्द चलेगी बुलेट ट्रेन

# मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर को रेलवे ने दिया बड़ा तोहफा



**एजेंसी। अहमदाबाद**

रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड ट्रेन कॉरिडोर, जिसे बुलेट ट्रेन परियोजना के नाम से भी जाना जाता है, के स्टेशन लगभग पूरे होने वाले हैं। भारतीय रेलवे ने घोषणा की कि ये स्टेशन यात्री आराम को नई परिभाषा देंगे और यात्रियों के लिए यात्रा के नए मानक स्थापित करेंगे। 'X' पोस्ट में कहा गया है कि गुजरात में मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन स्टेशन लगभग पूरे होने वाले हैं। आधुनिक डिज़ाइन, सांस्कृतिक पहचान, निर्बाध कनेक्टिविटी और पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं के साथ, ये स्टेशन यात्री आराम को नई परिभाषा देंगे और यात्रा के नए मानक स्थापित करेंगे।इससे पहले, 6 अगस्त को, भारतीय रेलवे ने जानकारी दी थी कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए गुजरात के वडोदरा जिले में विश्वामित्री नदी पर पुल का निर्माण पूरा हो गया है। रेल मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस परियोजना के लिए गुजरात में प्रस्तावित 21 नदी पुलों में से यह सत्रहवाँ नदी पुल है। 80 मीटर लंबा यह पुल पश्चिम रेलवे की वडोदरा-सूरत मुख्य लाइन के निकट स्थित है। इस पुल में तीन खंभे हैं, जिनमें से एक नदी की धारा में और अन्य दो नदी के किनारे (प्रत्येक तरफ एक-एक) स्थित हैं। वडोदरा के शहरी परिदृश्य से होकर गुजरने वाला यह पुल वडोदरा जिले में एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के घटक के रूप में कार्य करता है। वडोदरा सबसे व्यस्त शहरी केंद्रों में से एक है, और शहर से होकर गुजरने वाले पुल के निर्माण के लिए असाधारण योजना और वडोदरा नगर निगम तथा अन्य स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय की आवश्यकता थी। बुलेट ट्रेन का मार्ग वडोदरा और उसके आसपास 9 अलग-अलग स्थानों पर विश्वामित्री नदी को पार/घुमाता है। मुख्य नदी पुल के अलावा, शेष आठ क्रॉसिंग में से तीन पहले ही पूरे हो चुके हैं, जबकि अन्य क्रॉसिंग पर निर्माण कार्य चल रहा है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर में 25 नदी पुल हैं, जिनमें से 21 गुजरात में और 4 महाराष्ट्र में हैं।

### 'मालगाड़ी के डिब्बों से बुलेट ट्रेन नहीं चलाई जा सकती



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने एक दीवानी मुकदमे की सुनवाई करते हुए 1908 की दीवानी प्रक्रिया संहिता के तहत कुछ "पुराने" कानूनों का हवाला दिया और कहा कि बुलेट ट्रेन को एक मालगाड़ी के डिब्बों के साथ नहीं चलाया जा सकता। जिला न्यायाधीश संजीव अग्रवाल एक निजी कंपनी के खिलाफ लगभग 24.42 लाख रुपये की वसूली के लिए एक दीवानी मुकदमे से संबंधित अदालत के पहले के फैसले के निष्पादन के लिए एक याचिकाकर्ता द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई कर रहे थे। न्यायाधीश ने 25 अगस्त के आदेश में कहा, 'भारत सरकार ने वाणिज्यिक विवादों को तेजी से निपटाने के लिए वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 को लागू करके एक प्रशंसनीय और शानदार कानून बनाया है, जिसके परिणामस्वरूप वाणिज्यिक विवादों का बहुत तेजी से निपटारा हुआ है। इसमें कहा गया है, "लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि विधायिका की नजर से यह बात छूट गई है कि इस तरह के त्वरित कानून के क्रियान्वयन के लिए वह पुराने आदेश 21 सीपीसी (डिक्री और आदेशों का निष्पादन) और अन्य प्रासंगिक धाराओं पर निर्भर नहीं हो सकती, जिन्हें बहुत पहले वर्ष 1908 में अधिनियमित किया गया था, क्योंकि आप मालगाड़ी के डिब्बों के साथ बुलेट ट्रेन नहीं चला सकते। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन केवल जापान के 'शिनकानसेन इंजन' से ही चलाई जा सकती हैं। न्यायाधीश ने कहा, 'इसलिए, मुझे विश्वास है कि विधायिका इस पहलू पर शीघ्र ही विचार करेगी और प्रासंगिक बदलाव करेगी।

### वैष्णो देवी हादसे पर फूटा उपमुख्यमंत्री का गुस्सा, मनोज सिन्हा पर उठाए सवाल, कहा-

## 35 श्रद्धालुओं की मौत नहीं हुई, उन्हें मारा गया है

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**



वैष्णो देवी यात्रा भूस्खलन को लेकर राजनीति तेज़ हो गई है। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से जवाब मांगा है कि इलाके में बादल फटने और भारी बारिश की चेतावनी के बावजूद तीर्थयात्रा क्यों नहीं रोकी गई। रियासी ज़िले में वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के बाद कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ने कहा कि वैष्णो देवी यात्रा की घटना को लेकर एलजी मनोज सिन्हा को जवाब देना चाहिए। एलजी के कार्यकाल में पहले भी भगदड़ मची थी। जब बादल फटने और भारी बारिश का अलर्ट था, तब यात्रा क्यों नहीं रोकी गई? सुरिंदर चौधरी ने कहा कि माता वैष्णो देवी के 35 श्रद्धालुओं की मौत नहीं हुई, बल्कि उन्हें मारा गया। इसके पीछे आपराधिक साजिश है। इसकी जांच होनी चाहिए। मैं पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध करता हूं कि एलजी मनोज सिन्हा और अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सख्त कार्रवाई की जाए और एफआईआर भी दर्ज की जाए। इससे पहले बुधवार को, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इसी तरह के सवाल उठाए थे। उन्होंने पूछा था कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाले श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भारी बारिश की पूर्व चेतावनी के बावजूद तीर्थयात्रा जारी रखने की अनुमति क्यों दी। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने अधिकारियों के उदासीन रवैये की भी आलोचना करते हुए कहा कि हमें इस बारे में बाद में बात करनी होगी। जब हमें मौसम के बारे में पता था, तो क्या हमें उन लोगों की जान बचाने के लिए कुछ कदम नहीं उठाने चाहिए थे? मौसम की चेतावनी हमें कुछ दिन पहले ही मिल गई थी। मौतों पर दुख व्यक्त करते हुए, निराश अब्दुल्ला ने आगे पूछा, "ये लोग ट्रैक पर क्यों थे? उन्हें क्यों नहीं रोका गया? उन्हें सुरक्षित स्थान पर क्यों नहीं पहुँचाया गया?" ज़्यादातर पीड़ित उत्तर भारतीय राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली और पंजाब के श्रद्धालु हैं।

### राहुल गांधी बोले- भाजपा-चुनाव आयोग का पर्दाफाश!

## बिहार चुनाव : 65 लाख गरीबों के मताधिकार पर संकट?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि बिहार की मतदाता सूचियों से 65 लाख गरीब और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। 'वोटर अधिकार यात्रा' के तहत सीतामढ़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयोग को अपने वोट का अधिकार ''छीनने'' की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने कहा, ''हमने भाजपा और चुनाव आयोग का पर्दाफाश कर दिया है, जो वोट चुराने में लिप्त थे... उन्होंने महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में ऐसा किया। अब वे इसे बिहार में दोहराना चाहते हैं, जो हम उन्हें नहीं करने देंगे।'' राहुल ने दावा किया कि आने वाले महीनों में वह ''वोट चोरी'' के बारे में और सबूत पेश करेंगे। रैली से पहले उन्होंने इलाके के प्रसिद्ध जानकी मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।इससे एक दिन पहले बिहार के कटिहार में राहुल गांधी अपनी पतलून ऊपर चढ़ाए पानी से भरे एक खेत में उतरे और झुककर गंदे पानी से मखाने की फलियाँ तोड़ने लगे। उनके आस-पास किसान मखाने की खेती की कठिन प्रक्रिया का प्रदर्शन कर रहे थे—यह काम लगभग पूरी तरह से नदी किनारे बसे गरीब समुदायों द्वारा किया जाता है। राहुल ने सवाल पूछे, ध्यान से सुना, गंभीरता से सिर हिलाया और तुरंत महसूस किया कि किसान अपनी इतनी मेहनत के बावजूद मुख्य लाभार्थी नहीं थे। बाद में उन्होंने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें लिखा था: "मखाना बिहार के किसानों की पसीने और मेहनत की उपज है। यह हज़ारों में बिकता है, लेकिन उनकी कमाई चंद पैसों की होती है।

## सीएम मान ने बाढ़ में फंसे लोगों को दिया अपना हेलीकॉप्टर

### जिससे दूध, राशन और पानी पहुँचाया जा सके

**एजेंसी। पंजाब**



भारी बारिश के बाद पंजाब के कई जिलों में बाढ़ आ गई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान और कैबिनेट मंत्री विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान गुरदासपुर पहुंचे जहाँ उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और राहत कार्यों का जायज़ा लिया। उन्होंने इस बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी शेयर की। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यहां आने के बाद पता चला है कि कई गांवों में लोग फंसे हुए हैं। लोग अपने घरों की छतों पर बैठे हैं और उन्हें राशन भी नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों ने हमें 92 सीटों वाला हेलीकॉप्टर दिया था। अब मैं वही हेलीकॉप्टर लोगों को सौंप रहा हूं। मैं इसे यहीं छोड़ रहा हूँ ताकि इसके ज़रिए लोगों तक दूध, राशन और पानी पहुँचाया जा सके। मैंने इसके लिए डीसी साहब को निर्देश दे दिए हैं। मैं खुद गाड़ी से वापस जाऊँगा। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टीमों ने बुधवार को गुरदासपुर जिले के दबुरी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में फंसे 381 छात्रों और 70 शिक्षकों के लिए बचाव अभियान चलाया। ये छात्र स्कूल परिसर और आसपास के इलाकों में बाढ़ के कारण फंसे हुए थे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। रावी नदी का जलस्तर बढ़ने से दबुरी इलाके में बाढ़ आ गई, जिससे स्कूल के अंदर 4-5 फुट पानी भर गया। अधिकारियों ने बताया कि छुट्टी की घोषणा होने के बावजूद बच्चों और कर्मचारियों को घर नहीं भेजने के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक को नोटिस दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि फंसे हुए छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए नावें तैनात की गईं। इससे पहले, प्रधानाध्यापक ने जिला प्रशासन से सहायता का अनुरोध किया था, जिसके बाद उपायुक्त दलविंदरजीत सिंह ने प्रभावित लोगों को निकालने के लिए टीमें भेजीं। छात्रों और शिक्षकों को बचाने के लिए सीमा सुरक्षा बल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की कई टीमों को तैनात किया गया।

## इसरो चीफ का ऐलान, 2026 तक दूसरा लॉन्चपैड तैयार, 25 रॉकेटों की उड़ान संभव!

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने कहा है कि तूतीकोरिन जिले में देश के दूसरे प्रक्षेपण परिसर का निर्माण दिसंबर 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है और इस अंतरिक्ष केंद्र से प्रति वर्ष लगभग 25 प्रक्षेपण होने की संभावना है। बुधवार को यहां प्रक्षेपण स्थल के लिए भूमि पूजन में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यहां से 500 किलोग्राम का पेलोड 400 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाने में सक्षम लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) का उपयोग करके उपग्रहों का प्रक्षेपण किया जाएगा। यह परिसर 2300 एकड़ भूमि पर बनाया जा रहा है और आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित परिसर के बाद यह इस तरह का दूसरा परिसर होगा। उन्होंने कहा, ''दिसंबर 2026 तक काम पूरा हो जाएगा - यही हमारा लक्ष्य है। हम अगले साल के अंत तक रॉकेट प्रक्षेपण की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री उचित समय पर सही प्रक्षेपण तिथि की घोषणा करेंगे।'' उन्होंने आगे कहा, ''सालाना 20-25 उपग्रह प्रक्षेपण होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी 2024 में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तटीय गांव कुलशेखरपट्टिनम में लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान परिसर (एसएलसी) की आधारशिला रखी थी।

## जदयू नेता बोले: विपक्ष ने जनता का भरोसा खो दिया, अब दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं

**बिहार।** बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी पर 'मतदाता अधिकार यात्रा' को लेकर सवाल उठाए और वोट चोरी के आरोपों के आधार पर सवाल उठाए। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी की सच्चाई यह है कि उन्होंने अपना समर्थन खो दिया है और वोट बरकरार नहीं रख पा रहे हैं, यही वजह है कि वे वोट चोरी का दोष दूसरों पर मढ़ रहे हैं। चौधरी ने एएनआई को बताया कि यह वोट चोरी कैसी? अगर हम हर जगह सरकारें बनाते, तो यह समझ में आता। लेकिन अब वोट चोरी के आरोप किस आधार पर लग रहे हैं? विपक्ष पर वार करते हुए जदयू नेता ने कहा कि वे यह धारणा बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि भाजपा जनता के वोटों के बजाय चुनाव आयोग की वजह से सरकार बना रही है। हकीकत यह है कि उन्होंने अपना समर्थन खो दिया है। वे पहले मिले वोटों को बरकरार नहीं रख पा रहे हैं। अब वे दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। इस बीच, भाकपा (माले) नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मतदाता अधिकार यात्रा पूरे राज्य के लिए एक "ऐतिहासिक आंदोलन" की शुरुआत मात्र है और इसे जनता से 'जबरदस्त' प्रतिक्रिया मिल रही है।

## बेहद शर्मनाक! पीएम मोदी की दिवंगत मां पर अभद्र भाषा, भड़की भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को बिहार की एक रैली के वायरल वीडियो को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। इस वीडियो में 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इंडिया ब्लॉक पर हमला तेज करते हुए दावा किया कि मतदाता अधिकार यात्रा बेहद अशोभनीय थी और अपमान, घृणा और अश्लीलता की सभी सीमाओं को पार कर गई। X पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में, भाजपा के आधिकारिक हैंडल से लिखा गया कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दिवंगत मां के खिलाफ बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। राजनीति में ऐसी नीचता पहले कभी नहीं देखी गई। इस यात्रा ने अपमान, घृणा और अश्लीलता की सभी सीमाएं पार कर दी हैं। भाजपा ने उन पर बेहद निचले स्तर पर गिरने और लोगों से प्रधानमंत्री मोदी की पूज्य दिवंगत माँ पर अपशब्द कहने का आरोप लगाया, जो उनके अनुसार अक्षम्य है। पार्टी ने इस घटना को "राजनीति का निम्नतम स्तर" करार दिया।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप सबसे पहले पेंडिंग कार्यों को पूरा करेंगे, जिससे आपको अन्य कार्यों के लिए भी समय मिल सके। आज आप नया वाहन लेने का विचार करेंगे और इसके बारें में आप बड़े भाई से बात कर सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज व्यापारिक दृष्टि से आपका दिन सही रहेगा और आपके व्यावसयिक रिश्ते मजबूत बने रहेंगे। आज ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे। इस राशि की महिलाएं आज किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने के चांसेस हैं, जिससे घर में ख़ुशी का माहौल रहेगा। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। आज ऑफिस में आपको किसी बड़े आधिकारी का सहयोग मिल सकता है।

**कर्क :** आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ उठाकर आप आगे बढ़ सकते हैं। आज आप जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। आज आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नये-नये आडियाज आते रहेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी और आपको अच्छा धन लाभ भी होगा। इस राशि के छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिये जाना चाहते हैं, तो आप किसी समझदार व्यक्ति से सलाह ले सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आपके बिगड़े काम बनेगें और आपको नए कार्यों में भी सफलता मिलेगी। आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज किसी काम में आपको जीवनसाथी का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे दाम्पत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज कार्यस्थल पर आपकी मुलाकात नए व्यक्तियों से होगी , जिनसे मिलकर आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप कुछ ऐसा करेंगें , जिससे घर के सभी सदस्य आपकी तारीफ करेंगे। आज आपके ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट को लेकर मीटिंग होगी ।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी काम में आपको मनमुताबिक परिणाम हासिल होंगे। यदि आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगें और उन्हें कुछ गिफ्ट भी देंगें।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप दूसरों से हटकर कुछ अलग करने का प्रयास करेंगें , जिसमें आपको पिता का साथ मिलेगा। इस राशि के सामाजिक कार्यों से जुड़े व्यक्ति को आज संस्था के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। आज किसी की मदद से आपका रुका हुआ सरकारी काम बन जायेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिली -जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप अपने व्यापार में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव करने से पहले मार्केट का एनालिसिस जरूर करें। इस राशि के थोक विक्रेताओं को आज किसी कम्पनी से बड़ा आर्डर मिलने की संभावना बन रही हैं।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपने पुराने कामों में आगे बढ़ते हुए , नए कार्यों का भी शेड्यूल बनायेंगे। आज समाज से जुडे कार्यों को करने के लिये दिन उत्तम है, आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामाजिक संगठन से भी जुड़ सकते हैं। आज ऑफिस में आपके काम करने के तरीके को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप रियल स्टेट में निवेश करने का मन बनायेंगे और किसी बड़े ग्रुप के साथ जुड़कर काम करेंगे। आज आप बच्चों के भविष्य को लेकर कोई योजना बनायेंगे, जिसके माध्यम से उनके करियर में तरक्की होगी। आज आप किसी धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बन सकते हैं।

## संभल डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव, 45% से घटकर 20 फीसदी हुई हिंदू आबादी

**एजेंसी। संभल**



● जांच कमेटी ने सौंपी सीएम योगी को रिपोर्ट

राज्य सूचना विभाग के अनुसार, संभल हिंसा मामले की जाँच के लिए नियुक्त तीन सदस्यीय पैनल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। 450 पृष्ठों की इस रिपोर्ट में नवंबर 2024 में हुई संभल हिंसा का विवरण है और शहर में हुए पिछले दंगों का भी ज़िक्र है। रिपोर्ट में संभल में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के बारे में भी महत्वपूर्ण विवरण दिया गया है, जहाँ एक समय हिंदू समुदाय के लोग 45 प्रतिशत थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटकर 20 प्रतिशत रह गई है।रिपोर्ट के अनुसार, आज़ादी के समय संभल नगर पालिका क्षेत्र में 55% आबादी मुस्लिम और 45% हिंदू थी; हालाँकि, वर्तमान समय में हिंदू आबादी घटकर 15% रह गई है, जबकि मुस्लिम समुदाय बढ़कर 85% हो गया है। आज़ादी के बाद से संभल में कुल 15 दंगे हुए हैं। 24 नवंबर 2024 को, संभल स्थित शाही जामा मस्जिद के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा न्यायालय के आदेश पर किए जा रहे सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और अधिकारियों व स्थानीय लोगों सहित कई अन्य घायल हो गए। जैसे ही स्थानीय मुसलमान मस्जिद के बाहर जमा हुए और तनाव बढ़ा, पुलिस ने बल प्रयोग किया और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और अधिकारियों व स्थानीय लोगों सहित कई घायल हो गए। हिंसा के परिणामस्वरूप छतों से पुलिस पर कथित रूप से पथराव करने के आरोप में 12 प्राथमिकी दर्ज की गईं और 80 गिरफ्तारियां हुईं।

### पेप्सी और मैकडॉनल्ड्स छोड़ो...

## ट्रंप के टैरिफ पर रामदेव का देसी मंत्र, स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

योग गुरु स्वामी रामदेव ने भारतीय वस्तुओं पर 50% अमेरिकी टैरिफ लगाने का कड़ा विरोध किया है और अमेरिकी कंपनियों के राष्ट्रव्यापी बहिष्कार का आह्वान किया है। रामदेव ने कहा कि भारतीयों को एप्पल, पेप्सी, मैकडॉनल्ड्स और केएफसी जैसे ब्रांडों के उत्पाद खरीदना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इस तरह के बहिष्कार से वाशिंगटन को अपने अनुचित व्यापार उपायों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत को घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर, नए रोज़गार सृजित करके और रूस, चीन तथा मध्य पूर्व जैसे देशों के साथ साझेदारी बनाकर इस चुनौती को अवसर में बदलना चाहिए। विनिर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र बनने की भारत की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए, रामदेव ने कहा कि दुनिया भारत से जीवन जीने की कला सीखेगी। उनका पूरा बयान यहाँ देखें।

**योग गुरु रामदेव ने निकाला ट्रंप टैरिफ का तोड़ :** रामदेव की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से आयात पर टैरिफ को दोगुना करके 50 प्रतिशत तक करने के फैसले के कुछ ही घंटों बाद आई है, जो बुधवार को निर्धारित समय पर लागू हो गया। इससे दो शक्तिशाली लोकतंत्रों के बीच संबंधों को गहरा झटका लगा है, जो हाल के दशकों में रणनीतिक साझेदार बन गए थे। भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के कारण लगाया गया 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ, दक्षिण एशियाई देश से कई आयातों पर ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ में जोड़ा गया।

### आतंकवादियों | जम्मू-कश्मीर बांदीपोरा मुठभेड़ में सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम की

# एलओसी पर दो आतंकवादी ढेर, तलाशी जारी

● **संयुक्त अभियान: सेना व जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**



जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा ज़िले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा पार कर घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकवादियों को गुरुवार को भारतीय सेना ने मार गिराया। यह मुठभेड़ ऑपरेशन नौशेरा नार IV के तहत नौशेरा नार के पास हुई, जहाँ सतर्क सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे घुसपैठियों के एक समूह को घेर लिया। दोनों ओर से कुछ देर तक गोलीबारी हुई, जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मारे गए।यह ऑपरेशन नौशेरा नार के पास हुआ, जहाँ सतर्क सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे घुसपैठियों के एक समूह को घेर लिया, और गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। मुठभेड़ के बाद, सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई और घुसपैठिया या संदिग्ध गतिविधि मौजूद न हो।भारतीय सेना ने X पर एक पोस्ट में अपडेट साझा करते हुए कहा, "संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरेज सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैनिकों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। ऑपरेशन जारी है।" इस महीने की शुरुआत में, ऑपरेशन अखल के तहत एक अलग आतंकवाद-रोधी अभियान में, तीन आतंकवादी मारे गए और एक सैनिक घायल हो गया, जिससे उस अभियान में मारे गए आतंकवादियों की कुल संख्या छह हो गई।

## बांग्लादेशी कट्टरपंथी संगठन जेएमबी के संपर्क में रहने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार : हिमंत



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि धुबरी जिले के कई निवासियों के फोन नंबर कट्टरपंथी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) को कथित तौर पर उपलब्ध कराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जेएमबी यहां राज्य में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति एक भारतीय नागरिक है और वह जेएमबी को फोन नंबर मुहैया कराने वाला मुख्य माध्यम था। फोन नंबर उपलब्ध हो जाने के बाद जेएमबी के सदस्य उन लोगों को कट्टरपंथी बनाने के इरादे से फोन किया करते थे।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति अली हुसैन बेपारी को पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वह जमानत पर बाहर था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की सीमा से लगे धुबरी और दक्षिण सलमारा जिलों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# डोनाल्ड ट्रंप से मिलते ही दुनिया के नेता पीएम मोदी संग तुरंत जुड़ते नजर आए

## अब फिनलैंड के राष्ट्रपति का कॉल क्यों आया?

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और यूक्रेन में शांति के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के उद्देश्य से वाशिंगटन में यूरोपीय, अमेरिकी और यूक्रेनी नेताओं की हालिया बैठक पर भी विचार-विमर्श किया। पीएमओ के बयान के अनुसार स्टब ने यूक्रेन में संघर्ष के समाधान पर वाशिंगटन में यूरोप, अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हुई हालिया बैठकों पर अपना आकलन मोदी के साथ साझा किया। बयान में कहा गया है कि मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ अच्छी बातचीत हुई। फिनलैंड यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। व्यापार, प्रौद्योगिकी और सतत विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन में संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चल रहे प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भी समर्थन व्यक्त किया, जिसकी मेजबानी भारत 2026 में करेगा।



### 50% टैरिफ के बाद पुतिन ने दिखाया रौद्र रूप, दागी 629 मिसाइल, ईयू की इमारत को भी नहीं बख्शा

यूक्रेनवॉर एक ओर जहां भारत पर भारी टैरिफ का दबाव बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग में एक और खतरनाक मोड़ ले लिया है। यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस ने एक ही रात में 629 मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया है। इस हमले का सबसे बड़ा असर यूक्रेन की राजधानी कीव में देखने को मिला है। जहां यूरोपियन यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की इमारत को भी निशाना बनाया गया है। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने बताया कि मृतकों में दो, 14 और 17 साल के तीन नाबालिग शामिल हैं। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बचाव दल मलबे में दबे लोगों को निकालने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। यूक्रेनी



राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमले के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रूस बातचीत की मेज के बजाय बैलिस्टिक हथियारों को चुनता है। हम दुनिया के उन सभी लोगों से प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं जिन्होंने शांति की अपील की थी, लेकिन अब सैद्धांतिक रुख अपनाने के बजाय अक्सर चुप रहते हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने रात भर में यूक्रेन के 102 ड्रोन मार गिराए।

### 31 अगस्त-जिनपिंग, 1 सितंबर-पुतिन, ट्रोइका की ओर बढ़ते कदम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और 1 सितंबर, 2025 को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। ये महत्वपूर्ण वार्ताएँ चीन में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन के दौरान होंगी। ये चर्चाएं भारत और अमेरिका के बीच एक महत्वपूर्ण टैरिफ विवाद के बीच हो रही हैं। ये एक ऐसा मौका होगा जब तीनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष एक लंबे अर्से के बाद साथ होंगे। ऐसे में सवाल है कि क्या तीनों देशों के बीच डायलॉग के एक पुराने मेकेनिजम आरआईसी (रूस-भारत-चीन) को फिर से जिंदा करने पर बात हो सकती है? चीन की यह यात्रा दो देशों की यात्रा का हिस्सा है जिसमें जापान में एक पड़ाव भी शामिल है। इन बैठकों का संदर्भ भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चल रहे प्रयासों से जुड़ा है, जिसकी पहचान 3,488 किलोमीटर लंबी अनिर्धारित सीमा से है।

## कैसे ब्लिंकिट, स्विगी, जेपैटो जैसे 5-मिनट डिलीवरी ऐप्स, आपको हर साल 10000 तक लगा रहे चूना?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आप अपने घर पर हैं और कुछ खाने का मन किया तो झट से फोन उठा ऑर्डर कर देते हैं। तो इस तरह पांच - दस मिनट में सामान पहुंचाने का दावा करने वाले इन ऐप्स पर बुकिंग के बाद अब आपकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन सब्जी, दूध, ब्रेड, फल या कोल्ड-ड्रिंक ,आटा-दाल-चावल मसाले आदि एक क्लिक व कुछ मिनट में आपके घर पहुंच जाते हैं। लेकिन पिछले कुछ महीनों में इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स ब्लिंकिट,स्विगी,जेपैटो को लेकर कई सवाल भी उठे हैं। लंबे समय तक इस बाजार में स्विगी व ब्लिंकिट का दबदबा रहा। लेकिन आप कभी सोचे हैं कि इन सुविधाओं के बदले आपकी जेब से कितनी छिपी हुई लागत वसूली जा रही है? हैंडलिंग चार्ज, प्लेटफॉर्म फीस, कन्वीनियंस फीस, प्राइस सर्ज, रेन फी जैसे तमाम चार्ज वसूले जा रहे हैं, लेकिन घर बैठे मिल रही इस सुविधा के लिए हम तरह का शुल्क आंख मूंद कर दिए जा रहे हैं। इसके बाद बड़े-बड़े दिग्गजों ने इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स को लेकर सवाल करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि ये ऐप्स हमें गरीब बना रहे हैं। हम अपने आलसीपन के चक्कर में अपने पैसे गंवा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हमारे पास बहुत ज्यादा पैसे हैं या समय नहीं है, लेकिन डिस्काउंट का झांसा, घर बैठे मिल रही इस सुविधा ने जैसे हमें अपने वश में कर लिया है। और हम छोटी-छोटी चीजें जैसे ब्रेड-बटर, दूध-चीनी-चाय के लिए भी ऐप से ऑर्डर कर रहे हैं। हम घर से निकलने की बजाय, सामान को घर मंगा रहे हैं।मशहूर यूट्यूबर व कारोबारी अंकुर वारिकू ने भी हाल ही में अपने एक वीडियो में इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स के पूरे हिसाब-किताब पर एक वीडियो बनाया था और बताया कि



**आपको आलसी, असामाजिक व छोटे रोजगार कर परिवार पालने वालों के पेट पर लात मारने वाला बना रहे हैं**

कैसे अलग-अलग फीस के नाम पर ये ऐप्स आम लोगों को गरीब बना रहे हैं। इस पर बनाई वीडियो में उन्होंने इस बारे में बात की है और समझाया है कि कैसे 2 रुपये से शुरू होने वाली हैंडलिंग चार्ज को ब्लिंकिट ,स्विगी,जेपैटो,इंस्टास्मार्ट जैसे पॉप्युलर ऐप्स ने 14 महीने में 10 रुपये तक बढ़ा दिया। और कैसे आईफोन व एंड्रायड यूजर्स के लिए ये प्लेटफॉर्म अलग-अलग प्रोडक्ट प्राइस दिखाते हैं। उनका कहना है कि आप सुविधा के नाम पर अपने आपको शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं, मानसिक तौर पर आदी बना रहे हैं और अपना ज्यादा पैसा खर्च कर रहे हैं व खुद को गरीब बना रहे हैं।कैसे ये तमाम तरह के चार्ज भी वसूल रहे हैं जो सीधे तौर पर आपको नहीं दिखते लेकिन आपके बिल में जरूर जुड़ जाते हैं।ऑर्डर करते समय आपको हर बार 5 से 15 रुपये हैंडलिंग चार्ज के तौर पर दिखते हैं। यह चार्ज हर ऑर्डर पर इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स लेते हैं। यह सीधे आपके कार्ट की कीमत बढ़ा देता है। मान लीजिए महीने में 20 बार ऑर्डर करते हैं तो सिर्फ हैंडलिंग चार्ज में ही 300-400 रुपये आप चुका रहे हैं। इसका मतलब है कि साल भर में आप करीब 3-4000 रुपये हैंडलिंग चार्ज के तौर पर दे रहे हैं।लगभग हर ऑर्डर में 2 से 5 रुपये की प्लेटफॉर्म फीस।बीते कुछ समय से ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट व जेप्टो जैसे डिलीवरी ऐप्स ने प्लेटफॉर्म फीस लेना भी शुरू कर दिया है। साल भर में ये 1,000 से ज्यादा की एक्स्ट्रा लागत बन जाती है। लेकिन कि आप इसे नगण्य मानकर चलते हैं।कई बार दिवाली, होली या बारिश, तेज गर्मी या सर्दी के समय प्राइस सर्ज फीस भी लगती है। इस दौरान प्रोडक्ट्स का दाम तो बढ़ता ही है, प्राइस सर्ज चार्ज भी लगता है। ऑफलाइन दुकानों में मिलने वाला समान प्रोडक्ट जब ऑनलाइन मंगाते हैं तो 5-15% तक महंगा मिलता है। 100 रुपये की चीज आन लाइन मंगाने पर 110–115 तक मिल सकती है। यही इन ऐप्स का असली मार्जिन गेम है।बरसात या पीक आवर्स में डिलीवरी करते समय ऐप्स 10-30 रेन फी/सर्ज फी लगा देते हैं। यानी खराब मौसम का बोझ भी ग्राहक पर ही पड़ता है।रू.200 की खरीद पर रू.50 ऑफ' बीई वन गेट वन जैसे ऑफर्स भी इन ऐप्स में दिए जा रहे हैं। लेकिन इन ऑफर्स की शर्तें इतनी सख्त होती हैं कि आखिर में आपको फायदा नहीं बल्कि नुकसान हो जाता है। डिस्काउंट का पैसा वसूलने के लिए ऐप्स प्रोडक्ट की एमआरपी पर पहले से ही प्राइस बढ़ा कर देते हैं।यदि आप महीने में औसतन रू.4,000–रू.5,000 का ग्रॉसरी/स्नैक्स ऑर्डर करते हैं तो 500–700 रुपये सिर्फ चार्जेस व हिडन कॉस्ट में जा रहे हैं। एक साल में यह रकम रू.6,000–रू.8,000 तक पहुंच जाती है। यानी इन पैसों से आप एक नया बजट स्मार्ट फोन एक साल की ओटीटी प्रीमियम सब्सक्रिप्शन या ढेरों कपड़े खरीद सकते हैं। आपने महीने में 20 बार ऑर्डर किया:यानी आपने एक महीने में कुल 810 का एक्स्ट्रा खर्च कर दिए। और एक साल में यह हो गया 9,720 (एक पूरी मोटरसाइकिल की ईएमआई या एक नए टीवी के बराबर)।

## न्यूरोलॉजिस्ट के अनुसार किस उम्र में कितनी नींद जरूरी है?

## नवजात शिशुओं, बच्चों, किशोरों, वयस्कों की नींद जरूरतें अलग-अलग क्यों?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नींद सबसे ज़रूरी क्रियाओं में से एक है, फिर भी बहुत से लोग यह समझने में संघर्ष करते हैं कि वास्तव में इसकी कितनी ज़रूरत है। हाल ही में एक न्यूरोलॉजिस्ट, एमडी डीएम, डॉ. सुधीर कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें जीवन के विभिन्न चरणों में आवश्यक औसत दैनिक नींद की मात्रा बताई गई थी। उनके अनुसार, "उम्र के अनुसार आवश्यक औसत दैनिक नींद की मात्रा: 1. नवजात शिशु (3 महीने तक): 14 से 17 घंटे। 2. शिशु (4 से 12 महीने): 12 से 16 घंटे, झपकी सहित। 3. छोटे बच्चे (1 से 5 साल): 10 से 14 घंटे, झपकी सहित। 4. स्कूली बच्चे (6 से 12 साल): 9 से 12 घंटे। 5. किशोर (13 से 18 साल): 8 से 10 घंटे। 6. वयस्क (18 साल और उससे ज्यादा): 7 से 9 घंटे। (नोट: व्यक्तिगत भिन्नताएँ हो सकती हैं)।" हालांकि ये इस बात का एक व्यापक अनुमान देती हैं कि किसी व्यक्ति को कितनी नींद की आवश्यकता हो सकती है, आप सोच रहे होंगे कि नवजात शिशुओं, बच्चों, किशोरों और वयस्कों के बीच ये ज़रूरतें इतनी भिन्न क्यों होती हैं।तो, क्या डॉ. सुधीर द्वारा अपनी पोस्ट में सुझाई गई औसत दैनिक नींद की मात्रा सही है? इस बारे में जन स्वास्थ्य के जानकार डॉ. जगदीश हिरेमथ का कहना है - "हाँ, बताई गई सिफ़ारिशें अमेरिकन एकेडमी ऑफ़ स्लीप मेडिसिन व नेशनल स्लीप फ़ाउंडेशन जैसे प्रमुख स्वास्थ्य संगठनों के स्थापित दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं। विभिन्न अध्ययनों में थोड़े-बहुत अंतर हो सकते हैं, लेकिन ये सीमाएं आम तौर पर प्रत्येक आयु वर्ग के लिए सटीक होती हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सीमाओं को औसत के रूप में देखा जाता है, क्योंकि आनुवंशिकी, जीवनशैली व समग्र स्वास्थ्य के आधार पर व्यक्तिगत ज़रूरतें थोड़ी भिन्न हो सकती हैं।" अब सवाल यह है कि शैशवावस्था से वयस्कता की ओर बढ़ने पर नींद की जरूरतें कम क्यों हो जाती हैं? क्योंकि शिशुओं को अधिक नींद की आवश्यकता होती है । क्योंकि उनके मस्तिष्क और शरीर का तेज़ी से विकास और तंत्रिका संबंधों का सुदृढ़ीकरण हो रहा होता है। इस अवस्था में नींद स्मृति निर्माण, सीखने और प्रतिरक्षा प्रणाली के विकास के लिए महत्वपूर्ण होती है। डॉ. हिरेमथ कहते हैं, "जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, मस्तिष्क की परिपक्वता की गति धीमी हो जाती है, हालांकि सीखने व भावनात्मक नियमन के लिए नींद महत्वपूर्ण रहती है, लेकिन समग्र आवश्यकता कम हो जाती है। वयस्कता तक, मस्तिष्क संरचनात्मक परिपक्वता तक पहुँच जाता है, इसलिए नींद की प्राथमिक भूमिका तेजी से विकास को बढ़ावा देने के बजाय संज्ञानात्मक प्रदर्शन को बनाए रखने, कोशिकीय क्षति की मरम्मत करने और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने की ओर स्थानांतरित हो जाती है।" नींद की कमी के सामान्य स्वास्थ्य के खतरे के बारे में डॉ. हिरेमथ कहते हैं कि अल्पावधि में, लोगों को "एकाग्रता में कमी, धीमी प्रतिक्रिया, मनोदशा में गड़बड़ी व कमजोर प्रतिरक्षा का अनुभव हो सकता है। समय के साथ, लगातार नींद की कमी से उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा , यहाँ तक कि अल्जाइमर रोग जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।" इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है, जिससे चिंता और अवसाद की दर बढ़ जाती है। अब सवाल यह है कि माता-पिता या देखभाल करने वाले कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि बच्चे व किशोर अपनी अनुशंसित नींद की ज़रूरतों को पूरा करें? माता-पिता और देखभाल करने वाले नियमित नींद की दिनचर्या बनाकर और सोने से पहले एक शांत वातावरण को प्राथमिकता देकर मदद कर सकते हैं। डॉ. हिरेमथ ज़ोर देकर कहते हैं, "आराम करने के लिए एक पूर्वानुमेय कार्यक्रम बनाना, सोने से कम से कम एक घंटा पहले स्क्रीन के संपर्क को सीमित करना और दिन में शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करना, ये सभी बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। स्वस्थ नींद के लिए शयनकक्ष अंधेरा, ठंडा व शांत होना चाहिए। खासकर किशोरों के लिए, पर्याप्त आराम के साथ शैक्षणिक ज़रूरतों को संतुलित करना ज़रूरी है, इसलिए माता-पिता को उन्हें यह समझने में मदद करनी चाहिए कि अच्छी नींद उनके प्रदर्शन व सेहत के लिए पढ़ाई या पाठ्येतर गतिविधियों जितनी ही ज़रूरी है।" लेकिन रैट रेस व गला काट प्रतियोगिता के युग में बच्चे तमाम कठिन परीक्षा अच्छे नंबर से पास करने की रात-दिन की कोशिश व तनाव में ही खप जा रहे हैं। करें भी क्या , भारत में उतनी नौकरियां नहीं हैं, अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थान नहीं हैं, विश्व स्तरीय मौके कम हैं, ऐसे में ज्यादातर टैलेंटेड बच्चे 90% से ज्यादा 95 से 100% तक मार्क्स लाने के लिए जी-जान से रात -दिन पढ़ाई कर रहे हैं ।भारत में आईआईटी या मेडिकल कालेजों में सिलेक्शन के लिए रात-दिन खप रहे हैं।परीक्षा की तैयारी के चक्कर में उनमें से ज्यादातर 8 घंटे भी नहीं सो पाते हैं , करें भी क्या? इतनी मेहनत नहीं करें तो उनको भविष्य अंधकारमय दिखाई देता है



### इंडिया-जापान के बीच 2 वर्षों में 13 अरब डॉलर के 170 से अधिक एमओयू साइन हुए

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान दौरे पर जाने वाले हैं। इससे दोनों देशों के व्यापारिक और आर्थिक संबंधों को बड़ा बूस्ट मिलने की संभावना है। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत है, दो वर्षों में 170 से अधिक एमओयू साइन हुए हैं, जिसमें 13 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। प्रधानमंत्री मोदी अपने जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के निमंत्रण पर 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 29-30 अगस्त तक जापान की यात्रा करेंगे।



### ईरान-पाकिस्तान से 23 लाख से अधिक अफगान शरणार्थी लौटे

**काबुल** । संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने कहा है कि इस साल ईरान और पाकिस्तान से 23 लाख से अधिक अफगान शरणार्थी अफगानिस्तान लौट चुके हैं। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि लौटे हुए इन शरणार्थियों को गंभीर मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्काल अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। यूएनएचसीआर ने गुरुवार को कहा कि अफगान शरणार्थी ऐसे देश लौट रहे हैं, जो उन्हें संभालने के लिए तैयार नहीं है। एजेंसी ने सोशल मीडिया पर साझा संदेश में लिखा, "दुनिया अब अफगानों से मुंह नहीं मोड़ सकती।



## भाजपा अध्यक्ष का नाम क्यों नहीं तय हो रहा है, सवाल पर संघ प्रमुख भागवत ने कहा-

## 'अगर हम तय करते तो इतना समय लगता क्या? टेक योर टाइम'

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर्वेसर्वा मोहन भागवत ने संवाददाता सम्मेलन में इस सवाल पर कि भाजपा अध्यक्ष का नाम तय करने में क्या संघ के कारण देरी हो रही है, सब कुछ संघ तय करता है (जिसको भाजपा व उसके सत्ताधारी नेता तय कर रहे हैं उस पर राज़ी नहीं हो रहा है) ? कहा -' सब कुछ संघ तय करता है, यह पूर्णतः गलत बात है। मतभेद हो सकते हैं, मनभेद नहीं हो सकता है। सब कुछ संघ तय करता है, यह बिल्कुल गलत बात है, यह नहीं हो सकता है। मैं शाखा



चलाता हूं तो मैं इसका एक्सपर्ट हूं। लेकिन जो राज्य चला रहे हैं वो उस फील्ड में एक्सपर्ट हैं। इसलिए हम तय नहीं कर रहे हैं। अगर हम तय करते तो इतना समय लगता क्या? टेक योर टाइम'। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच मतभेद के सवाल पर सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि कोई मतभेद नहीं है। मोहन भागवत ने कहा कि मतभेद के कोई मुद्दे नहीं होते। मतभेद के विचार कुछ हो सकते हैं, लेकिन मनभेद बिल्कुल नहीं है और एक दूसरे पर विश्वास है, जो प्रयत्न कर रहे हैं, अच्छे से कर रहे हैं, क्षमता अपनी अपनी है, अलग अलग चलेंगे तो भी सबको एक जगह ही जाना है। इस सवाल पर कि क्या आरएसएस व भाजपा के बीच कोई मतभेद हैं, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, 'हमारा हर सरकार, राज्य सरकारों व केंद्र सरकार, दोनों के साथ अच्छा समन्वय है। लेकिन कुछ व्यवस्थाएं ऐसी भी हैं जिनमें कुछ आंतरिक विरोधाभास हैं। कुल मिलाकर व्यवस्था वही है, जिसका आविष्कार अंग्रेजों ने शासन करने के लिए किया था।

इसलिए, हमें कुछ नवाचार करने होंगे। फिर, हम चाहते हैं कि कुछ हो। भले ही कुर्सी पर बैठा व्यक्ति हमारे लिए पूरी तरह से समर्पित हो, उसे यह करना ही होगा, और वह जानता है कि इसमें क्या बाधाएं हैं। वह ऐसा कर भी सकता है और नहीं भी। हमें उसे वह स्वतंत्रता देनी होगी। कहीं कोई झगड़ा नहीं है।






## अनिल कपूर ने सुनाया अनसुना किस्सा!




### ऐश्वर्या ने ठुकरा दी थी 'हमारा दिल आपके पास है'

हमारा दिल आपके पास है' सतीश कौशिक द्वारा निर्देशित और बोनी कपूर द्वारा निर्मित एक पुरस्कार विजेता बॉलीवुड रोमांटिक हिंदी एक्शन फिल्म है, जिसमें अनिल कपूर, ऐश्वर्या राय और सोनाली बेंद्रे मुख्य भूमिकाओं में हैं। जब प्रीति भवानी चौधरी के खिलाफ एक हत्या के आरोप में गवाही देती है, तो वह उसका बलात्कार करता है। अपने परिवार द्वारा अपमानित और घर से निकाले जाने के बाद, एक दयालु व्यक्ति अविनाश उसे रहने के लिए जगह देता है। जिसके बाद दोनों के बीच धीरे-धीरे नजदीकिया बढ़ जाती है लेकिन आखिर में अविनाश की मां का ट्विस्ट आ जाता है। अपनी इस सुपरहिट फिल्म को लेकर अनिल कपूर ने पुरानी कुछ यादें शेयर की है। अनिल कपूर ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरों का एक 'कोलाज' रविवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया और एक लंबा संदेश भी लिखा। सतीश कौशिक को अपना ''प्रिय मित्र'' बताते हुए 68 वर्षीय अभिनेता ने लिखा ''जब मैं हमारा दिल आपके पास है के 25 साल पूरे होने पर पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मेरे दिल में मेरे सबसे प्यारे दोस्त सतीश कौशिक की यादें ताजा हो जाती हैं।

# न्यूज बॉक्स

## सीएमपीडीआई ने एमईसी के साथ किया एमओयू



**रांची।** सीएमपीडीआई ने रांची जिले के 60 वंचित युवाओं को फ्लेबोटोमिस्ट तकनीशियन के रूप में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से अपने सीएसआर परियोजना शुरू करने के लए आज मनमुख एजुकेशन कंसल्टेंसी (एमईसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) आरके महापात्रा की उपस्थिति में संस्थान के सीएसआर के नोडल अधिकारी संदीप कुमार भगत और एमईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार झा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

सीएसआर निधि से पोषित.23.58 लाख की परियोजना लागत वाली इस पहल का उद्देश्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को लाभान्वित करना है। चालू वित्त वर्ष के दौरान रांची स्थित मान्यता प्राप्त मनमुख प्रशिक्षण केंद्र में दो बैचों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। छह महीने के इस पाठ्यक्रम में पारदर्शी चयन और मूल्यांकन प्रक्रिया का पालन किया जाएगा, जिसका लक्ष्य 80 प्रतिशत सफल प्रशिक्षुओं को स्थानन (प्लेसमेंट) प्रदान करना है। यह सीएसआर पहल सतत् कौशल विकास और आजीविका सृजन के माध्यम से हाशिए पर रहने वाले वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के लिए सीएमपीडीआई की प्रतिबद्धता की दर्शाता है।

## जमीन विवाद में आरोपी सुनीता और शंकर को कोर्ट ने नहीं दी अग्रिम जमानत

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के न्यायायुक्त की अदालत ने फर्जीवाड़े, साजिश रचने समेत अन्य आरोपों में आरोपी शंकर लाल गुप्ता और सुनीता कुमारी गुप्ता को अग्रिम जमानत देने से इनकार किया है। दोनों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने सुनवाई पश्चात खारिज कर दी। मामला डेली मार्केट थाना कांड संख्या 28/23 से जुड़ा है। शिकायतकर्ता रूपेश जायसवाल ने आरोप लगाया है कि कोंका मौजा स्थित 11.09 डिसमिल भूमि की खरीद के बाद आरोपियों ने कब्जा छोड़ने का दबाव बनाया और रंगदारी की मांग की। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि आरोपी फर्जी कागजात के आधार पर जमीन का दावा कर रहे हैं और गहरी आपराधिक साजिश में शामिल हैं। वहीं, बचाव पक्ष ने इसे महज सिविल विवाद बताते हुए अग्रिम जमानत देने का आग्रह किया। अदालत ने कहा कि आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, जिसमें जालसाजी, फर्जीवाड़ा और आपराधिक षड्यंत्र शामिल है। साथ ही जांच अभी जारी है। इन तथ्यों को देखते हुए न्यायालय ने अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया और याचिका खारिज कर दी।

## शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक परंपराओं पर सीधा हमला : धर्मेंद्र तिवारी



**रांची।** जेडीयू के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक परंपराओं पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को समाप्त कर उन्हें सरकार के नियंत्रण में लाने का प्रयास है, जो किसी भी दृष्टिकोण से स्वीकार्य नहीं है। तिवारी ने कहा कि कुलपति, परीक्षा नियंत्रक और अन्य शैक्षणिक पदों पर प्रत्यक्ष दखल देने की व्यवस्था विश्वविद्यालयों को राजनीतिक हस्तक्षेप का अड्डा बना देगी। तिवारी ने कहा कि पहले से ही जेपीएससी, जेएसएससी और जेएसी जैसी संस्थाओं की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं और अब विश्वविद्यालयों को भी उसी राह पर ले जाया जा रहा है। यह कदम छात्रों के भविष्य और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता दोनों के साथ खिलवाड़ है। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि आज झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में लूट-खसोट का माहौल तैयार हो रहा है। विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में अनियमितताओं की भरमार है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि इस स्थिति पर माननीय उच्च न्यायालय स्वतः संज्ञान ले और शिक्षा को बचाने की दिशा में ठोस हस्तक्षेप करे। तिवारी ने राज्यपाल से अपील करते हुए कहा कि इस विधेयक पर तत्काल पुनर्विचार हो और विपक्षी दलों, छात्र संगठनों तथा शिक्षाविदों से विमर्श कर ठोस शिक्षा नीति बनाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस विधेयक को लागू करने पर जोर दिया तो जनता दल यूनाइटेड राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ेगा।

# पृष्ठ एक के शेष

**दिशोम गुरू शिबू सोरेन को...**

लेकिन आदिवासी समाज के किसी आंदोलनकारी, राजनीतिज्ञ, बुद्धिजीवी को आज तक भारत रत्न नहीं मिला। ऐसे में शिबू सोरेन को भारत रत्न दिया जाए, यह जरूर जोड़ा जाए। प्रस्ताव पर स्वीकार रबीन्द्रनाथ महतो में सदन के समक्ष रखा। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बता दें कि झारखंड आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले दिशोम गुरू शिबू सोरेन का लंबी बीमारी के बाद 4 अगस्त को सर गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया था। उनके निधन के बाद पार्थिव शरीर को झारखंड लाया गया और इसके बाद उनके पैतृक गांव नेमरा में अंतिम संस्कार किया गया था। उनके निधन के बाद से ही उन्हें भारत रत्न देने की मांग जोर पकड़ने लगी थी। गुरुवार को उनको भारत रत्न देने की मांग का प्रस्ताव विधानसभा में आया और सर्वसम्मति से उस प्रस्ताव को पारित कर दिया गया।

**कानून और संवैधानिक संस्थाएं...**

मुख्यमंत्री झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के समापन पर अपना भाषण दे रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लद्दाख के राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के साथ केंद्र सरकार द्वारा किए गए व्यवहार का भी विस्तार से जिक्र किया।

**विश्व गुरु बनाने की बात पर सवाल :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे देश को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं या खुद और अपने व्यवसायिक साथियों को. उन्होंने कहा कि विपक्षी दल खुद और अपने व्यापारिक सहयोगियों को विश्व गुरु बनाने की तैयारी में जुटी है. झारखंड विधानसभा ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से इस पर क्या कार्रवाई की जाएगी, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। वे जो बोलते हैं, वह नहीं करते हैं, लेकिन जो नहीं बोलते हैं, वह जरूर करते हैं. इससे उनके इरादों पर सवाल उठते हैं।

# झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा
## विज्ञापन संख्या–01/2025

### चतरा जिला के गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए विज्ञापन

1.चतरा जिला के गृह रक्षक के रूप में नव–नामांकन के लिए रिक्तियों के विरूद्ध सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑन–लाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। ग्रामीण गृह रक्षक तथा शहरी गृह रक्षक के लिए ऑन–लाईन आवेदन विहित प्रपत्र में अलग–अलग जमा करेंगे।

नोटः–गृह रक्षा वाहिनी एक स्वयंसेवी संगठन है तथा गृह रक्षक उसके स्वयंसेवी सदस्य होते है। जितने दिन आवश्यकतानुसार उन्हें कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त किया जाता है उतने कार्य दिवस के लिए सरकार द्वारा निर्धारित दर पर भत्ता देय होता है। यह कोई वैतनिक सरकारी नौकरी या आजीविका का माध्यम नहीं है। अतः उन्हीं उम्मीदवारों से आवेदन की अपेक्षा की जाती है, जो राष्ट्र की सेवा निःस्वार्थ करने के लिए तैयार हों।

2.गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए उपलब्ध रिक्ति निम्नवत् है, जो घट या बढ़ सकती है।

**चतरा जिला का शहरी/ग्रामीण (महिला/पुरूष) रिक्तियों प्रखण्डवार निम्न प्रकार है।**

(क) ग्रामीण/शहरी गृह रक्षकों के लिए रिक्तिः–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | पुरूष/महिला रिक्तियाँ | | | शारीरिक जाँच परीक्षा एवं लिखित परीक्षा |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | रिक्तियाँ | |
| 01 | सिमरिया | 18 | 17 | **35** | |
| 02 | हण्टरगंज | 19 | 19 | **38** | |
| 03 | ईटखोरी | 15 | 15 | **30** | |
| 04 | प्रतापपुर | 28 | 27 | **55** | |
| 05 | कुन्दा | 40 | 39 | **79** | |
| 06 | गिद्धौर | 04 | 03 | **07** | |
| 07 | पत्थलगड्डा | 11 | 10 | **21** | |
| 08 | टण्डवा | 31 | 31 | **62** | |
| 09 | लावालौंग | 21 | 21 | **42** | |
| 10 | सदर चतरा | 25 | 25 | **50** | |
| 11 | कान्हाचट्टी | 03 | 03 | **06** | |
| 12 | मयूरहण्ड | 05 | 04 | **09** | |
| | **कुल ग्रामीण** | **220** | **214** | **434** | |

(ख) शहरी गृह रक्षकों के लिए रिक्ति :–

| क्र0सं0 | शहरी क्षेत्र | पुरूष | महिला | रिक्तियाँ | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | शहरी गैर तकनीकी | 07 | 07 | **14** | |
| 02 | शहरी तकनीकी | 08 | 07 | **15** | |

a.शारीरिक जाँच परीक्षा का स्थल तिथि एवं लिखित तथा तकनीकी जाँच परीक्षा की सूचना बाद में समाचार पत्रों के माध्यम दी जायेगी।
उपरोक्त दोनों कोटि (ग्रामीण/शहरी गृह रक्षक) के लिए नामांकन में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए कर्णांकित होंगे।
महिलाओं के लिए कर्णांकित पदों में से 05 प्रतिशत पद अर्हता प्राप्त तलाकशुदा/ परित्यक्ता/विधवा महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा अभ्यर्थी के उपलब्ध नहीं रहने के स्थिति में उक्त 05 प्रतिशत पद पुनः महिलाओं के लिए कर्णांकित प्रतिशत में समाहित हो जायेगा।

3.अर्हता–

(क) आवासीयः–

(i)ग्रामीण गृह रक्षक– अभ्यर्थी को चतरा जिला के उस प्रखण्ड का स्थायी निवासी होना चाहिए जहाँ से ग्रामीण गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए ऑन– लाईन आवेदन करेंगे।

(ii)शहरी गृह रक्षक– अभ्यर्थी को चतरा जिला के शहरी क्षेत्र का सामान्य निवासी होना चाहिए।

(ख) **उम्र सीमाः– 01.01.2025 को 19 से 40 वर्ष।**

(ग) **शैक्षणिक योग्यताः–**

(i)ग्रामीण गृह रक्षकों के लिए न्यूनतम 7 वीं पास।

(ii)शहरी गृह रक्षकों के लिए न्यूनतम मैट्रिक (10)वीं पास।

(घ)**शारीरिक मापदण्डः–**(ग्रामीण/शहरी गृहरक्षक दोनों के लिए समान)

(i)लम्बाईः– पुरूष– 162 से0मी0 (सामान्य/ओ.बी.सी./बी.सी.)157 से0मी0 (अ.ज.जा./अ.जा.)महिला–148 से0मी0 (सभी के लिए)

(ii)सीनाः–पुरूष– 79 से0मी0 (सामान्य/ओ.बी.सी./बी.सी.)76 से0मी0 (अ.ज.जा./अ.जा.)

(ङ) **तकनीकी दक्षता (सिर्फ तकनीकी दक्ष शहरी गृह रक्षक अभ्यर्थियों के लिए)**:–अभ्यर्थी को विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में दक्ष होना चाहिए तथा उससे संबंधित किसी कार्यालय में कार्यरत/स्वनियोजित तथा तकनीकी जानकार होना चाहिए। इन जानकारों को सामान्य रूप से तकनीकी योग्य माना जायेगा– चिकित्सक, अभियंता, अधिवक्ता, प्राध्यापक, नर्स, कम्प्यूटर ऑपरेटर, टंकक, लाईसेंसधारी चालक, (एच.एम.भी/एल.एम.भी), रसोईया, बढ़ई, मोची, धोबी, नाई, बिजली मिस्त्री, माली, पलम्बर आदि।

4.**चयन प्रक्रियाः–** गृह विभाग झारखण्ड सरकार, राँची की अधिसूचना संख्या 5442 दिनांक– 20.10.2014 के आलोक में चयन समिति द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत निम्नलिखित जाँच परीक्षा ली जायेगी।

(क) **शारीरिक जाँच परीक्षाः–** इसके अन्तर्गत 1 मील की दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद, शॉट पूट सम्मिलित होगा, जिसमें निम्नवत् अंक प्रदान किया जायेगाः–

**(I)ग्रामीण गृह रक्षक तथा गैर–तकनीकी शहरी गृह रक्षक अभ्यर्थियों के लिए–**

| जाँच | पुरूष | महिला |
|---|---|---|
| दौड़ (1 मील) | 05 मिनट या पहले– 20 अंक | 08 मिनट या पहले– 20 अंक |
| | 05 से अधिक 6 मिनट तक– 10 अंक | 08 से अधिक 10 मिनट तक– 10 अंक |
| | 06 मिनट से अधिक समय लेने वाले अयोग्य माने जायेंगे। | 10 मिनट से अधिक समयलेने वाले अयोग्य माने जायेंगे। |
| ऊँची कूद | (क) न्यूनतम 4 फीट – 5 अंक | (क) न्यूनतम 3 फीट – 5 अंक |
| | (ख) 4'– 4'3'' फीट – 6 अंक | (ख) 3'– 3'3'' फीट – 6 अंक |
| | (ग) 4'3'' – 4'6'' फीट – 7 अंक | (ग) 3'3'' – 3'6'' फीट – 7 अंक |
| | (घ) 4'6'' – 4'9'' फीट – 8 अंक | (घ) 3'6'' – 3'9'' फीट – 8 अंक |
| | (च) 4'9'' – 5' फीट – 9 अंक | (च) 3'9'' – 4' फीट – 9 अंक |
| | (छ) 5'और अधिक – 10 अंक | (छ) 4'और अधिक – 10 अंक |
| लम्बी कूद | (क) न्यूनतम 12 फीट – 5 अंक | (क) न्यूनतम 9 फीट – 5 अंक |
| | (ख) 12'– 13' फीट – 6 अंक | (ख) 9'– 10' फीट – 6 अंक |
| | (ग) 13' – 14' फीट – 7 अंक | (ग) 10' – 11' फीट – 7 अंक |
| | (घ) 14' – 15' फीट – 8 अंक | (घ) 11' – 12' फीट – 8 अंक |
| | (च) 15' – 16' फीट – 9 अंक | (च) 12' – 13' फीट – 9 अंक |
| | (छ) 16'से अधिक – 10 अंक | (छ) 13'से अधिक – 10 अंक |
| शॉट पूट | 16 पौण्ड – न्यूनतम 16 फीट | 10 पौण्ड – न्यूनतम 10 फीट |

**(ii)तकनीकी दक्ष शहरी गृह रक्षक अभ्यर्थियों के लिएः–**

| जाँच | पुरूष | महिला |
|---|---|---|
| दौड़ (1 मील) | 06 मिनट या पहले– 20 अंक | 08 मिनट या पहले– 20 अंक |
| | 06 से अधिक 8 मिनट तक– 10 अंक | 08 से अधिक 12 मिनट तक– 10 अंक |
| | 08 मिनट से अधिक समय लेने वाले अयोग्य माने जायेंगे। | 12 मिनट से अधिक समय लेने वाले अयोग्य माने जायेंगे। |
| ऊँची कूद | (क) न्यूनतम 3.5 फीट – 5 अंक | (क) न्यूनतम 2.5 फीट – 5 अंक |
| | (ख) 4'औरअधिक – 10 अंक | (ख) 3'औरअधिक – 10 अंक |
| लम्बी कूद | (क) न्यूनतम 9 फीट – 5 अंक | (क) न्यूनतम 6 फीट – 5 अंक |
| | (ख) 10' औरअधिक – 10 अंक | (ख) 7' औरअधिक – 10 अंक |
| शॉट पूट | 16 पौण्ड – न्यूनतम 12 फीट | 10 पौण्ड – न्यूनतम 8 फीट |

(ख) **हिन्दी लेखन–क्षमता परीक्षाः–** शारीरिक जाँच परीक्षा में योग्य पाये जाने वाले अभ्यर्थी को हिन्दी लेखन क्षमता की परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा, जिसमें ग्रामीण गृह रक्षकों के लिए 7वीं कक्षा तथा शहरी गृह रक्षकों के लिए 10वीं कक्षा के स्तर अनुसार लेखन क्षमता की जाँच की जायेगी। यह क्वालिफाईंग होगा, पूर्णांक 100 एवं उत्तीर्णांक 30 होगा।

(ग) **तकनीकी दक्षता परीक्षाः–** (सिर्फ शहरी तकनीकी दक्ष गृह रक्षक अभ्यर्थियों के लिए):– शारीरिक जाँच परीक्षा एवं हिन्दी लेखन–क्षमता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की तकनीकी दक्षता परीक्षा ली जायेगी, जो क्वालिफाईंग होगा, पूर्णांक 100 एवं उत्तीर्णांक 30 होगा।

(घ) सभी जाँच परीक्षा की समाप्ति के बाद उपर्युक्त अधिसूचना में दिये गये प्रावधान के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी जिसके आलोक में रिक्ति के विरूद्ध चयन किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों के सभी प्रमाण–पत्र/अभिलेख/दस्तावेज, चिकित्सीय जाँच तथा पुलिस द्वारा चरित्र सत्यापन कराने के पश्चात उसे अनुकूल पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के आदेशोपरान्त गृह रक्षक बुनियादी प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उन्हें गृह रक्षक के रूप में नव–नामांकन कर प्रावधान अनुसार नामांकन प्रमाण–पत्र निर्गत किया जायेगा।

5.अभ्यर्थी जो राष्ट्र/राज्यस्तरीय खेल–कूद में पुरस्कृत हुए है उन्हें निम्नवत् अतिरिक्त अंक प्रदान किया जायेगा।

| स्थान | राष्ट्रीय | राज्य स्तरीय |
|---|---|---|
| प्रथम | 6 अंक | 3 अंक |
| द्वितीय | 4 अंक | 2 अंक |
| तृतीय | 2 अंक | 1 अंक |

6. शहरी गृह रक्षक के रूप में सरकारी सेवकों को शहरी गृह रक्षक के पूर्ण रिक्तियों के 10 प्रतिशत नामांकित करने की सीमा निर्धारण है। सरकारी सेवकों को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर निम्नवत् अंक दिये जायेंगेः–

| शैक्षणिक योग्यता | अंक |
|---|---|
| स्नातकोत्तर | 10 अंक |
| स्नातक | 8 अंक |
| इंटरमिडिएट | 6 अंक |
| मैट्रिक | 4 अंक |

7. आवेदन कैसे करेंः– आवेदक द्वारा ऑन–लाईन आवेदन दिनांक–15.09.2025 से 30.09.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक वेबसाईट recruitment.jharkhand.gov.in पर किया जायेगा। आवेदन शुल्क की राशि 100रु0 (एक सौ रुपये) मात्र निर्धारित वेबसाईट पर ONLINE PAYMENT GATEWAY के माध्यम से आवेदन पत्र ऑन–लाईन जमा करते समय ही जमा करना है। आवेदन शुल्क जमा होने के उपरान्त ही अंतिम रूप से आवेदन समर्पित होगा।
8. ऑन–लाईन आवेदन में आवेदक द्वारा हाल का रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है।
9. एक आवेदक से एक ही आवेदन पत्र स्वीकार्य होगा। एक से अधिक आवेदन पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी का सभी आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
10. अर्हता के अनुरूप आवेदन से ऑन–लाईन आवेदन में मांगी गई सभी विवरणी पूर्णरूपेण भरा जाना अनिवार्य है।
11. आवेदक जिला के किसी भी प्रज्ञा केन्द्र से ऑन–लाईन आवेदन समर्पित कर सकते हैं। आवेदक को आवेदन भरने में किसी प्रकार की कठिनाई होने की स्थिति में जिला समादेश्टा कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा/JAP-IT से संपर्क स्थापित कर सकते है।
12. आवेदक द्वारा आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राईविंग लाईसेंस/पैन कार्ड में से किसी एक का विवरण ऑन–लाईन आवेदन में देना अनिवार्य है।
13. जाँच/परीक्षा की तिथि एवं स्थान की सूचना की बाद में पुनः दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से दी जायेगी।
14. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में की गई प्रविष्टि गलत पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के आवेदन को स्वतः रद्द हो जायेगा। जिसके संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
15. शहरी तकनीकी श्रेणी के अभ्यर्थी को तकनीकी जाँच परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द मानी जायेगी।
16. अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन के साथ समर्पित किये जाने वाले शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण–पत्र आवेदन की तिथि के पूर्व का निर्गत होना अनिवार्य है, साथ ही आवासीय प्रमाण–पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र आवेदन की तिथि के पूर्व का ONLINEनिर्गत होना अनिवार्य है।
17. अभ्यर्थियों के द्वारा समर्पित कोई भी प्रमाण–पत्र यथा आवासीय, जाति, शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, खेल–कूद श्रेणी आदि से संबंधित प्रमाण–पत्र यदि आवेदन के अंतिम तिथि के बाद के होगे तो वे मान्य नहीं होगा।
18. आवेदन शुल्क जमा करने के पूर्व मात्र एक बार आवेदन प्रपत्र में त्रुटि को सुधारा जा सकता है। आवेदन शुल्क जमा होने के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि का सुधार मान्य नहीं होगा।
19. आवेदन के साथ समर्पित किये जाने वाले सभी प्रमाण–पत्रों को स्वःअभिप्रमाणित करना अनिवार्य है।
20. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना एवं गृह रक्षक नामांकन का परीक्षाफल N.I.C चतरा के वेबसाईट पर प्रकाशित की जायेगी।

**जिला समादेष्टा चतरा –सह–सदस्य गृह रक्षक नवनामांकन समिति,चतरा**

**पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य गृह रक्षक नवनामांकन समिति, चतरा।**

**उपायुक्त–सह–अध्यक्ष गृह रक्षक नवनामांकन समिति, चतरा।**

चतरा जिला अन्तर्गत गृह रक्षकों का नव–नामांकन हेतु ग्रामीण/शहरी गृह रक्षक (स्वयंसेवक) रिक्त पदों की विवरणी।

प्रखण्डवार रिक्ति विवरणी तालिकाः–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | कुल स्वीकृत बल | पुरूषों का नामांकित बल | महिलाओं का नामांकित बल | कुल नामांकित बल | कुल रिक्ति | महिलाओं की रिक्ति | पुरूषों का रिक्ति | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिमरिया | **110** | 51 | 24 | 75 | **35** | 17 | 18 | |
| 2 | हण्टरगंज | **110** | 48 | 24 | 72 | **38** | 19 | 19 | |
| 3 | ईटखोरी | **110** | 49 | 31 | 80 | **30** | 15 | 15 | |
| 4 | प्रतापपुर | **110** | 42 | 13 | 55 | **55** | 27 | 28 | |
| 5 | कुन्दा | **110** | 24 | 7 | 31 | **79** | 39 | 40 | |
| 6 | गिद्धौर | **110** | 55 | 48 | 103 | **7** | 3 | 4 | |
| 7 | पत्थलगड्डा | **110** | 48 | 41 | 89 | **21** | 10 | 11 | |
| 8 | टण्डवा | **110** | 39 | 9 | 48 | **62** | 31 | 31 | |
| 9 | लावालौंग | **110** | 34 | 34 | 68 | **42** | 21 | 21 | |
| 10 | सदर चतरा | **110** | 40 | 20 | 60 | **50** | 25 | 25 | |
| 11 | कान्हाचट्टी | **110** | 51 | 53 | 104 | **6** | 3 | 3 | |
| 12 | मयुरहण्ड | **110** | 55 | 46 | 101 | **9** | 4 | 5 | |
| | कुल :– | **1320** | **536** | **350** | **886** | **434** | **214** | **220** | |

नोटः– प्रखण्डवार कुल ग्रामीण गृह रक्षकों की रिक्ति–434 (चार सौ चौतीस) है।

शहरी गृह रक्षकों की रिक्ति विवरणी तालिकाः–

| क्र0 सं0 | शहरी का नाम | कुल स्वीकृत बल | पुरूषों का नामांकित बल | महिलाओं का नामांकित बल | कुल नामांकित बल | कुल रिक्ति | महिलाओं की रिक्ति | पुरूषों का रिक्ति | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहरी गैर तकनीकी | 63 | 23 | 7 | 34 | 29 | 7 | 8 | |
| 2 | शहरी तकनीकी | | 2 | 2 | | | 7 | 7 | |
| | कुल– | **63** | **25** | **9** | **34** | **29** | **14** | **15** | |

नोटः– कुल शहरी गृह रक्षकों की रिक्ति–29 (उनतीस) है।

### चतरा जिला के ग्रामीण गृह रक्षक में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र का प्रारूप
विज्ञापन संख्या–01/2025

प्रखण्डः–.................................. (ऑन–लाईन आवासीय प्रमाण–पत्र अपलोड करें।)

1. आवेदक का नाम :– ..................................
2. पिता/पति का नाम :– ..................................
3. लिंग– पुरूष/महिला :– ..................................
4. वैवाहिक स्थिति– विवाहित/अविवाहित :– ..................................
(महिला जो तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा हों तो उल्लेख करें।)
5. मोबाईल नम्बर/ई0मेल आई0 डी0 :– ..................................
6. आवेदक का आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/पैन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस का विवरण :–

ऑनलाईन फोटो

| क्रम सं0 | पहचान पत्र का नाम | पहचान पत्र का नम्बर |
|---|---|---|
| | | |

7. जन्म तिथि :– ................../................../..................
8. दिनांक 01–01–2025 को उम्र :– वर्श.................. माह ..................दिन..................
9. कोटि :– सामान्य/ओ.बी.सी./बी.सी/अ.जा/अ.ज.जा ..................
10. स्थायी पता :–ग्राम– .................. पोस्ट–.................. पंचायत– ..................प्रखण्ड– .... .................. थाना– .................. जिला– ..................
पिन कोड ..................
11. वर्त्तमान पता :–ग्राम– .................. पोस्ट–.................. पंचायत– .......... प्रखण्ड– .................. थाना– .................. जिला– ..................पिन कोड
12. शैक्षणिक योग्यता :– ..................

| क्रम सं0 | शैक्षणिक योग्यता | विद्यालय/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि | कुल प्राप्तांक | कुल प्राप्तांक प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | सप्तम | | | | |
| 02. | मैट्रिक | | | | |
| 03. | इण्टरमिडिएट | | | | |
| 04. | स्नातक | | | | |
| 05. | स्नातकोतर | | | | |

13. यदि राष्ट्र/राज्य स्तरीय खेलकूद में पुरस्कृत हुए हों तो उसका विवरण :– ..................

| क्रम सं0 | खेल का प्रकार | राष्ट्र/राज्यस्तरीय खेलकूद कराने वाले संस्थान का नाम | निर्गत प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |

14. शारीरिक माप :– ऊँचाई :– .................. से0मी0।
सीना (सिर्फ पुरुष के लिए) .................. से0मी0।
14. शारीरिक पहचान के दो चिन्ह् :– (I) ..................
(ii) ..................

**घोषणा**

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ की मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सूचनाएँ/अपलोड प्रमाण–पत्र मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। गलत पाये जाने पर तत्क्षण ही मेरी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

स्थानः– ..................
दिनांकः– ..................

आवेदक का हस्ताक्षर

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।
ग्रामीण गृह रक्षक में नामांकन के लिए आवेदन की पावती रसीद
विज्ञापन संख्या ..................
प्रखण्ड का नामः– ..................

ऑनलाईन फोटो

क्रमांक ..................
दिनांक– ..................
आवेदक का नाम .................. पिता/पति का नाम ..................
ग्राम .................. पोस्ट .................. पंचायत ..................थाना ..................
.................. प्रखण्ड .................. जिला ..................

उपायुक्त, चतरा

### चतरा जिला के शहरी गृह रक्षक में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र का प्रारूप
विज्ञापन संख्या–01/2025

शहरी क्षेत्र (ऑन–लाईन आवासीय प्रमाण–पत्र अपलोड करें।)

1. आवेदक का नाम :– ..................
2. पिता/पति का नाम :– ..................
3. लिंग– पुरूष/महिला :– ..................
4. वैवाहिक स्थिति–विवाहित/अविवाहित :– ..................
(महिला जो तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा हों तो उल्लेख करें।)
5. मोबाईल नम्बर/ई0मेल आई0 डी0 :– ..................
6. आवेदक का आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/पैन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस का विवरण :–

ऑनलाईन फोटो

| क्रम सं0 | पहचान पत्र का नाम | पहचान पत्र का नम्बर |
|---|---|---|
| | | |

7. जन्म तिथि :– ................../................../..................
8. दिनांक 01–01–2025 को उम्र :– वर्ष.................. माह ..................दिन..................
9. राष्ट्रीयताः–..................
10. कोटि :– सामान्य/ओ.बी.सी./बी.सी/अ.जा/अ.ज.जा ..................
11. स्थायी पता :–ग्राम– .................. पोस्ट–.................. पंचायत– .......... प्रखण्ड– .................. थाना– .................. जिला– ..................
पिन कोड ..................
12. वर्त्तमान पता :–ग्राम– .................. पोस्ट–.................. पंचायत– ..................प्रखण्ड– .... .................. थाना– .................. जिला– ..................
पिन कोड ..................
13. शैक्षणिक योग्यता :– ..................

| क्रम सं0 | भौक्षणिक योग्यता | विद्यालय/बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि | कुल प्राप्तांक | कुल प्राप्तांक प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | सप्तम | | | | |
| 02. | मैट्रिक | | | | |
| 03. | इण्टर मिडिएट | | | | |
| 04. | स्नातक | | | | |
| 05. | स्नातकोतर | | | | |

14. तकनीकी/ट्रेड का विवरण (यदि, कोई हो):–

| क्रम सं0 | तकनीकी योग्यता | संस्थान का नाम | प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि | कुल प्राप्तांक | कुल प्राप्तांक प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

15. यदि किसी कार्यालय में कार्यरत हो अथवा स्वनियोजित हो तो कार्यस्थल के पता सहित उसका विवरणः–

| क्रम सं0 | कार्यालय का नाम | कार्यालय प्रधान का अनापत्ति प्रमाण पत्र विवरणी |
|---|---|---|
| | | |

16. यदि राष्ट्र/राज्य स्तरीय खेलकूद में पुरस्कृत हुए हों तो उसका विवरण :– ..................

| क्रम सं0 | खेल का प्रकार | राष्ट्र/राज्य स्तरीय खेलकूद कराने वाले संस्थान का नाम | निर्गत प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |

17. शारीरिक माप :– ऊँचाई :– .................. से0मी0।
सीना (सिर्फ पुरुष के लिए) .................. से0मी0।
18. शारीरिक पहचान के दो चिन्ह् :– (I) ..................
(ii) ..................

**घोषणा**

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ की मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सूचनाएँ/अपलोड प्रमाण–पत्र मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। गलत पाये जाने पर तत्क्षण ही मेरी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

स्थानः– ..................
दिनांकः– ..................

आवेदक का हस्ताक्षर

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।
शहरी गृह रक्षक में नामांकन के लिए आवेदन की पावती।
विज्ञापन संख्या ..................
गैर–तकनीकी/तकनीकी दक्षः– ..................

ऑनलाईन फोटो

क्रमांक ..................
दिनांक– ..................
आवेदक का नाम .................. पिता/पति का नाम ..................ग्राम
.................. पोस्ट .................. पंचायत ..................थाना ..................
.................. प्रखण्ड .................. जिला ..................

PR 360583 (Home, Prison And Disaster Management)25-26*D

उपायुक्त,चतरा

## खेल विकास के प्रस्ताव को सरकार के पास है पहुंचाना : सरोजनी लकड़ाने




**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम मोराबादी के कॉन्फ्रेंस हाल में अपराह्न 12 बजे से डॉ. सरोजनी लकड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंच का प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुआ। दिनांक 31 अगस्त को जैप 01 के शौर्य सभागार में आयोजित होने वाले झारखंड राज्य के पूर्व राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी समागम के विषय में मीडिया बंधुओं को जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डॉक्टर सरोजिनी लकड़ा, पूर्व हॉकी खिलाड़ी एवं मेजर ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित राज्य की गौरव सुमराय टेटे, सुनील कच्छप, करुणा पूर्ति, वीरेंद्र लकड़ा अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक राजेश कुमार सिंह, कमल होरो, नमन सुरीन, अगस्त तिर्की, हॉकी कोच जगन्नाथ भेंगरा, वॉलीबॉल कोच शिवदयाल कुमार एवं अन्य उपस्थित थे। मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ सरोजनी लकड़ाने कहा कि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय खिलाड़ी समागम का उद्देश्य झारखंड में खेल के विकास में आने वाली बाधाओं को चिन्हित करना, खेल के विकास के लिए समाधान एवं सकारात्मक सोच विकसित करना, खेल के विकास में सभी हितधारकों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा करना, खेल के विकास हेतु पूर्व खिलाड़ियों की जागरूकता बढ़ाना, खिलाड़ी समागम में खिलाडि़यों द्वारा दिए गए सुझाव, निष्कर्ष एवं खेल के विकास हेतु प्रस्ताव को सरकार के पास पहुंचाना कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य है। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमिटियों का गठन किया गया है। साथ ही जानकारी दी गई कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व खेल मंत्री बंधु तिर्की होंगे। साथ ही साथ उन्होंने काफ़ी बड़ी संख्या में आए मीडिया कर्मी का भी आभार प्रकट करते हुए दिनांक 31 अगस्त को सभी मीडिया कर्मी को आने का आग्रह भी किया।

## 'विश्व युवा स्क्रैबल चैंपियनशिप- 2025' में भारतीय टीम का सहयोग करेगी एस्सार फाउंडेशन

**मुंबई।** एस्सार फाउंडेशन ने विश्व युवा स्क्रैबल चैंपियनशिप (डब्ल्यूवाईएससी) 2025 के लिए टीम इंडिया के समर्थन की घोषणा की है। फाउंडेशन की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि टीम इंडिया का समर्थन करते हुए, वे गर्व का अनुभव कर रहे हैं। चैंपियनशिप 30 अगस्त से 1 सितंबर तक मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित होगी। इस वार्षिक चैंपियनशिप में 18 देशों के 200 से अधिक युवा खिलाड़ी भाग लेते हैं। यह मानसिक खेल के क्षेत्र में वैश्विक रूप से श्रेष्ठ आयोजन है। स्क्रैबल एसोसिएशन ऑफ इंडिया और वर्डहोलिक्स के साथ यह साझेदारी एस्सार फाउंडेशन के इस विश्वास को और मजबूत करती है कि शारीरिक और बौद्धिक दोनों तरह के खेल व्यक्तिगत विकास, सामाजिक समावेश और राष्ट्रीय गौरव के अवसर प्रदान करते हैं। इस वर्ष भारत के दल का नेतृत्व 14 वर्षीय माधव गोपाल कामथ कर रहे हैं, जिन्हें विश्व अंग्रेजी स्क्रैबल खिलाड़ी संघ रेटिंग में दुनिया के शीर्ष 10 स्क्रैबल खिलाड़ियों में स्थान दिया गया है और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे पहले युवा खिलाड़ी हैं।

## मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिनी खेल प्रतियोगिताएं होंगी: विश्वास सारंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। राज्य के खेल व युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर पूरे प्रदेश में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। देश में 29 अगस्त को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' मनाया जाता है। यह हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन है। पूरे देश में कार्यक्रम होते हैं। मंत्री सारंग ने बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में हम मध्य प्रदेश में 29 से 31 अगस्त तक खेल गतिविधियां आयोजित की करेंगे। पूरा प्रदेश खेलमय हो, हर वर्ग खेल से जुड़े, और खेल हमारी दिनचर्या का अंग बने, इस उद्देश्य से पूरे प्रदेश में तीन दिवसीय खेल के आयोजन किए जा रहे हैं। यह आयोजन अलग-अलग स्तर पर होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव सम्मिलित होंगे। बताया गया है कि प्रदेश के 313 ब्लॉक में खेल गतिविधियां आयोजित होंगी, और प्रदेश के महानगर के हर वार्ड में भी खेल गतिविधियां आयोजित होंगी।

**नॉर्थ जोन के लिए दमदार बल्लेबाजी से किया कमाल**



**दलीप ट्रॉफी**

# आयुष बडोनी की धमाकेदार फिफ्टी

**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2025 के पहले क्वार्टर फाइनल में नॉर्थ जोन के लिए आयुष बडोनी ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। ईस्ट जोन के खिलाफ टॉस हारने के बाद के पहले बल्लेबाजी करते हुए नॉर्थ जोन की जोन ने सधी हुई शुरुआत की थी। हालांकि, 49 रन के स्कोर पर टीम को शुभम खजूरिया के रूप में पहला विकेट गिर गया। इसके कुछ देर बाद ही कप्तान अंकित कुमार भी चलते बने। इस तरह नॉर्थ जोन शुरुआत के दो विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में फंस गई थी, लेकिन यहां से यश ढुल और आयुष बडोनी ने अपनी टीम के लिए मोर्चा संभाल लिया। खास तौर से बडोनी ने टीम के लिए तेज गति से रन बनाते हुए टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया। आयुष बडोनी ने नॉर्थ जोन के लिए 60 गेंद में 63 रनों की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने कुल 7 चौके भी लगाए। इस तरह आयुष बडोनी ने नॉर्थ जोन को मुश्किल से निकालने का काम किया। इस दौरान उन्हें यश ढुल का भी बेहतरीन साथ मिला। तीसरे नंबर पर बैटिंग करने उतरे यश ढुल 67 गेंद का सामना करते हुए 39 रनों की पारी खेली।

## एशिया कप 2025 से पहले रिंकू सिंह का गरजा बल्ला



उत्तर प्रदेश में जारी यूपी टी20 लीग में रिंकू सिंह का बल्ला जमकर गरजा। भुवनेश्वर कुमार की कप्तानी वाली लखनऊ फालकंस के खिलाफ रिंकू सिंह ने 27 गेंद में तीन चौके और चार छक्के से 57 रन 211 के तूफानी स्ट्राइक रेट से बनाए. जिससे सूर्यकुमार यादव को राहत मिली होगी और टीम इंडिया के लिए संजू सैमसन के बाद एक और बल्लेबाज ने अपनी फॉर्म एशिया कप 2025 से पहले साबित कर दी है. कप्तान रिंकू की पारी से मेरठ मेवरिक्स ने सातवें मैच में चौथी जीत दर्ज की और छह टीमों की अंकतालिका में दूसरे स्थान पर कब्जा बना रखा है। मैच के दौरान रिंकू सिंह की कप्तानी वाली मेरठ की टीम पहले बैटिंग करने उतरी. मेरठ के लिए सलामी बल्लेबाज स्वस्तिक चिकारा ने 31 गेंद में चार चौके और चार छक्के से 55 रन की पारी खेली. जबकि इसके बाद ऋतुराज शर्मा और रिंकू सिंह का बल्ला जमकर गरजा।

**निशांत संधु ने भी दिखाया दम**

## अल्काराज शेल्टन व जोकोविच तीसरे दौर में पहुंचे



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने इटली के मटिया बेलुची को 6-1, 6-0, 6-3 से हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। अल्काराज के साथ-साथ नोवाक जोकोविच और शेल्टन भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। कार्लोस अल्काराज पिछले 43 में से अपने 41 मैच जीत चुके हैं। वह लगातार आठवें टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। अल्काराज का अगला मुकाबला 32वीं वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी से होगा, जिन्होंने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी एलियट स्पिजिरी को 6-0, 7-6(3), 2-6, 6-4 से हराया। यह अल्काराज और डार्डेरी का पहला लेक्सस एटीपी हेड-टू-हेड मुकाबला होगा।

बेन शेल्टन ने पूर्व यूएस ओपन सेमीफाइनलिस्ट पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-4, 6-2, 6-4 से हराकर अपने घरेलू मेजर चैंपियनशिप के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने के बाद, शेल्टन ने 34 वर्षीय कैरेनो बुस्टा को हराया, जिन्होंने 2017 और 2020 में न्यूयॉर्क में अंतिम चार में जगह बनाई थी। यह लगातार नौवां ग्रैंड स्लैम है जिसमें शेल्टन तीसरे दौर में पहुंचे हैं। शेल्टन का अगला मुकाबला फ्रांस के अनुभवी एड्रियन मन्नारिनो से होगा। क्वार्टर फाइनल में शेल्टन का मुकाबला कार्लोस अल्काराज से हो सकता है। नोवाक जोकोविच ने भी तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह 19वां मौका है जब जोकोविच तीसरे दौर में पहुंचे हैं। 38 वर्षीय जोकोविच ने अमेरिकी क्वालीफायर जाचरी स्वेज्दा के खिलाफ 6-7(5), 6-3, 6-3, 6-1 से जीत हासिल की।

## पीवी सिंधु ने प्री-क्वार्टरफाइनल में रखा कदम तो रेड्डी-शेट्टी की जोड़ी ने भी मचाया धमाल




**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का विजयी अभियान जारी है. सिंधू ने 42 मिनट में दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी लेत्शाना को 21-19, 21-15 से सीधे गेम में हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई. जबकि दूसरी तरह सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की धमाकेदार जोड़ी ने भी मेंस डबल्स में चीनी ताइपे के यांग पो हान और लियू कुआंग हेंग को मात दी। पीवी सिंधू की बात करें तो मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन के खिलाफ मुकाबले में एक समय वह 12-18 से पीछे चल रहीं थी. लेकिन इसके बाद सिंधू ने वापसी करते हुए शानदार खेल दिखाया और लेत्शाना को वापसी का मौका नहीं दिया. जिससे सिंधू ने 21-19, 21-15 से मैच को अपने नाम कर लिया।

## करुण नायर कर्नाटक लौटे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



गुरुवार से भारतीय घरेलू क्रिकेट सत्र (2025-26) की शुरुआत दलीप ट्रॉफी से हो रही है। इसी बीच करुण नायर और विदर्भ क्रिकेट टीम से जुड़ी एक बड़ी खबर आई है। करुण नायर के बारे में यह सूचना बहुत पहले मिली थी कि वह आगामी रणजी सीजन कर्नाटक की तरफ से खेलेंगे। लेकिन, अब विदर्भ क्रिकेट टीम में उनकी जगह कौन लेगा, इसकी पुष्टि हो गई है। करुण नायर पिछले दो घरेलू सीजन से विदर्भ क्रिकेट टीम के लिए खेल रहे थे, लेकिन उन्होंने 2025-26 सत्र के लिए अपनी घरेलू टीम कर्नाटक लौटने का फैसला किया है। विदर्भ क्रिकेट टीम ने करुण की जगह रवि कुमार समर्थ को शामिल करने का फैसला किया है। जैसा प्रदर्शन करुण नायर ने विदर्भ के लिए किया था, उसे देखते हुए विदर्भ टीम में उनकी जगह लेना आसान नहीं है, लेकिन रविकुमार के लिए नई टीम में खुद को साबित करने का यह अच्छा मौका है। समर्थ कर्नाटक से संबंध रखते हैं और इसी टीम के लिए 2013 से 2024 तक खेले हैं। 2024-25 सीजन के लिए वह उत्तराखंड चले गए थे। समर्थ, करुण नायर और गणेश सतीश के बाद विदर्भ के लिए खेलने वाले कर्नाटक के तीसरे क्रिकेटर हैं। करुण नायर का पिछले रणजी सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन रहा था, और उन्होंने विदर्भ को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। करुण ने पिछले रणजी सीजन के 9 मैचों में 863 रन बनाए थे।

## हमारी शांति दु:ख का प्रतीक : आरसीबी

**नई दिल्ली।** आईपीएल इतिहास में विराट कोहली वाली रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल का सूखा समाप्त करके आईपीएल ट्रॉफी पर पहली बार कब्जा जमाया. लेकिन इसके बाद ही चार जून को जब बेंगलुरु में विक्ट्री परेड हुई तो करीब 11 लोगों की जान भगदड़ से चली गई और 33 लोग इसमें घायल भी हो गए. आरसीबी ने अपनी गलती मानते हुए मरने वालों को 10-10 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की थी. जबकि अब 84 दिन बाद फैंस के लिए एक पोस्ट शेयर करके 'आरसीबी केयर्स' राहत कोष शुरू करने का ऐलान किया है. चार जून को होने वाली घटना के तीन महीने बाद आरसीबी ने कोई सोशल मीडिया पोस्ट किया और इसमें जानकारी देते हुए लिखा, हमारा शांत रहना अनुपस्थिति नहीं बल्कि दुख था। ये जगह कभी ऊर्जा, यादों और उन आनंददायक पलों से भरी पड़ी थी। जिनका आपने सबसे ज्यादा आनंद लिया। मगर चार जून के बाद से सबकुछ बदल गया। उस दिन के बाद से खामोशी ने अपनी जगह बना ली थी. इस खामोशी में हम शोक मना रहे थे और सुनकर सीख रहे हैं। धीरे-धीरे हमने सिर्फ एक रिएक्शन से बढ़कर कुछ बनना शुरू कर दिया. अब कुछ ऐसा है जिस पर हम सच में विश्वास करते हैं।



## भारत पर अमेरिकी टैरिफ भेदभावपूर्ण, यूएस की लीडरशीप पर देश का विश्वास कम हुआ : जीके पिल्लई

**एजेंसी। नई दिल्ली**




वाणिज्य मंत्रालय के पूर्व सचिव जीके पिल्लई ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल खरीद को लेकर लगाया गया टैरिफ भेदभावपूर्ण है और इससे अमेरिकी लीडरशीप पर देश का विश्वास काफी कम हुआ है। पिल्लई ने आगे कहा कि रूस के साथ व्यापार तो यूरोप, चीन और अमेरिका स्वयं कर रहा है, लेकिन केवल भारत पर टैरिफ लगाना अनुचित है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए पिल्लई ने कहा, अमेरिकी टैरिफ भारत के 55 प्रतिशत निर्यात पर लागू होंगे और निर्यातक इसे प्रभाव को कम करने के प्रयास कर रहे हैं। इनका सबसे अधिक असर टेक्सटाइल, केमिकल, ज्वेलरी और सीफूड इंडस्ट्री पर होगा। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल इनके प्रभाव का आकलन करना मुश्किल है। इसके प्रभाव के बारे में एक-दो महीने बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पिल्लई ने बताया कि देश का घरेलू बाजार बड़ा है। लग्जरी बाजार भी मजबूत बना हुआ है। ऐसे में निर्यातक घरेलू बाजार में सामान बेचकर अपना नुकसान कम कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार से भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लागू कर दिया है, जिससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, अमेरिका को भारत के फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात को टैरिफ से बाहर रखा गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार वस्त्र, चमड़ा, रत्न और आभूषण जैसे प्रमुख उत्पादों के निर्यात को अन्य देशों में बढ़ाने के लिए निर्यातकों से सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। उच्च शुल्क से प्रभावित व्यवसायों को वित्तीय सहायता देने पर भी विचार किया जा रहा है। इस सप्ताह वाणिज्य मंत्रालय रसायन, रत्न एवं आभूषण सहित कई क्षेत्रों के निर्यातकों से बैठक करेगा ताकि नए बाजारों में निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार किया जा सके। मंत्रालय बजट 2025-26 में घोषित "निर्यात संवर्द्धन मिशन" को भी तेजी से लागू करने की दिशा में काम कर रहा है। एक अधिकारी ने बताया, "अगले 2-3 दिनों में मंत्रालय निर्यात विविधीकरण को लेकर हितधारकों के साथ बैठक करेगा।"

## भारत में औद्योगिक विकास दर जुलाई में चार महीनों के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर रही

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक विकास दर जुलाई में चार महीनों के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर रही है। इसकी वजह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का मजबूत प्रदर्शन करना था। यह जानकारी सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा गुरुवार को दी गई। इससे पहले देश में औद्योगिक विकास दर जून में 1.5 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के मुताबिक कि मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र ने सालाना आधार पर जुलाई में 5.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है।मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र ही देश के विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग संस्थानों से निकलने वाले युवा स्नातकों को गुणवत्तापूर्ण रोजगार प्रदान करता है। जुलाई में बिजली उत्पादन में मामूली 0.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, खनन क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई और भारी मानसूनी बारिश के कारण उत्पादन में (-) 7.2 प्रतिशत की कमी आई है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 23 उद्योग समूहों में से 14 ने पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में जुलाई में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। जुलाई में "मैन्युफैक्चर ऑफ बेसिक मेटल" उद्योग समूह में 12.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें स्टील प्रोडक्ट्स को शामिल किया जाता है। "मैन्युफैक्चर ऑफ इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट" उद्योग समूह में 15.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें स्विचगियर, सर्किट ब्रेकर्स, कंट्रोल पैनल और ट्रांसफॉरमर शामिल किए जाते हैं। वहीं, "मैन्युफैक्चर ऑफ अदर नॉनमिटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स" उद्योग समूह में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, इसमें सीमेंट आदि आता है।

## जेजीयू की भारतीय उच्च शिक्षा में ऐतिहासिक छलांग

**सोनीपत (हरियाणा)।** ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) ने 2025 में 129 नए पूर्णकालिक संकाय सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा की है, जिससे विश्वविद्यालय के कुल संकाय सदस्यों की संख्या बढ़कर 1,100 से अधिक प्रोफेसरों, विद्वानों और चिकित्सकों तक पहुंच जाएगी। यह विस्तार भारतीय उच्च शिक्षा में शैक्षणिक विकास की एक अभूतपूर्व गति को दर्शाता है। 2009 में केवल 10 संकाय सदस्यों के साथ स्थापित, जेजीयू ने अब केवल 16 वर्षों में 100 गुना वृद्धि हासिल की है। यह एक ऐसा परिवर्तन है जो उत्कृष्टता, विविधता और वैश्विक प्रभाव के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और इसे दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ते विश्वविद्यालयों में से एक बनाता है।

## बीएसई ने 8 दिसंबर से एफएंडओ में प्री-ओपनिंग ट्रेडिंग को शुरू करने का प्रस्ताव रखा



**मुंबई।** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने गुरुवार को फ्यूचर्स और ऑप्शंस (एफएंडओ) में प्री-ओपनिंग ट्रेडिंग को 8 दिसंबर से शुरू करने का प्रस्ताव रखा। बीएसई ने बयान जारी कर कहा,"सोमवार, 8 दिसंबर 2025 से इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में इंडेक्स और स्टॉक फ्यूचर्स के लिए प्री-ओपन सेशन शुरू करने का प्रस्ताव है। ट्रेडिंग सदस्यों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि उक्त कार्यक्षमता को शुरू करने के लिए ईटीआई एपीआई या मार्केट डेटा ब्रॉडकास्ट स्ट्रीम में कोई नया बदलाव नहीं होगा।" एक्सचेंज ने बयान में आगे कहा कि बीएसई पहले से ही इक्विटी सेगमेंट में प्री-ओपन सेशन ट्रेडिंग का समर्थन करता है। अब इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में प्री-ओपन सेशन ट्रेडिंग के लिए समान संदेश संरचनाएं और फील्ड परिभाषाएं लागू होंगी। इक्विटी सेगमेंट में प्री-ओपन सेशन ट्रेडिंग की टेस्टिंग 6 अक्टूबर, 2025 को की जाएगी। बीएसई ने सदस्यों और थर्ड-पार्टी फ्रंट-एंड ट्रेडिंग एप्लिकेशन वेंडर्स से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने एप्लिकेशन में परिवर्तन शुरू करें और सुचारू रोलआउट सुनिश्चित करने के लिए उनका परीक्षण करें। दोपहर के कारोबार में बीएसई का शेयर 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,190 रुपए पर था।

हाल ही में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा था कि सेबी इक्विटी डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स का मैच्योरिटी पीरियड बढ़ाने के तरीकों पर विचार कर रही है। बीते कुछ वर्षों में भारतीय शेयर बाजार में तेजी से डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग बढ़ी है और बड़ी संख्या में रिटेल निवेशक इसमें भाग ले रहे हैं। सेबी जोखिम को कम करने के लिए पहले भी डेरिवेटिव्स एक्सपायरी और लॉट साइज की संख्या में बदलाव कर चुका है, जिससे देश में डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग करना पहले के मुकाबले महंगा हुआ है। पांडे ने आगे कहा कि सेबी अब कारपोरेट कार्य मंत्रालय और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ मिलकर एक विनियमित प्लेटफॉर्म स्थापित करेगा, जिसमें सार्वजनिक होने की योजना बना रही गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के बारे में विश्वसनीय जानकारी होगी।

## जल संरक्षण के लिए भारत में दूसरे देशों की नई और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी लाई जा रही हैं : शिवानी घोड़ावत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जल और अपशिष्ट जल प्रबंधन के क्षेत्र में मार्केटिंग सॉल्यूशन प्रोवाइडर 'अर्थ वॉटर फाउंडेशन' की फाउंडिंग मेंबर शिवानी घोडावत ने गुरुवार को कहा कि भावी पीढ़ियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पानी के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए भारत में दूसरे देशों की नई और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी को लाया जा रहा है। '20वें एवरीथिंगअबाउटवाटर एक्सपो 2025' आयोजन के साइडलाइन में मीडिया से बात करते हुए शिवानी ने कहा, "यह एक वार्षिक प्रदर्शनी है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य जल उद्योग, निर्णयकर्ताओं और हितधारकों को एक मंच पर एक साथ लाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वॉटर एंड वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबिलिटी और पानी से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर इनका समाधान खोजना है।" यह एक तीन दिवसीय वैश्विक कार्यक्रम है, जिसमें इजराइल, ईरान, इटली और स्पेन जैसे देशों की भागीदारी रहेगी। उन्होंने एयर से पानी बनाने वाली इजरायली कंपनी एच2ओएलएल कंपनी का जिक्र किया और कहा कि यह कंपनी नमी और हवा से पानी बनाती है। इसी तरह की टेक्नोलॉजी को भारत में लाया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा, "जल के महत्व को कम कर नहीं आंका जा सकता।